धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, शनिवार 11 मई 2024 बैशाख शुक्ल पक्ष 04 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 (कटा हुआ) ● वर्ष : 2, अंक : 32 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 68,000 |
| चांदी (किलो) | 86,000 |

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 36.6 | 27.2 |
| जमशेदपुर | 33.9 | 21.0 |
| डालटनगंज | 38.4 | 22.5 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *

सत्ता संग्राम | लोकसभा चुनाव 2024

खूंटी में केंद्रीय गृह मंत्री ने अर्जुन मुंडा के समर्थन में की सभा, कहा

# कांग्रेस और झामुमो का वोट बैंक घुसपैठिए : अमित शाह

### कांग्रेस और झामुमो को आदिवासी और राम मंदिर विरोधी बताया

**कौशल आनंद। रांची/खूंटी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस-झामुमो का वोट बैंक घुसपैठिए हैं, जो आदिवासियों की हकमारी कर रहे. ये पार्टियां आदिवासी विरोधी और राम मंदिर विरोधी हैं. अब तो राहुल को पीएम बनाने की पैरवी पाकिस्तानी कर रहे हैं. ये बातें शाह ने शुक्रवार को खूंटी के कचहरी मैदान में भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा के दौरान कही.

शाह ने कहा कि 60 साल में कांग्रेस ने आदिवासियों के लिए क्या किया. 60 साल का कांग्रेस का हिसाब और 10 साल मोदी का विकास. इसमें मोदीजी का पलड़ा भारी है. जनता बताए, क्या अयोध्या में राम मंदिर बनना चाहिए था कि नहीं. कांगेस पार्टी और झामुमो 70 साल तक राम मंदिर का अटकाए रखा. मोदी को दूसरा मौका मिला, तो उन्होंने केस जीता और राम मंदिर बनवा कर 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा करा दी.

**खूंटी में कई योजनाएं राज्य सरकार ने रोक रखी है :** शाह ने कहा कि खूंटी में पेयजल की समस्या है. हमने ने वर्ल्ड बैंक के साथ मिल कर काम किया. कॉन्ट्रैक्टर से कमीशन सेट नहीं हुआ, तो झामुमो ने योजना बंद कर दी. भारत माला पथ का निर्माण नहीं होने दिया. रक्षा यूनिवर्सिटी का निर्माण भी रोक दिया. - शेष पेज 11 पर



**आदिवासियों को सबसे बड़ा खतरा घुसपैठियों से**

शाह ने कहा कि झामुमो और कांग्रेस का वोट बैंक घुसपैठिये हैं. ये आदिवासियों की जमीन छीनने वाले लोग हैं. पूरे झारखंड में आदिवासी भाइयों और बहनों को पता चले या नहीं, सबसे बड़ा खतरा घुसपैठियों से हैं. आदिवासी गांवों में बस्तियां बना रहे हैं. आदिवासी बेटियों से शादी कर रहे हैं. इनको कोई रोक सकता है, तो बीजेपी रोक सकती है. झामुमो-कांग्रेस डेमोग्राफी नहीं बदलना चाहते हैं. इसे रोकना है, तो तो पीएम के हाथ मजबूत कीजिए.

## किसी में दम नहीं जो आरक्षण खत्म कर दे

**गोड्डा/दुमका।** संथाल की दो सीटों पर शुक्रवार को भाजपा की तरफ से गोड्डा से निशिकांत दुबे और दुमका से सीता सोरेन ने अपना-अपना पर्चा दाखिल किया. गोड्डा में निशिकांत के समर्थन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रोड शो और दुमका में सीता सोरेन के लिए चुनावी सभा को संबोधित किया.

राजनाथ सिंह ने दुमका के यज्ञ मैदान में चुनावी सभा में कहा, विपक्ष भाजपा के ऊपर आरक्षण खत्म करने का झूठा आरोप लगा रहा है. लेकिन मैं कहता हूं कि आरक्षण कभी खत्म नहीं होने देंगे. किसी माई के लाल में दम नहीं कि आरक्षण खत्म कर दे. उन्होंने आदिवासी समाज के लोगों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि आपका आरक्षण कोई खत्म नहीं कर सकता है. उन्होंने कहा, भारत की आजादी में आदिवासी समाज ने बड़ी भूमिका निभाई. पीएम मोदी के कारण देश आगे बढ़ रहा. कोई भ्रष्टाचारी मोदी की नजर से बचेगा नहीं. कांग्रेस की सरकार में भ्रष्टाचार हावी रहा. हम भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कुछ कहते हैं तो ये लोग कहते हैं हमने गलत किया. अगर कोई गलत किया होगा तो हमारे खिलाफ कार्रवाई होगी. आप हाईकोर्ट जाइए, सुप्रीम कोर्ट जाइए. हमलोग किसी को जाति धर्म के आधार पर नहीं बांटते हैं. झामुमो की सरकार ने आपके साथ भेदभाव किया है. झामुमो को उसके किये की सजा मिल कर रहेगी. -शेष पेज 11 पर



निशिकांत-सीता सोरेन के नामांकन में शामिल हुए राजनाथ, रोड और सभा की

नलिन व विजय हासंदा ने भरा पर्चा, सीएम, कल्पना सहित कई नेता हुए शामिल

# भाजपा सबसे बड़ी बहुरूपिया सावधान रहें : चंपाई सोरेन

### झूठी और जुमलेबाज भाजपा को वोट मांगने का कोई अधिकार नहीं

**संवाददाता। दुमका/साहिबगंज**

दुमका से झामुमो के नलिन सोरेन और राजमहल से विजय हांसदा ने शुक्रवार को अपना-अपना पर्चा दाखिल किया. इसके बाद आउटडोर स्टेडियम और साहिबगंज के रेलवे मैदान में सभा हुई. सभा में सीएम चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, आलमगीर आलम, बन्ना गुप्ता, पत्रलेख, स्टीफन, फुरकान अंसारी, प्रदीप यादव, दीपिका पांडेय समेत गठबंधन के कई नेता शामिल हुए.

सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि देश में भाजपा की सरकार झूठी है. 10 साल तक झारखंड के आदिवासी, पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यकों के साथ धोखा किया है. झूठी व जुमलेबाज भाजपा को वोट मांगने का अधिकार नहीं. 2014 में तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह के समय गैस सिलिंडर 400 का था, तब वोट मांगने के दौरान चिल्ला- चिल्ला कर भाजपा वालों ने कहा कि महंगाई कम करेंगे, दो करोड़ युवा को हर साल नौकरी देंगे, कालाधन वापस लाएंगे, हर परिवार को नौकरी देंगे. आज तक मोदी की एक भी घोषणा सच साबित नहीं हुई. भाजपा बड़ी बहुरूपिया पार्टी है, इससे सावधान रहना है. 2019 में हेमंत की सरकार बनी.तभी कोरोना आ गया.तब भी उन्होंने अच्छा काम किया.



**दुमका सीट बाबा (गुरुजी ) की है, इसे वापस लाना है**

इस मौके पर कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा कि बाबा (गुरुजी शिबू सोरेन) के लिए दुमका को वापस ले लेना है. आप लोग ताकत दिखाएं एक जून को. आपलोगों ने हेमंत जी का नया रूप देख ही लिया है. कैसे लग रहे थे ओ, वो शेर हैं ना... तो यहां पर आप कौन हैं, आप भी शेर हैं. आपको अपना रूप दिखाना होगा. हेमंत जी को जेल भेजने का बदला आपको वोट के जरिए लेना है. आप वोट एक जून को करेंगे, इसका जवाब चार जून को मिलेगा. पूरे झारखंड में 14 के 14 सीट इंडिया गठबंधन के झोली में डालना है.

### मोदी अब खुद पोल खोलने में जुटे : राजेश ठाकुर

राजेश ठाकुर ने कहा कि जनता का रुझान इंडिया गठबंधन उम्मीदवारों के पक्ष में है. यहां की सारी सीटें हमारी झोली में जनता देने को तैयार है. जनता अपने मुद्दों को लेकर मुखर है और खुद भ्रष्ट मोदी सरकार के सामने खड़ी हो गई है. जिस अंबानी-अडानी के भ्रष्टाचार पर कांग्रेस लड़ती रही और मोदी उन्हें बचाते रहे, उसकी पोल मोदी स्वयं खोल रहे हैं. हेमंत के नेतृत्व में सरकार ने विकास की जो गाथा चार वर्षों में लिखी, उसे चंपाई सोरेन के नेतृत्व में आगे बढ़ाया जा रहा है.

#### दुमका लाखों वोटों से जीतेंगे: हेमलाल मुर्मू

पूर्व सांसद हेमलाल मुर्मू ने कहा कि दुमका सीट झामुमो लाखों वोटों से जीतेगा. उन्होंने कहा, भाजपा नेता बाबूलाल जवाब दें कि सेना घोटाले से जुड़े व्यवसायी विष्णु अग्रवाल को केंद्रीय वित्तीय मंत्री निर्मला सीतारमण से क्यों मिला रहे थे उनसे गुलदस्ता दिलवा रहे थे.

#### संथाल की तीनों सीट जीतनी है: दीपिका

दीपिका पांडेय ने कहा कि संथाल की तीनों सीट जीत कर महागठबंधन की झोली में डालना है. केजरीवाल को कोर्ट ने रिहाई दी इसका मतलब हेमंत सोरेन भी जल्द निकलने वाले हैं. राज्य की 14 लोकसभा व गांडेय विस को जीत कर इंडिया गठबंधन व हेमंत सोरेन की झोली में डालना है.

#### राहुल गांधी के नेतृत्व में बनेगी सरकार: प्रदीप

प्रदीप यादव ने कहा कि गठबंधन को जिताना है. एक तरफ गरीब, किसान, नौजवान, महिलाएं, आदिवासी, दलित व पिछड़े, मजदूर हैं तो दूसरी ओर मुट्ठी भर अमीर. जिनके इशारे पर मोदी सरकार चल रही है. चुनाव में संकेत मिल रहा है कि देश में राहुल गांधी के नेतृत्व में सरकार बनेगी.

**ब्रीफ खबरें**

#### सोमवार से खुलेंगे बच्चों के स्कूल, आदेश जारी

**रांची।** झारखंड में मौसम में बदलाव से गर्मी से कुछ राहत मिली है. इसे देखते हुए केजी से लेकर 8वीं तक की सभी कक्षाएं 13 मई से संचालित होंगी. इस बाबत स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने आदेश जारी कर दिया है. आदेश में कहा गया कि सभी सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त व गैर सहायता प्राप्त समेत सभी निजी स्कूल फिर से सोमवार से खोले जाएंगे.

#### बृजभूषण पर आरोप तय करने का आदेश

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक कोर्ट ने भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया है. यह भी कहा कि इस मामले में बृजभूषण पर आरोप तय करने के लिए काफी सबूत हैं. बृजभूषण पर महिला पहलवानों से यौन उत्पीड़न का केस चल रहा है. इसी मामले में कोर्ट ने उन पर आरोप तय करने की बात कही है.

#### केदारनाथधाम के कपाट खुले, जागे भोलेनाथ

**केदारनाथ।** विश्व प्रसिद्ध भगवान केदारनाथ धाम के कपाट वैदिक मंत्रोचार और विधि विधान के साथ शुक्रवार को आम श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए. सुबह 7 बजे मंदिर के कपाट खुलते ही भक्तों के जय बाबा केदार के जयकारों के साथ दर्शन शुरू हुए. कपाट खोलने के मौके पर हेलीकॉप्टर द्वारा मंदिर में फुल बरसाए गए.

# जेल से रिहा हुए केजरीवाल

### दो जून को करना होगा सरेंडर, चुनाव नतीजे जेल से ही जानेंगे

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उन्हें चुनाव में प्रचार के लिए एक जून तक अंतरिम जमानत दे दी.न्यायमूर्ति संजीव खन्ना व दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि धनशोधन मामले में गिरफ्तार केजरीवाल को दो जून को सरेंडर करना होगा और जेल वापस जाना होगा. इस बीच देर शाम अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल से बाहर आ गये. कार्यकर्ताओं ने अपने नेता का जोरदार स्वागत किया.

सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने केजरीवाल के वकील अभिषेक सिंघवी के इस अनुरोध को नहीं माना कि 5 जून तक जमानत दी जाए. ईडी की ओर से एसजेआई तुषार मेहता और एएसजे एस वी राजू ने चुनाव प्रचार के लिए केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने का विरोध किया और कहा कि ऐसा कोई पूर्व उदाहरण नहीं है. कोर्ट ने कहा, 21 दिन के लिए अंतरिम जमानत देने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा.

**आज कनॉट प्लेस पर आना, वहीं बोलूंगा:** तिहाड़ जेल के बाहर केजरीवाल ने कहा, मैं तानाशाही के खिलाफ तन, मन, धन से लड़ाई कर रहा हूं, लेकिन 140 करोड़ लोगों को इससे लड़ना होगा. आप सबके बीच अच्छा लग रहा. शनिवार की सुबह 11 बजे कनॉट प्लेस हनुमान मंदिर में मिलेंगे. शनिवार को एक बजे दिन में प्रेस कॉन्फ्रेंस करूंगा. सभी लोग हनुमान मंदिर आना. वहीं मुलाकात होगी.



**सुप्रीम कोर्ट ने लगाईं ये हैं शर्तें**

- **केजरीवाल को दो जून को जेल में लौटना होगा.**
- 50 हजार रुपये का मुचलका भरना होगा.
- **केजरीवाल आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अपनी भूमिका पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकेंगे.**
- वे किसी भी आधिकारिक फाइल पर तब तक दस्तखत नहीं करेंगे, जब तक कि मामला एलजी से मंजूरी हासिल करने जितना जरूरी न हो.
- **केजरीवाल मुख्यमंत्री कार्यालय और दिल्ली सचिवालय में नहीं जाएंगे.**
- **वे किसी भी गवाह से बात नहीं कर सकेंगे और मामले से जुड़े आधिकारिक दस्तावेजों को नहीं देख सकेंगे.**

#### सुप्रीम कोर्ट ने ये टिप्पणियां कीं

1. केजरीवाल को दी गई अंतरिम जमानत को उनके खिलाफ मामले से जुड़े गुण-दोष पर दी गई राय न माना जाए.
2. केजरीवाल के खिलाफ गंभीर आरोप हैं, लेकिन वे अब तक दोषी करार नहीं दिए गए हैं.
3. उनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है, न ही वे समाज के लिए खतरा हैं.
4. लोकसभा चुनाव के मद्देनजर समग्र और उदार दृष्टिकोण उचित है.
5. केजरीवाल डेढ़ साल तक बाहर थे. उन्हें (ईडी द्वारा) पहले या बाद में गिरफ्तार किया जा सकता था, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ.

#### क्या अब हेमंत सोरेन को भी मिलेगी राहत?

केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत के बाद अब ये कयास शुरू हो गये हैं कि क्या पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को भी जमानत मिलेगी? हेमंत ने भी सुप्रीम कोर्ट में जमानत की मांग करते हुए याचिका दाखिल की है. उनके वकील कपिल सिब्बल ने याचिका दाखिल करते हुए कहा कि उन्हें चुनाव में झामुमो के उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करना है. कोर्ट ने इस याचिका पर 13 मई को सुनवाई करने को कहा है. अब सोमवार को तय होगा कि क्या हेमंत भी जेल से बाहर आएंगे या फिर उन्हें अभी कुछ समय तक और जेल में रहना होगा.

# अडानी-अंबानी: राहुल हमलावर, मोदी चुप

**सुरजीत सिंह**

**त्वरित टिप्पणी**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने दो दिन पहले अडानी-अंबानी का नाम लिया. संभवतः 10 सालों में पहली बार. शीर्ष के दोनों उद्योगपतियों पर ब्लैक मनी (काला धन) कांग्रेस को देने का आरोप लगाया. कहा- टेंपो से बोरे में भर-भर कर कांग्रेस को नोट पहुंचाया गया. प्रधानमंत्री मोदी के इस बयान के बाद कांग्रेस आक्रामक है और भाजपा में चुप्पी है. कांग्रेस के राहुल गांधी समेत अन्य नेता बयान रहे हैं, चुनौती दे रहे हैं, प्रधानमंत्री जी ईडी, सीबीआई या इनकम टैक्स को भेजिए. भाजपा के नेता कुछ नहीं बोल रहे. यह भी पहली बार हो रहा है कि राहुल गांधी के बयान पर भाजपा नेता प्रतिक्रिया नहीं दे रहे हैं. गुरुवार को गुरुवार को पीएम मोदी ने कोई रैली नहीं की. कांग्रेस ने इस पर भी सवाल उठाया. लेकिन भाजपा के नेता अब भी चुप ही हैं. आम तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगर कोई मुद्दा उठाते हैं, उसके बाद अमित शाह, जेपी नड्डा समेत भाजपा के दूसरे नेता अपनी सभाओं में उस मुद्दे को जरूर बोलते हैं. गुरुवार को ऐसा भी कुछ नहीं हुआ. उल्टे कांग्रेस की तरफ से बयान आया कि सांप सूंघ गया है. यहां तक कहा गया कि नौ मई को कोई झूठ नहीं बोला गया.

शुक्रवार को प्रधानमंत्री की तीन रैलियां हुईं. इस टिप्पणी को लिखते वक्त तक वह महाराष्ट्र में सभा को संबोधित कर चुके थे. उन्होंने अडानी-अंबानी का ना तो नाम लिया और ना ही दो दिन पहले दिए बयान पर कुछ कहा. वह हिंदू-मुस्लिम, ओबीसी से आगे नहीं बढ़े. तेलंगाना के महबूबनगर में भी मोदी ने अडानी-अंबानी पर कुछ नहीं बोला. दूसरी तरफ यूपी के कन्नौज की सभा और इसके बाद कानपुर में राहुल गांधी ने अडानी-अंबानी का नाम लिया. कहा कि हार के डर से मोदी अडानी-अंबानी का नाम ले रहे हैं. उनको तो यह भी पता है कि अडानी जी कौन से टेंपो में पैसा भेजते हैं. यह मोदी का पर्सनल एक्सपीरिएंस है. असल में मोदी लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं. एक ही मुद्दा है. संविधान. गरीबों, किसानों, मजदूरों को इसी संविधान ने अधिकार दिया है. हम वह अधिकार आप सबको देकर रहेंगे.

कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि दो दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक ऐसी बात कही, जिसकी पुष्टि तथ्यों से नहीं होती. पिछले सात-आठ सालों से जो दो नाम मोदी के साथ चिपक गया था, उसे दूर करने की कोशिश की. हालांकि इस दौरान उन्होंने दोनों बड़े उद्योगपतियों को ब्लैक मनी रखने का आरोप जरूर लगा दिया. प्रधानमंत्री के स्तर से लगाया गया यह आरोप गंभीर है. बहरहाल, इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री और भाजपा ने चुप्पी साध कर डैमेज कंट्रोल करते नजर आ रहे हैं.






## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** पराक्रम में वृद्धि से सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी. कोई बड़ा कार्य होगा, जिससे मन खुश होगा. भाई बहन के सहयोग का समय है. प्रसन्नता में वृद्धि होगी. प्रमाद न करें. रोजगार में वृद्धि होगी. मेहनत का फल भरपूर प्राप्त होगा.

**वृषभ** धन के लिए किया गया प्रयास सफल होगा. निवेश शुभ रहेगा. नौकरी में कुछ प्रतिकूलता रह सकती है. व्यवसाय ठीक चलेगा. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. अतिथियों का आगमन होगा. उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी.

**मिथुन** प्रसन्नता रहेगी. दूसरों के झगड़ों में न पड़ें. परिवार के किसी सदस्य की चिंता रहेगी. व्यावसायिक यात्रा पूर्णतः सफल रहेगी. रोजगार में वृद्धि होगी. आपके कर्म और प्रभाव से आय बढ़ेगी. भेंट व उपहार की प्राप्ति हो सकती है.

**कर्क** व्यय-वृद्धि से तनाव रहेगा. विवाद को बढ़ावा न दें. पुराना रोग उभर सकता है. आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है. अपरिचित व्यक्तियों पर अतिविश्वास न करें. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. कोई बाहरी व्यक्ति से शुभ समाचार मिलेगा.

**सिंह** भाग्य का साथ मिलेगा. यात्रा से लाभ होगा. उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे. उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे. निवेश शुभ रहेगा. झंझटों में न पड़ें. भाग्य का साथ मिलेगा. प्रमाद से बचें. लाभ में वृद्धि होगी. माता दुर्गा को चुनरी अर्पण करें.

**कन्या** िता से लाभ होगा. कर्म करने का समय है. कार्य सफल रहेगा, जिसका भविष्य में लाभ मिलेगा. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है. काम में मन लगेगा. जल्दबाजी से बचें. किये गये कार्य से आय में वृद्धि होगी.

**तुला** ससुराल से शुभ समाचार मिलेगा. कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे. उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. जोखिम लेने का साहस कर पाएंगे. आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं. उच्चाधिकारी के कोपभाजन बन सकते हैं. गणेश जी का पूजन-ध्यान करें.

**वृश्चिक** किसी से विवाद हो सकता है. सोच विचार कर ही बोलें. कुसंगति से हानि होगी. दूसरों से अपेक्षा न करें. जल्दबाजी से बाधा संभव है. चिंता तथा तनाव रहेंगे. व्यवसाय ठीक चलेगा. आय-व्यय बराबर रहेगा. नवार्ण मंत्र का जाप करें.

**धनु** अपनों के सहयोग से लाभ होगा. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. राजकीय काम बनेंगे. किये गए कार्य से प्रसन्नता रहेगी. कोई छोटा निवेश शुभ रहेगा. यात्रा मनोरंजक रहेगी. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. प्रसन्नता रहेगी.

**मकर** रोग शोक से बचें. नौकरी में सामंजस्य बैठाएं. निवेश शुभ रहेगा. भ्रम की स्थिति बन सकती है. कार्य और व्यवसाय ठीक चलेगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. किसी बात को लेकर बहस से बचें. अपनों से बिगाड़ न करें. मंदिर में झाड़ू का दान करें.

**कुंभ** संतान से लाभ मिलेगा. पिकनिक का आनंद मिलेगा. नौकरीपेशा विवेक से कार्य करें. लाभ होगा. बड़ों से मार्गदर्शन लें. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. कार्य पर ध्यान दें तथा आलस का त्याग करें. शनि को खुश करें.

**मीन** माता को कष्ट होगा. दूसरों से अपेक्षा दुःख का कारण बनेगा. जोखिम और जमानत के कार्य टालें. व्यवसाय ठीक चलेगा. कार्य होगा, जिससे आगे लाभ होगा. परिवार के किसी सदस्य की चिंता रहेगी. दुर्गा माता को लाल फूल अर्पण करें.

## निशिकांत दुबे को राहत, दर्ज केस रद्द

**रांची।** गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है. हाईकोर्ट के



न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने देवीपुर थाना में निशिकांत दुबे के के खिलाफ दर्ज उस प्राथमिकी को निरस्त कर दिया है, जिसमें उनपर मस्जिद के सामने धार्मिक नारा लगाने का आरोप था. निशिकांत की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और अधिवक्ता पार्थ जालान ने बहस की. बता दें कि निशिकांत दुबे के खिलाफ देवघर के देवीपुर थाना में कांड संख्या 178/21 दर्ज किया गया था. जिसे निरस्त करने के लिए उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था.

## देवेंद्र महतो को कोर्ट से मिली बेल

**रांची।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के रांची



लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो को रांची सिविल कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. शुक्रवार को कोर्ट ने उन्हें सशर्त जमानत की सुविधा प्रदान की है. तीन मई को देवेंद्र नाथ महतो को लालपुर पुलिस ने समाहरणालय परिसर से नामांकन भरने से पूर्व गिरफ्तार लिया था. देवेंद्र की गिरफ्तारी लालपुर थाना में दर्ज कांड संख्या 251/2021 में हुई थी. यह मामला जेपीएससी परीक्षा परिणाम के विरोध में हुए प्रदर्शन के दौरान दर्ज हुआ था.

## हटिया-झारसुगुड़ा आठ दिन रहेगी रद्द

**रांची।** रांची रेल मंडल के कुरकुरा-ओरगा रेलखंड पर विकास कार्य हेतु ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया जाना



है. ट्रैफिक और पावर ब्लॉक के कारण दो ट्रेनें रद्द रहेंगी. रेलवे की ओर से शेड्यूल जारी कर दिया गया है. ट्रेन संख्या 18175/18176 हटिया- झारसुगुड़ा-हटिया मेमू एक्सप्रेस ट्रेन 13 से 15 , फिर 19 से 22 मई और 26 मई को रद्द रहेगी.

# सुप्रीम कोर्ट ने निष्पादित की हेमंत की याचिका, कहा-याचिका निरर्थक है

संवाददाता। रांची/दिल्ली

लैंड स्कैम के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने निष्पादित कर दिया है. शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि अब यह याचिका निरर्थक है. पिछली सुनवाई में कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी किया था. सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई. दरअसल पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एसएलपी (स्पेशल लीव पीटीशन) दाखिल कर अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी. जिसपर फैसला आने में देर होता देख हेमंत सोरेन ने शीर्ष अदालत का रूख किया था, लेकिन इस बीच 29 अप्रैल को हाईकोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी. जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री ने अपनी जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया है. जिसपर 13 मई को फैसला आएगा. पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं.



### डीड राइटर इरशाद, संजीत और तापस घोष भेजे गये जेल, रिमांड पर आदेश सोमवार को

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से जुड़े लैंड स्कैम मामले में ईडी ने हजारीबाग के डीड राइटर इरशाद और कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मी तापस घोष और संजीत कुमार को शुक्रवार को कोर्ट के समक्ष पेश किया. कोर्ट में पेशी के दौरान ईडी ने तापस, संजीत और इरशाद अख्तर को रिमांड पर लेकर पूछताछ करने का आग्रह किया है. इसके बाद कोर्ट ने तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया. वहीं इनकी रिमांड पर अब कोर्ट सोमवार को फैसला सुनायेगी. अगर ईडी को तीनों की रिमांड मिलेगी तो वो उनसे जमीन घोटाला मामले में पूछताछ करेंगे. बता दें कि ईडी ने गुरुवार को तीनों को समन भेजकर रांची स्थित जोनल कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया था. कई घंटों तक चली पूछताछ के बाद देर रात तीनों की गिरफ्तार कर लिया गया था.

## हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर पीएमएलए कोर्ट का फैसला 13 को

**रांची।** लैंड स्कैम केस के आरोपी व झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट 13 मई को फैसला सुनायेगी. कोर्ट हेमंत सोरेन को जमानत देता है या फिर उनकी याचिका खारिज करता है, यह देखना महत्वपूर्ण होगा. इससे पहले 4 मई को सुनवाई के दौरान हेमंत सोरेन और ईडी की ओर से लगभग एक घंटे से ज्यादा समय तक हुई बहस के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. बहस के दौरान एक तरफ बचाव पक्ष यानी हेमंत सोरेन की ओर से उन्हें जमानत देने के लिए दलीलें पेश की गयी. वहीं दूसरी तरफ ईडी की ओर से उनकी दलीलों का पुरजोर विरोध किया गया था.

### हेमंत सोरेन ने लगायी है जमानत की गुहार

दरअसल जेल में बंद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने अपनी जमानत के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से जमानत याचिका दाखिल की है. इस केस के प्रमुख आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं. हेमंत सोरेन को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 30 जनवरी की रात सीएम पद से इस्तीफा देने के बाद गिरफ्तार कर लिया था. इसी केस में अफसर अली, अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद को भी ईडी गिरफ्तारी कर चुकी है. बता दें कि हेमंत सोरेन ने रांची PMLA कोर्ट के अलावा झारखंड हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में भी जमानत की गुहार लगायी है.

### पूर्व सीएम को नोटिस, ईडी के खिलाफ एससी-एसटी केस में रोक बरकरार

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने ईडी के अधिकारियों द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश क्या है. साथ ही अदालत ने ईडी के अधिकारियों के खिलाफ रांची पुलिस द्वारा 41ए के तहत दिये गये नोटिस पर रोक के आदेश को अगली सुनवाई तक विस्तार दिया है. दरअसल तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा दर्ज एससी–एसटी केस में ईडी के अधिकारियों को 41ए का नोटिस भेजा गया था. रांची पुलिस ने ईडी अधिकारियों के साथ–साथ मीडिया समूहों को भी नोटिस भेज कर जानकारी मांगी थी. ईडी अधिकारियों ने रांची पुलिस के नोटिस के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी. जिस पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में सुनवाई हुई. ईडी की ओर से लोक अभियोजक अमित कुमार दास ने बहस की. वहीं राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता विनीत वशिष्ठ ने बहस की.

### पलामू लोकसभा : हर पार्टी की जीत के अलग-अलग दावे, निर्दलीय भी लगा रहे हैं जोर

# राजद-भाजपा में सीधी टक्कर

अरुण कुमार सिंह ।रांची/ मेदिनीनगर

अनुसूचित जाति के आरक्षित पलामू संसदीय सीट के लिए 13 मई को मतदान होगा. यहां अब तक की जो स्थिति नजर आ रही है, उसके अनुसार भाजपा और राजद में सीधी टक्कर है. पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा इस बार बसपा से चुनाव लड़ रहे हैं और वे मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं. पहले की तरह इस बार भी निर्दलीय प्रत्याशी वोटों को समीकरण बिगाड़ पाते हैं या नहीं, यह चुनाव परिणाम के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा. हालांकि अबतक इसके आसार कम ही नजर आ रहे हैं.

**छह विधानसभा क्षेत्र, विधायकों की इज्जत दांव पर :** अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व पलामू लोकसभा में छह विधानसभा डालटनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा और भवनाथपुर में से चार विस डालटनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर और भवनाथपुर में भाजपा के विधायक हैं. वैसे तो पलामू लोस से नामांकन तो बीडी राम ने किया है, लेकिन अपने -अपने विधानसभा क्षेत्र में चुनाव विधायक ही लड़ रहे हैं. सभी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है. सभी को इस बात का भी डर सता रहा है कि अगर वे अपने विधानसभा क्षेत्र में पिछड़े या भाजपा का प्रदर्शन उनके विस क्षेत्र में 2019 से खराब रहा, तो आनेवाले विधानसभा चुनाव में टिकट मिलना मुश्किल हो जाएगा. 'करो या मरो' वाली स्थिति में हर विधायक जोर लगा रहे हैं. वहीं, हुसैनाबाद से एनसीपी के विधायक फिलहाल एनडीए के साथ हैं. उनके दो चुनावी प्रतिद्वंद्वियों में से एक भाजपा के ही साथ हैं. सिर्फ एक सीट (गढ़वा) पर झामुमो का कब्जा है, जहां के विधायक वर्तमान सरकार के मंत्री मिथिलेश ठाकुर हैं .



### 2019 के चुनाव में भाजपा ने राजद को 4.77 लाख वोट से हराया था

**2019 के** लोकसभा चुनाव में विष्णु दयाल राम को पलामू लोकसभा के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त मिली थी. उन्होंने राजद प्रत्याशी घूरन राम को 4,77,509 वोटों से हराया था. इस चुनाव में भाजपा को कुल 7,55,559 वोट और राजद को 2,78,053 वोट मिले थे.

**भाजपा प्रत्याशी** विष्णु दयाल राम को डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र में 1,45,935 वोट, विश्रामपुर में 1,18,583 वोट, छतरपुर में 1,00,026 वोट, हुसैनाबाद में 94,858 वोट, गढ़वा में 1,37,947 वोट और भवनाथपुर में 1,55,791 वोट मिले थ .

**राजद प्रत्याशी** घूरन राम को डालटनगंज में 46,842 वोट, विश्रामपुर में 39,379 , छतरपुर में 39,565, हुसैनाबाद में 39,410, गढ़वा में 60,694 और भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में 51,077 वोट मिले थे .

### क्या है मतदाताओं का मिजाज ?

मतदाताओं का मिजाज समझ पाना पहले भी आसान नहीं था और इस बार भी नहीं है. इस चुनावी परिदृश्य में एक चीज जो साफ तौर पर दिख रही है, वह यह कि इस बार राजनीतिक खेमे में जातियों का जिस तरह से ध्रुवीकरण हुआ है, गोलबंदी हुई है, वह 2000–2010 के बीच संपन्न हुए चुनावों की याद दिला रही है. इस बार साईलेंट मतदाता खेमा भी मुखर है. लेकिन ग्रामीण मतदाता चुनाव को लेकर बहुत उत्साहित नहीं हैं. इन स्थितियों के बीच मतदान के बाद ही पता चलेगा कि यह चुनावी ऊंट किस करवट बैठेगा?

### अपने-अपने दावे

#### आखिर राजद को क्यों है जीत का भरोसा

राजद और इंडिया गठबंधन के नेताओं का दावा है कि मूल रूप से पलामू की रहने वाली ममता भुइयां को स्थानीय होने का लाभ मिलेगा. चूंकि वे भुइयां जाति से आती हैं, इसलिए भरोसा है कि भुइयां जाति के लोग उनको वोट करेंगे. नेताओं का कहना है कि पिछली दफा के मुकाबले इस बार सत्ता पक्ष के लिए एंटी इनकमबेक्सी फैक्टर ज्यादा है, जिसका फायदा मिलने की उम्मीद राजद खेमे को है. गठबंधन के नेताओं का यह भी दावा है कि इस बार कुछ सवर्ण वोटर भाजपा से नाराज हैं और पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी चतरा से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं, तो राजद को कुछ स्वर्ण वोटों की भी उम्मीद है. इस बार यादव और मुस्लिम वोटर पूरी तरह से राजद के साथ है. इनके वोट में बिखराव नहीं होने और भुइयां सुमदाय का प्रत्याशी होने के कारण भुइयां वोटों पर ज्यादा रोसा है. राजद नेताओं का कहना है कि पलामू की बदहाली, पिछड़ापन, पलायन और अन्य समस्या जस की तस हैं, जो मतदाताओं को राजद के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करेंगी.

#### भाजपा को क्यों उम्मीद है चुनाव जीतने का

भाजपा नेताओं का कहना है कि पीएम मोदी के नाम और राष्ट्रवाद के मुद्दे पर वे फिर से चुनाव जीतेंगे.पूर्व डीजीपी रहे वीडी राम ने अपने पहले पांच साल के कार्यकाल में अपनी छवि पर दाग लगने नहीं दिया. हमेशा जनता के बीच रहे. झूठे आश्वासन और राजनीतिक बयानबाजी से दूरी बनाये रखी. संसद में उनकी जोरदार उपस्थिति (89%) रही . उन्होंने 79 वाद–विवादों में भाग लिया, 317 प्रश्न पूछे. उनके कार्यकाल में एनएच 98 और 75 को फोरलेन में बदला गया और अन्य सड़कें फोरलेन हो रही हैं. भाजपा खेमे का मानना है कि हर बूथ पर, हर गांव और हर घर में उनके कार्यकर्ता हैं, इसलिए उनकी जीत पक्की है . पिछले चुनाव में करीब पौने पांच लाख वोटों के अंतर से जीत का आंकड़ा बताते हुए भाजपा के नेता दावा करते हैं कि इस चुनाव में भी स्थितियां जस की तस हैं. बहुत होगा तो जीत का अंतर कुछ कम होगा. लेकिन जीत तय है.

## पासवा ने राज्य में स्कूल खोले जाने पर सीएम के प्रति आभार जताया

**रांची।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) ने झारखंड में गर्मी के बाद बंद किए गए स्कूलों को पुनः खोलने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को धन्यवाद दिया है. संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शमायल अहमद ने नये सत्र के पाठ्यक्रम एवं बच्चों का उज्जवल भविष्य व शिक्षा बाधित न हो इसे ध्यान में रखते हुए स्कूल खोलने का आदेश देने का आग्रह मेल भेज कर किया था. राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार पासवा की झारखंड शाखा के अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे व किशोर शाहदेव ने गुरुवार को शिक्षा सचिव से मिल कर ज्ञापन सौंपा था. पासवा के आग्रह पर संयुक्त सचिव ने 13 मई से समयसारणी में बदलाव कर दिशानिर्देश देते हुए स्कूल खोलने का आदेश दे दिया है.

## आदिवासी छात्र संघ ने लोस चुनाव पर की चर्चा

**रांची।** करमटोली स्थित आदिवासी छात्र संघ के केंद्रीय कार्यालय में शुक्रवार को आदिवासी छात्र संघ की बैठक हुई, जिसमें लोकसभा चुनाव पर चर्चा हुई. बैठक की अध्यक्षता सुशील उरांव ने की. उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव के वक्त तो हर राजनीतिक पार्टी आदिवासी हितों की बात करती है, लेकिन चुनाव जीतने के बाद आदिवासी मुद्दों के प्रति उदासीन हो जाती हैं. आदिवासियों को कोई भी मसला उन्हें यागद नहीं रहता है. आदिवासी समाज को पांचवी अनुसूची, पेसा कानून, सरना धर्म कोड, रोजी-रोजगार जैसे विषयों को ध्यान पर रखकर वोटिंग करना होगा.

## मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी उषा मार्टिन के एमडी की याचिका पर फैसला सुरक्षित

संवाददाता। रांची

मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी उषा मार्टिन के एमडी राजीव झंवर की अग्रिम जमानत याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है. सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है. अब अदालत 14 मई को अपना फैसला सुनाएगा. इससे पहले हुई सुनवाई में हाइकोर्ट ने राजीव झंवर के खिलाफ किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया था. पिछले वर्ष 9 अक्टूबर को रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट ने राजीव झंवर को राहत नहीं देते हुए उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी. जिसके बाद राजीव झंवर ने ईडी कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए हाइकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उषा मार्टिन के खिलाफ 190 करोड़ रुपए से जुड़े आयरन ओर के केस में ईडी कोर्ट में चार्जशीट दायर कर दी है. उषा मार्टिन ग्रुप और उसके अधिकारियों के खिलाफ आयरन ओर की खदान में गड़बड़ी करने को लेकर शुरुआत में सीबीआई ने केस दर्ज किया था. जिसे टेकओवर करते हुए दो अक्तूबर 2021 को ईडी ने प्राथमिकी दर्ज की थी. यह केस घाटकुरी माइंस में लीज से ज्यादा आयरन ओर के खनन से जुड़ा हुआ है. इसी मामले में उषा मार्टिन के जीएम प्रमोद कुमार फतेपुरिया समेत अन्य लोग आरोपी हैं. इससे पहले राजीव झंवर ने ट्रायल कोर्ट में व्यक्तिगत पेशी से छूट के लिए हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसे हाइकोर्ट ने ख़ारिज कर दिया था.

## विस अध्यक्ष के खिलाफ आयोग पहुंची भाजपा

**रांची।** भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को चुनाव आयोग पहुंच कर विस अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो पर कथित तौर पर चुनाव प्रचार करने का आरोप लगाते हुए आपति दर्ज करायी. भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि गांडेय विस उपचुनाव को लेकर जिस तरह विस अध्यक्ष संवैधानिक पद का माखौल उड़ा रहे हैं, वो किसी भी तरह से विधिसम्मत नहीं है. नियमानुसार विस अध्यक्ष किसी पार्टी के सदस्य नहीं होते हैं और विस अध्यक्ष चुनाव प्रचार नहीं कर सकते. प्रतिनिधिमंडल ने एक वीडियो भी अध्यक्ष के पास जमा किया है, जिसमें विस अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो कह रहे हैं कि वो भी दल के हैं और दल के लिए प्रचार का सकते हैं.

## देश हित में समर्पित हैं मोदी, प्रचंड बहुमत के साथ लौटेंगे : रामटहल

संवाददाता। रांची

पूर्व सांसद सह वरिष्ठ भाजपा नेता रामटहल चौधरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशहित में पूरी तरह से समर्पित हैं. उन्होंने कहा कि मोदी के कारण न केवल राष्ट्रीय स्तर पर देश में सभी लोगों विकास हो रहा है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की नई पहचान बन रही है और देश की छवि सुदृढ़ हुई है. उन्होंने रांची लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ और खूंटी से अर्जुन मुंडा के समर्थन में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया. लोगां से कहा कि सबका साथ -सबका विकास



केवल कहने का नारा नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात को सत्य प्रमाणित कर दिया है. ओरमांझी से जनसंपर्क अभियान की शुरुआत कर चौधरी ने देर शाम तक भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में सघन प्रचार अभियान चलाया. वे खूंटी लोकसभा क्षेत्र के बुंडू भी गये, जहां कैनाल रोड के दर्जनों गांव के सैंकड़ों लोगों से उन्होंने संपर्क कर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील की. कैनल साइड में ग्रामीणों ने चौधरी का स्वागत किया और कहा कि उनके आने से भाजपा मजबूत हुई है और वे सभी भाजपा उम्मीदवार मुंडा का ही समर्थन करेंगे. जनसंपर्क अभियान के दौरान चौधरी के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ प्रणव कुमार बब्बू, संजय शौर्य, कुंदन लाल सहित अन्य भाजपा नेता शामिल थे.

### चुनाव पर चर्चा | आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक शहीद बुधवा उरांव स्मारक के पास हुई

# आंदोलनकारियों की ताकत को खंडित न होने दें : पुष्कर

**खास बातें**

- आंदोलनकारी परिवार के सदस्यों को करें मतदान
- सम्मान राशि 50 हजार रुपये देने की मांग सरकार से की

संवाददाता। रांची

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक शहीद बुधवा उरांव स्मारक के समीप बगीचे में आबिद अंसारी व किशोर की अध्यक्षता में हुई. इसमें झारखंड आंदोलनकारियों के जेल जाने की बाध्यता को समाप्त कर



अलग पहचान, रोजी रोजगार, नियोजन व सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रु. देने की मांग सरकार से की गयी. लोकसभा चुनाव में आंदोलनकारी परिवार के सदस्यों के पक्ष में मतदान करने का निर्णय लिया गया. मुख्य अतिथि के रूप में शामिल मोर्चा के संस्थापक व प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों की ताकत व एकता को खंडित न होने दें, आंदोलनकारी मिलजुल कर लोकसभा के चुनाव में गोलबंद हो कर भाग लेंगे. आंदोलनकारी जाति, पार्टी, धर्म की भावनाओं से ऊपर उठकर मतदान करें और अपनी पहचान, शक्ति और एकता को स्थापित करें. झारखंड अलग राज्य के मूल्य व साझी संस्कृति विरासत को मिटने नहीं देना है.

**अपनी पहचान मिटने नहीं दें : जितेंद्र सिंह :** केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी लोकसभा चुनाव में अपनी पहचान को मिटने नहीं दें. झारखंड आंदोलनकारी से ही राज्य की समृद्धि और पहचान है. केंद्रीय संयोजिक सरोजिनी कच्छप ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनाने वालों की स्थिति काफी दयनीय है और इसके लिए राज्य सरकार ही पूरी तरह से जिम्मेवार है. झारखंड आंदोलनकारी अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं. मौके पर जिला अध्यक्ष दिनेश राम, सिकंदर राम, तेजू राम, अखिलेश सिंह, चूंदा उरांव ,सुखी उरांव, चमरू उरांव, रामदेव लोहार, संतोष कुमार रवि, रामपाल यादव, विशु उरांव, इतवारी देवी, भागीरथ उरांव, विद्या देवी, तेजू राम, बुधराम उरांव, हाना मिंज, सुंदरी उरांव, बुधमणि देवी, बेंजामिन तिर्की, विजय कुजूर, बुद्धमनी देवी आदि मौजूद थे

## पीएम आज सिमरिया और असम के सीएम तमाड़ में करेंगे सभा

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 मई को चतरा के सिमरिया में एक जनसभा को संबोधित करेंगे. यह सभा चतरा लोकसभा के सिमरिया के मुरवे फुटबॉल मैदान में दिन के 3 बजे से होगी. इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, लोकसभा प्रभारी आदित्य साहू, एनडीए प्रत्याशी कालीचरण सिंह, जिला अध्यक्ष रामदेव भोक्ता भी मौजूद रहेंगे. वहीं असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंता विश्व शर्मा 11 मई को खूंटी लोकसभा के तहत तमाड़ के रायडीह मोड़ स्थित अमलेसा मैदान में आयोजित जनसभा को दिन के 1.30 बजे संबोधित करेंगे. इस अवसर पर अमर बाउरी, डॉ रवींद्र कुमार राय, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, चंद्रशेखर गुप्ता, सुरेंद्र महतो आदि भी मौजूद रहेंगे.

## बाबूलाल को भ्रष्टाचार पर बोलने का नैतिक हक नहीं : बंधु तिर्की

विशेष संवाददाता। रांची

पूर्व मंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और घोटाले के आरोपी की मुलाकात में बाबूलाल मरांडी की अहम भूमिका रही. इसलिए अब मरांडी को भ्रष्टाचार पर बोलने का नैतिक हक नहीं है. उक्त बातें तिर्की ने शुक्रवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कही.



**बाबूलाल की कथनी और करनी जगजाहिर :** उन्होंने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार के जितने भी मामले सामने आये हैं, उन सभी की गहराई से और निष्पक्षता के साथ जांच होनी चाहिए. भाजपा के जो नेता अपने आपको बहुत अधिक ईमानदार और महामानव बताते हैं, वही इस बेहद चर्चित और विवादास्पद व्यक्ति से मुलाकात में साथ रहते हैं. इससे साफ पता चलता है कि भाजपा भ्रष्टाचार के मामले में दोहरा रवैया अपना रही है. बाबूलाल की उनकी कथनी और करनी में अंतर है.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | धनबाद, शनिवार 11 मई 2024 बैशाख शुक्ल पक्ष 04 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 32 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र




## ब्रीफ खबरें

### चाचा पर भतीजे ने तलवार से किया वार

धनबाद। सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत अंबेडकर नगर में शुक्रवार की देर शाम भतीजे ने अपने चाचा पर तलवार से हमला कर दिया. प्राप्त जानकारी के मुताबिक अंबेडकर नगर निवासी बबलू कुमार अपनी ड्यूटी खत्म कर लौट रहे थे. तभी पहले से घात लगाए उनके भतीजे ने अचानक हमला कर दिया. जिसमें बबलू गंभीर रूप से घायल हो गया. स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए उसे एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया. हमला करने का कारण जमीन विवाद बताया जा रहा है. घायल व्यक्ति के गले से सोने की चेन समेत मोबाइल फोन और कुछ पैसे छीन कर आरोपी भतीजा फरार हो गया.

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल, गंभीर

चासनाला। सुदामडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत पाथरडीह बस स्टैंड के समीप शुक्रवार शाम स्कूटी व मोटरसाइकिल में सीधी भिड़ंत हो गई. मोटरसाइकिल सवार पाथरडीह लोकोबाजार निवासी 35 वर्षीय राजू प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गया. स्थानीय लोगों की मदद से चासनाला सीएचसी में भर्ती कराया गया. प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति देखते हुए धनबाद एसएनएमएमसीएच रेफर कर दिया गया. स्कूटी सवार एक महिला बताई जा रही हैं. उन्हें हल्की चोट आई थी. जो अपनी स्कूटी लेकर अपने घर चली गई.जबकि राजू प्रसाद की हालत गंभीर बनी हुई है.

### अलकतरा फैक्ट्री की जांच का दिया आदेश

कतरास। भीमकनाली श्रमिक कॉलोनी के समीप अलकतरा मिश्रण फैक्ट्री संचालन के खिलाफ बिहार जनता खान मजदूर संघ,बरोरा क्षेत्र संख्या एक के क्षेत्रीय सचिव महेश कुमार के शिकायत पर केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नई दिल्ली के सदस्य सचिव ने संज्ञान लिया है. साथ ही झारखंड राज्य प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड को उचित कार्यवाही का आदेश दिया और केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नई दिल्ली ने कार्यवाही रिपोर्ट मांगा है. कार्यवाही रिपोर्ट शिकायतकर्ता को भी उपलब्ध कराने का आदेश दिया है.

### चापापुर में ट्रक लोडिंग में 700 रूपये की मांग

निरसा। ईसीएल मुगमा क्षेत्र के चापापुर कोलियरी के रोड सेल में डीओ धारकों के ट्रकों में कोयला लोडिंग में प्रतिटन 700 रुपया रंगदारी मांगे जाने को लेकर शुक्रवार को कॉल ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मुनीलाल मंडल की अध्यक्षता में डीओ धारको ने बैठक की. बैठक में विचार विमर्श करने के बाद निर्णय लिया गया कि अगर एक दो दिनों के अंदर समस्या का निदान नहीं किया गया तो 15 मई से मुगमा क्षेत्र के सभी कोलियरी में लोडिंग व डिस्पैच अनिश्चितकालीन के लिए बंद कर धरना पर बैठ जाएंगे.

**बाल विवाह : अक्षय तृतीया पर रोकथाम को लेकर ग्रामीण विकास ट्रस्ट ने चलाया विशेष अभियान**

## बाल विवाह के खिलाफ 150 गांव के मंदिरों में निगरानी

संवाददाता । धनबाद



धनबाद जिले के ग्रामीण इलाकों के मंदिरों में अक्षय तृतीया के दिन बाल विवाह रोक थाम के लिए झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा बाल विवाह मुक्ति को लेकर विशेष अभियान चलाया गया. बाल विवाह के खिलाफ करीब 150 गांवों के मंदिरों में विशेष निगरानी की गई और एक भी विवाह होने नहीं दिया. मंदिरों में निगरानी ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं द्वारा की गई.

झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक प्रो. शंकर रवानी ने बताया कि कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन तथा जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन एलायंस के सहयोग से धनबाद जिले में बाल विवाह से मुक्ति को लेकर के विगत एक वर्ष से विशेष अभियन चलाया जा रहा है. उन्होंने बताया कि धनबाद जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी द्वारा पत्र जारी कर अक्षय तृतीया के दौरान संभावित बाल विवाह को लेकर सभी स्टेकहोल्डर को विशेष निगरानी रखने का निर्देश जारी किया गया है. जिसके तहत धनबाद जिले के 150 गांव में ट्रस्ट के कार्यकर्ता घूम-घूम कर मंदिरों एवं गांव में बाल विवाह नहीं करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया.

प्रो. रवानी ने बताया कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में लोगों को समझाया जा रहा कि 18 से पहले लड़की तथा 21 से पहले लड़का का शादी नहीं करें. इस तरह के बाल विवाह में शामिल सभी बाराती, लड़की वालों, टेंट वालों कैटरर, पंडित जी सभी दोषी होंगे और जेल भी जा सकते हैं.

इस विशेष अभियान के दौरान ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष बिनोद महतो, कोऑर्डिनेटर नईम अंसारी, भागीरथ सिंह, बेला कुमारी , दीपा रवानी, प्रियंका बेबी, चंदा कुमारी, सुमित्रा देवी, सागर रवानी, मोहन रजक, असरफ अंसारी, योगेश्वर रवानी, कामेश्वर महतो, निजामुद्दीन अंसारी सक्रिय रहे और लोगों में जागरूकता फैलाने का कार्य किया. इस बड़े अभियान में ट्रस्ट के विशेष निगरानी सदस्यों को भी शामिल किया गया था.

### लोदना में गोफ बनने से हड़कंप

झरिया। लोदना 6 नंबर के पास शुक्रवार की सुबह अचानक गोफ बन गया. गोफ से धुआं निकलने लगा. अचानक गोफ बनने से आसपास के लोग सकते में आ गये, मुख्य मार्ग से गुजरने वाले लोग भी भयभीत हो गये . इस के पहले भी कई बार गोफ हुआ है. जब-जब बारिश होती है गोफ हो जाता है. इसके बाद प्रबंधक गोफ की भराई करवा देते हैं . बताते हैं कि जिस स्थान पर गोफ बना है. वह सड़क जयरामपुर और लोदना मोड़ को जोड़ने वाली मुख्य मार्ग है. इसी मार्ग से बीसीसीएल के अधिकारी भी भागा स्थित एरिया ऑफिस आना-जाना करते हैं.इसके अलावा प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग गुजरते हैं.

## असामाजिक तत्वों ने तोड़ी बिनोद बाबू की प्रतिमा, भड़का आक्रोश

**विधायक राज सिन्हा, मथुरा महतो, ढुल्लू महतो पहुंचे, प्रशासन से कार्रवाई की मांग**

**खास बातें**

- सिटी एसपी के साथ पहुंचे पुलिस बल ने मामले को संभाला
- प्रतिमा के समक्ष घंटों डटी रही भीड़

रणजीत कुमार सिंह | धनबाद







धनबाद आठ लेन स्थित चौक पर लगी झारखंड आंदोलन के जनक सह दिग्गज नेता रहे विनोद बिहारी महतो की प्रतिमा शरारती तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दी. प्रतिमा की नाक तोड़ दी गई थी और उसके उपर काला कपड़ा डालकर कई अपमान जनक हरकतें की गई. सुबह इस बात की खबर फैलते ही बवाल मच गया. विनोदबिहारी महतो स्मारक समिति के लोग तत्काल यहां पहुंचे. इनके साथ ही सैकड़ों की संख्या में लोगों का हुजूम यहां उमड़ पड़ा और प्रतिमा के साथ अपमानजनक हरकत करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई. मामले की गंभीरता को देखते हुए झामुमो से गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी मथुरा महतो, धनबाद विधायक राज सिन्हा, भाजपा के धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो आदि पहुंचे. सिटी एसपी समेत काफी संख्या में पुलिस बल भी तत्काल मौके पर पहुंचे और मामले को संभालने के लिए घंटों प्रयास किया.

### राज सिन्हा ने खराब सीसीटीवी पर खड़े किए सवाल

इस बात की खबर पाकर धनबाद विधायक राज सिन्हा भी तत्काल मौके पर पहुंचे. उन्होंने कहा कि प्रतिमा के साथ की गई छेड़छाड़ घोर निंदनीय है. जिला प्रशासन से त्वरित कार्रवाई कर ऐसा करने वालों को गिरफ्तार करने की मांग की. इस इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज निकाल कर दोषियों की शिनाख्त करने की बात कही. लेकिन जब उन्हें पता चला कि यहां पर लगे सीसीटीवी काम नहीं कर रहे हैं तो फिर उन्हें काफी हैरानी हुई. कहा कि ये चुनाव का समय है और जिले में लगे सीसीटीवी खराब पड़े हैं. ऐसे में यदि कोई बड़ी आपराधिक वारदात हो गई तो क्या होगा. उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि ये लापरवाही की श्रेणी में शुमार है. धनबाद में करोड़ों करोड़ की लागत से सीसीटीवी लगाया गया. इसमें लगभग 90% सीसीटीवी खराब हैं. मामले में उपयुक्त धनबाद और नगर है. उससे बात कर तुरंत सीसीटीवी को दुरुस्त करने कहा गया है ताकि चुनाव के माहौल में किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो. कहा कि राजनीतिक फायदे के लिए कोई भी ऐसा घिनौना काम करा सकता, इस घटना में भी साजिश की बू आ रही है.

### दोषियों की होगी शिनाख्त : एसपी

खबर पाकर मौके पर पहुंचे सिटी एसपी अजित कुमार ने कहा कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है. दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जा जाएगी. किन लोगों ने ऐसा घृणित कार्य किया है, उनकी शिनाख्त के लिए पुलिस की टीम लग गई है.

### ...और ढुल्लू नहीं कर पाए माल्यार्पण

धनबाद लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो शुक्रवार को अपने दैनिक दौरे को लेकर विनोद बिहारी चौक पहुंचे थे. उनके साथ उनके दर्जनों कार्यकर्ता भी शामिल थे. असल में शुक्रवार को उनके कार्यक्रमों की शुरुआत यहीं से विनोद बाबू की प्रतिमा पर माल्यापर्ण से होनी थी. लेकिन जब ढुल्लू यहां पहुंचे तो नजारा कुछ और था. लोगों की भीड़ थी और ढुल्लू महतो को साफ कह दिया गया कि अभी कोई माल्यापर्ण नहीं होगा. ढुल्लू भी मौके की नजाकत को भांप गए. उन्होंने भी कोई टिका-टिपण्णी नहीं की. कुछ देर तक वहां रुके और जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों से इस विषय



पर बातचीत की. उन्होंने कहा कि प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने वालों को चिन्हित कर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए.

### ऐसी घटना बर्दाश्त नहीं : मथुरा

लोकसभा प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने कहा की झारखंड अलग राज्य के जनक बिनोद बिहारी महतो कि प्रतिमा के साथ अपमान जनक हरकत करने वाले असमाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए. क्योंकि इस तरह की सोच रखने वाले लोग समाज के लिए काफी हानिकारक होते हैं. उन्होंने कहा प्रतिमा उसी का लगाया जाता है जो देश और समाज के लिए अपना बलिदान देते हैं. बिनोद बिहारी महतो उन्हीं में एक हैं. हम ऐसे महापुरुष की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ कतई बर्दाश्त नहीं कर सकते.

### समिति ने की शिकायत

विनोद बिहारी स्मारक समिति के सदस्यों ने धनबाद थाने में इस मामले को लेकर लिखित शिकायत की है. मार्निंग वॉक पर निकले स्थानीय दीपक कुमार महतो ने थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है. समिति की सदस्या पुष्पा महतो ने कहा कि झारखंड के पितामह का अपमान करना बहुत की निंदनीय है. ये काम राजनीतिक साजिश है. ऐसा करने वालों के खिलाफ समिति कड़ा कदम उठाने का तैयार है. इस मामले में पुलिस को एफआइआर कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है.

## 40 वर्षों बाद बिक गया शेरा का खालसा होटल

संवाददाता | गोविंदपुर



**खास बातें**

- राजू अब चलायेंगे जीटी रोड का खालसा होटल

जीटी रोड का प्रसिद्ध खालसा होटल शुक्रवार को बिक गया. इसे इकबाल सिंह उर्फ राजू सरदार ने हैंडओवर ले लिया. होटल की रजिस्ट्री करने के साथ ही होटल मालिक गुरुचरण सिंह उर्फ शेरा सिंह अपने दो बेटों रणजीत सिंह और तरणजीत सिंह समेत पूरे परिवार के साथ शुक्रवार रात लुधियाना रवाना हो गए. उन्हें विदाई देने के लिए कई लोग खालसा होटल पहुंचे थे. वर्ष 1983 में उन्होंने पंजाब के रहनेवाले काका सिंह से होटल खरीदा था. 40 वर्षों तक इस होटल का संचालन किया. होटल के साथ रतनपुर में कई होटलों का भी विकास हुआ. रतनपुर इलाके की पहचान खालसा होटल से थी. होटल की खासियत है कि यहां रात में भी महिलाएं वाहनों से आकर फ्रेश होने के साथ-साथ नाश्ता और भोजन कर आराम से चली जाती है. पूरब में कोलकाता और पश्चिम में गया, औरंगाबाद आदि इलाकों से चलनेवाले लोग न्यू खालसा में उतरकर भोजन करने का मन बना चुके होते हैं. इस होटल में सुप्रीम कोर्ट के जज, फिल्म अभिनेता शक्ति कपूर, ओम पुरी समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं का आगमन हुआ है. जीटी रोड क्षेत्र में इस होटल की अपनी साख है. इस होटल को विशिष्ट पहचान दिलाने में इसके मालिक गुरु चरण सिंह शेरा ने खून पसीना बहाया था. वर्ष 2004 के 24 फरवरी को जम्मू में सड़क हादसे में अपने दो युवा पुत्रों अमित सिंह और हरमीत सिंह की मौत के बाद शेरा सिंह टूट चुके थे. इस परिवार ने वर्ष 2000 से ही धनबाद छोड़ने का मन बन चुका था.

## विशाल और निशा के बीच होती थी बातचीत

संवाददाता | धनबाद

**खास बातें**

- पुलिस ने निकाली कॉल डिटेल रिकॉर्ड
- हथियार की तलाश जारी, कई से पूछताछ

निशा हत्याकांड में शुक्रवार को पुलिस ने छानबीन जारी रखी है. पुलिस की टीम गांव गई थी, वहां आरोपी विशाल के भाई और उसके दोस्तों से पुलिस ने पूछताछ की है. पुलिस वारदात में प्रयुक्त हथियार और विशाल के मोबाइल की तलाश कर रही है. उक्त हथियार और मोबाइल पुलिस अभी तक बरादम नहीं कर पाई है. पुलिस को संदेह है कि विशाल को मौका-ए-वारदात से उठाकर लाने वाले दोस्त व भाई थे, इन लोगों ने ही मोबाइल व हथियार कहीं छिपा तो नहीं दिया है. इस कारण पुलिस ने गांव जाकर उक्त सभी लोगों से पूछताछ की, हालांकि अभी तक किसी ने इस बात को नहीं स्वीकारा है कि मोबाइल इन लोगों ने रखा है. बताते चलें कि पोलाईडीह की रहने वाली निशा महतो की गर्दन् रेत कर हत्या कर दी गई थी. वारदात को उस समय अंजाम दिया गया था कि जब वो स्कूल से घर आ रही थी. जहां निशा का कत्ल हुआ था, वहीं पास में एक डीपू के अंदर विशाल रजवार भी जख्मी हाल में पड़ा था. निशा के पिता ने विशाल के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है. फिलहाल विशाल का इलाज चल रहा है और उसका बयान नहीं हो पाया है. निशा व विशाल के मोबाइल का कॉल डिटेल में दोनों के बीच बातचीत होने की बात सामने आई है. दोनों के बीच लगातार बातचीत होती है.

## क्या जलेश्वर का मौन भारी पड़ जाएगा कांग्रेस पर ?

**खास बातें**

- कुर्मी समुदाय में जलेश्वर महतो की है अच्छी पकड़
- बेरमो विधायक अनूप सिंह ने लिया है जलेश्वर का आशीर्वाद

अमित सिन्हा । धनबाद

बाघमारा विधानसभा चुनाव में ढुल्लू महतो से लगातार तीन बार पटखनी खाने वाले जलेश्वर महतो इन दिनों कहीं भी सक्रिय नहीं दिख रहे हैं. लोकसभा चुनाव में ढुल्लू महतो धनबाद लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी हैं. वहीं कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष होने के बाद भी जलेश्वर महतो कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के साथ नहीं दिख रहे हैं. एक मई को अनुपमा के नामांकन के दिन झारखंड के मुख्यमंत्री समेत पांच मंत्री एवं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष तक शामिल हुए. उस दिन भी जलेश्वर महतो नहीं थे. कांग्रेस खेमे में उन्हें लेकर तरह तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं. हालांकि चार दिन पहले कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पति सह बेरमो विधायक अनूप सिंह जलेश्वर महतो के घर जाकर उनसे मिले और आशीर्वाद भी लिया. इसके बावजूद जलेश्वर महतो न किसी कार्यक्रम में नजर आए और न ही प्रत्याशी के समर्थन में कहीं जनसम्पर्क ही किया. पिछले चुनावों के परिणाम पर गौर करें तो जलेश्वर महतो की लोकप्रियता बढ़ी है. जहां वह 2014 के चुनाव में 29,623 वोट से पराजित हुए थे. वहीं 2019 के चुनाव में मात्र 824 वोट से पीछे रह गये थे. ऐसे में उनका निष्क्रिय रहना कांग्रेस प्रत्याशी के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है.



### जलेश्वर के समर्थक असमंजस की स्थिति में

मतदान में अब मात्र 14 दिन ही बचे हैं ऐसे में जलेश्वर महतो द्वारा अपना रुख साफ नहीं करने से उनके समर्थक असमंजस की स्थिति में हैं. उन्हें समझ नहीं आ रहा कि चुनाव में किस प्रत्याशी का समर्थन करें. नाम न लिखने की शर्त पर एक समर्थक ने कहा कि जिस प्रकार सिंह मेंशन के सिद्धार्थ गौतम भाजपा समर्थक होने के बावजूद कांग्रेस प्रत्याशी के लिए समर्थन मांग रहे हैं. उसी तरह जलेश्वर दादा को भी खुलकर अपना पक्ष स्पष्ट करना चाहिए जिससे समर्थक भी असमंजस की स्थिति में न रहें. जलेश्वर महतो के एक समर्थक ने बताया कि जब तक दादा का आदेश नहीं मिलता वो लोग न किसी का समर्थन करेंगे न हीं विरोध करेंगे. जलेश्वर महतो धनबाद लोकसभा में कुर्मी महतो का कांग्रेस में सबसे बड़ा चेहरा हैं. मालूम हो कि धनबाद लोकसभा के सभी विधानसभा में कुर्मी महतो की बड़ी संख्या है. इसलिए चुनाव से जलेश्वर की दूरी कांग्रेस के परिणाम पर असर डाल सकती है.

### दो दिन बाद नजर आएंगे जलेश्वर : संतोष सिंह

कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि कांग्रेस का पूरा संगठन एकजुट है. जलेश्वर महतो प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हैं और अपनी पूरी ताकत से प्रत्यशी के साथ हैं. निजी कारणों से अब तक प्रचार प्रसार में नजर नहीं आ रहे हैं. जलेश्वर महतो दो दिन बाद से हर कार्यक्रम में नजर आएंगे.



## भाजपा लोगों के बीच नफरत फैला रही है : तेजस्वी यादव

संवाददाता | नगर उंटारी



उंटारी के गांधी उच्च विद्यालय के मैदान में बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी ने विशाल जनसभा को संबोधित किया. जनसभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार में जनता मंहगाई, बेरोजगारी व पलायन का दंश झेल रही है. 2014 से अभी तक भाजपा 10 वर्षों तक केन्द्र में सत्ता पर काबिज रही, लेकिन न तो विदेश से कालाधन वापस आया और न ही युवाओं को नौकरी मिली. भाजपा मुद्दे की बात नहीं करती है. वह हिन्दू - मुस्लिम कर समाज में नफ़रत फैला रही है. वह देश के संविधान को तोड़ने व आरक्षण को खत्म करना चाहती है. उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो प्रतिवर्ष एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी,पांच सौ रुपए में गैस सिलेंडर, गरीब बहनों को साल में एक लाख रुपए के सहयोग साथ ही झारखंड को विशेष राज्य का दर्जा दिया जाएगा. साथ ही अग्निवीर योजना को खत्म करने की बात कही.

### यह संविधान को बचाने का चुनाव है: सहनी

वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के लिए यह चुनाव देश के संविधान को बचाने व लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए है. देश आजाद होने के बाद बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने हमें एक संविधान बनाकर दिया.

# तोपचांची में चंद्रप्रकाश का विरोध, कहा- आपको सिर्फ फोटो में ही देखा है

## चंद्रपकाश को कहीं जोरदार समर्थन तो कहीं कड़े विरोध का करना पड़ रहा सामना

संवाददाता । तोपचांची

गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को मतदान होना है. अपनी जीत को लेकर प्रत्याशी जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं. कड़ी धूप में गांव-गांव घूम रहे हैं. वहीं जनता जनार्दन भी खूब समझ रही है कि उन्हें क्या करना है. पूर्व सांसद सीपी चौधरी की भी मेहनत जारी है. उन्हें भी कहीं जोरदार समर्थन तो कहीं कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है. ताजा मामला तोपचांची प्रखंड से जुड़ा है. जहां आजसू प्रत्याशी को एक जनसभा के दौरान विरोध का सामना करना पड़ा. सभा के दौरान ही एक व्यक्ति उनसे व्यंगात्मक लहजे में कह रहे हैं कि पांच सालों में आपको सिर्फ फोटो में देखा था, पहली बार सामने देख रहा हूं. सांसद के समक्ष उस व्यक्ति ने पूरी दिलेरी के साथ सारी समस्याओं को



रखने का काम किया. यह मामला लक्ष्मणपुर गांव में हुआ है. उन्होंने कहा कि गांव में पानी समस्या गंभीर है. दो साल से पाइप लाइन का काम अधूरा पड़ा है. टैंकर से पानी खरीद कर ला कर दिनचर्या का काम करते हैं. इस पूरे प्रकरण का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है. वहीं दूसरा वीडियो भी वायरल है. जिसमें तोपचांची प्रखंड के लेदाटांड़ पंचायत में जनसंपर्क अभियान के लिए पहुंचे आजसू नेता विरोध का हो रहा है. वायरल वीडियो में ग्रामीणों व आजसू नेता के बीच कहा-सुनी दिखाई दे रही है. वीडियो में

### खास बातें

- विरोध के दो वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहे वायरल

आजसू के केन्द्रीय महासचिव संतोष महतो दिख रहे हैं. जो ग्रामीणों को कह रहे हैं कि वह गांव क्यों नहीं आएंगे. यह वायरल वीडियो लगभग 30 सेकंड का है. इधर आजसू केन्द्रीय महासचिव संतोष महतो ने कहा कि विरोध की कोई बात नहीं है1 तोपचांची समेत पूरे लोकसभा क्षेत्र की जनता का भरपूर साथ मिल रहा है. यकीनी तौर पर कह सकते हैं कि विरोधियों की हर चाल का जनता मुंह तोड़ जवाब देने के तैयार है.

## रंगदारी व सरकारी काम में बाधा के मुकदमे में जयराम ने मांगी जमानत



**धनबाद** । गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे जेबीकेएसएस के केन्द्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने शुक्रवार को गिरफ्तारी से बचने के लिए अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल की है. लोक अभियोजक ने बताया कि दोनों मामलों में जमानत अर्जी पर सोमवार को सुनवाई होगी.

### केस 1 सरकारी काम में बाधा का है आरोप

प्राथमिकी भौंरा ओपी के एसआई जीतेन्द्र कुमार की शिकायत पर 11 अगस्त 23 को दर्ज की गई थी .प्राथमिकी के मुताबिक 11 अगस्त 2023 को भौंरा 4 ए पैच ओसीपी मे एसडीएम के आदेश पर धारा 144 लागू थी . जहां वह विधि व्यवस्था के लिए पुलिस बल के साथ तैनात थे . दिन के करीब 10 : 30 बजे जयराम महतो करीब 120-125 लोगों के साथ 40-50 मोटरसाइकिल पर लाठी, डंडा, तलवार, गडासा से लैस होकर आए धरना पर बैठे लोगों को भड़काया . इस कारण वहां विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो गई . पुलिस ने जयराम महतो, खेमलाल महतो, विशाल महतो, एवं अज्ञात के विरुद्ध हरवे हथियार से लैस होकर गाली गलौज करने, निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने, सरकारी काम में बाधा पहुंचाने, षड्यंत्र करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई .

### केस 2 रंगदारी का है आरोप

दूसरी प्राथमिकी भौंरा 4 ए ओसीपी के परियोजना पदाधिकारी विनोद कुमार पांडे की शिकायत पर भौंरा ओपी में दर्ज की गई थी . प्राथमिकी के मुताबिक 4 अगस्त 2023 को समेत एक सौ से अधिक महिला पुरूष 4 ए पैच भौंरा साउथ ओसीपी पर आकर काम बंद करा दिया, इस कारण उत्पादन पूरी तरह से बाधित हो गया . इससे भारत सरकार को तीन करोड़ 97 लाख 44 हजार रुपए एवं राज्य सरकार को 73 लाख 53 हजार रुपए का नुक़सान हुआ .

## ब्रीफ खबरें

### रद्द हुए हथियार जमा कराएं : ऑब्ज़र्वर

**धनबाद**। पुलिस प्रेक्षक मोहित चावला ने निर्देश दिया है कि जिनके आर्म्स लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं, उनके हथियार जल्द से जल्द जमा कराएं. आर्म्स लाइसेन्स रद्द कर दिए जाने के बाद आर्म्स रखने की अनुमति नहीं है. उक्त बातें पुलिस ऑब्ज़र्वर ने शुक्रवार को आयोजित बैठक में कही. चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची, पुलिस प्रेक्षक मोहित चावला, बोकारो व चंदनकियारी के व्यय प्रेक्षक आनंद कुमार तथा सिंदरी, निरसा, धनबाद व झरिया के व्यय प्रेक्षक निखिल गोयल ने समाहरणालय में डीसी माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक ह्रदीप पी जनार्दनन के साथ बैठक की.

### चलती ट्रेन से उतरने में यात्री का कटा पैर

**गोमो**। गोमो स्टेशन के डाउन यार्ड के समीप शुक्रवार की सुबह लगभग 5:00 बजे ट्रेन से उतरने के दौरान यात्री का पैर फिसल गया और चक्के के चपेट में आकर उसका एक पैर कट गया. घटना की खबर पाकर आरपीएफ के निरीक्षक एसके झा जवानों के साथ पहुंचे और जख्मी को रेलवे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन घायल की स्थिति नाजुक होने से उसे एसएनएमएमसीएच सरायढेला भेज दिया गया. जख्मी के पास से कोई पहचान पत्र नहीं मिला है. स्थानीय लोगों ने कहा कि नीलांचल एक्सप्रेस से उतर कर भगाने में गिर गया.

### रंजय हत्याकांड में गवाह पेश करने का आदेश

धनबाद। विधायक संजीव के करीबी रंजय सिंह ऊर्फ रवि रंजन सिंह की हत्या के आरोप मे जेल में बंद आरा बेरथ निवासी नंद कुमार सिंह उर्फ बबलू उर्फ रूना सिंह उर्फ मामा को जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीसी अवस्थी की अदालत में रांची के होटवार जेल से वीसीएस के द्वारा पेश किया गया. जमानत पर मुक्त हर्ष सिंह हाजिर नहीं थे. अभियोजन ने गवाह पेश करने हेतु समय की याचना की अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का निर्देश दिया है. बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता आयुष श्रीवास्तव ने पैरवी की.

### साइबर अपराधियों ने की 60 हजार की ठगी

**निरसा**। थाना क्षेत्र के हांथबाड़ी निवासी रोशन लाल सफाया से साइबर अपराधियों ने 60 हजार की ठगी की है. इस संबंध में साइबर थाना में लिखित शिकायत की गई है. भुक्तभोगी ने कहा कि उनके मोबाइल पर किसी ने कॉल कर कहा कि आपका एक्सिस बैंक निरसा शाखा से एक लाख रुपये मैचुअल फण्ड पॉलिसी बन चुका है. दूसरे दिन पॉलिसी का जेरोक्स व्हाट्सअप से भेज दूंगा. फिर भेज भी दिया गया. पुनः फोन पर कहा कि अगर आप 30 हजार रुपये प्राइवेट कंपनी के मैचुअल फण्ड में जमा करें तो ब्याज अच्छा मिलेगा. इसके एवज में उसने मेरे मोबाइल पर ओटीपी भेजा.

# नाबालिग चालक के हाथ में कमान, मुसीबत में जान

## जीटी रोड समेत अन्य जगहों पर लगातार हादसों के बाद भी सो रहे जिम्मेदार

### खास बातें

- नाबालिगों पर कार्रवाई के लिए नहीं चलता अभियान
- हर साल दो सौ से अधिक लोगों की हो रही मौत

राजा गुप्ता । धनबाद

कोयलांचल में काफी संख्या में नाबालिगों के हाथों में वाहनों के स्टेयरिंग की कमान हैं. सड़कों पर वाहनों की तेज रफ्तार से राहगीरों और सवारियों की जान आफत में हैं. धनबाद के विभिन्न इलाकों में हर साल सड़क हादसे में दो सौ से अधिक लोगों की मौत हो जा रही है. परिवहन व यातायात नियमों का पालन सही ढंग से नहीं हो रहा है. सड़कों पर न तो पुलिस यातायात नियमों का पालन करा पाती है और न ही नियमित रूप से सख्ती से अभियान चलाया जाता है. बड़ी घटना होने पर एक-दो दिन दिखावा के लिए खानापूर्ति जरूर कर दी जाती है, ताकि लोगों को लगे कि पुलिस सक्रिय है. लोगों का कहना है कि धनबाद की सड़कों पर चौक-चौराहों पर न तो पुलिस की तैनाती है और न ही ट्रैफिक सिग्नल लगाया गया है. साइन बोर्ड व गति सीमा का बोर्ड सड़क किनारे दिखाने के लिए लगा दिया गया है. जिसका उल्लंघन करने पर रोकने व कार्रवाई करनेवाला कोई नहीं है. चार दिन पहले 8 लेन पर स्कार्पियो चला रहे नाबालिग युवक ने तेज रफ्तार के साथ डिवाइडर से टकरा कर दूसरे लेन पर जाकर स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे स्कूल से घर जा रही दो बहनों के घटनास्थल पर ही मौत हो गई. पुलिस केस दर्ज बैठ गई, लेकिन न तो वाहन मालिक पर कार्रवाई की गई और न ही जुर्माना ठोंका गया. ऐसे मामलों में गाड़ी मालिक को तीन साल की सजा का प्रावधान है. जानकार बताते हैं कि बरटांड़, धैया, पुलिस लाइन, सरायढेला. बैंकमोड़, झरिया, कतरास, निरसा, टुंडी, तोपचांची समेत कई अन्य जगहों पर लगातार हादसों के बाद भी जिम्मेदार सो रहे हैं. नाबालिगों पर कार्रवाई के लिए कभी कोई अभियान नहीं चलता है.



### रॉन्ग साइड में दिन-रात वाहन चलाते हैं चालक

हीरापुर, पुलिस लाइन, सरायढेला, धैया, बरटांड़ समेत जीटी रोड व अन्य जगहों पर डिवाइडर के बीच अवैध कट्स बने हैं, जहां से दिन-रात चालक अपनी वाहनों को बेखौफ तरीके से पार करते हैं . इस दौरान कई बार हादसे भी हो चुके हैं और लोगों की जान भी जा चुकी है, लेकिन न तो लोग सबक ले पा रहे हैं और न ही यहां के जिम्मेदार इस पर लगाम लगा पा रहे हैं . लोग कहते हैं कि यातायात पुलिस और परिवहन विभाग के पदाधिकारी व कर्मी किसी काम के नहीं है . दोनों विभाग के पदाधिकारी व कर्मी सख्ती के साथ काम करें तो हादसों पर काफी हद तक लगाम लगाया जा सकता है . इसके अलावा 8 लेन, जीटी रोड व बरटांड़ समेत कई जगहों पर वाहन चालक रॉन्ग साइड से गाड़ियां भी चलाते हैं, जिसे कोई रोकने व कार्रवाई करने वाला नहीं है . विभाग के अधिकारी बैठक जरूर करते हैं, लेकिन धरातल पर इसका असर नहीं दिखता है .

### यह है सजा का प्रावधान

मोटर वाहन अधिनियम की धारा 180 यह कहती है कि आपने बिना लाइसेंस के किसी नाबालिग या दोस्त को अपनी गाड़ी चलाने को दे दी, तो 3 महीने की सजा या 25 हजार रुपये का जुर्माना या फिर दोनों हो सकता है . लोगों का कहना है कि नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने न दें . ऐसे नाबालिग वाहन चलाते पकड़े गये, तो नाबालिग के साथ-साथ अभिभावक भी बड़ी परेशानी में पड़ सकते हैं .

### स्कूटी-बाइक से लेकर भारी वाहन भी चलाते हैं नाबालिग

लोगों का कहना है कि स्कूटी, बाइक, कार, ऑटो-टोटो से लेकर भारी वाहन भी नाबालिग चलाते हैं . जिसे सड़कों पर खुलेआम देखा जा सकता है . अधिकतर दो पहिया वाहन चालकों के सिर पर हेलमेट भी नहीं होता है . ऑटो-टोटो चलानेवाले नाबालिगों की संख्या भी सैकड़ों में है, लेकिन परिवहन विभाग या यातायात पुलिस की ओर से कार्रवाई नहीं की जाती है . ड्राइविंग लाइसेंस की भी जांच नहीं होती है कि कौन नाबालिग है और कौन बालिग है . ऑटो-टोटो में तेज आवाज के साथ गाने भी बजायी जाती है और रफ्तार भी काफी तेज रहता है .

# कोयलांचल में कई जगहों पर मनाया परशुराम जन्मोत्सव



संवाददाता । कतरास

शुक्रवार को बाघमारा कतरास सहित विभिन्न स्थानों पर अक्षय तृतीया पर ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया. बाघमारा के बक्सपुरा शिव विष्णु मंदिर में ब्राह्मण कल्याण मंच भव्य रूप से परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन किया गया. ब्राह्मणों की टोली ने वैदिक मंत्रोच्चार से भगवान परशुराम की विधिवतपूजा अर्चना की. शंखध्वनि व जय परशुराम की उद्घोष से पूरा इलाका गुंजायमान हो उठा. इस दौरान कल्याण मंच के द्वारा महाभंडारा का आयोजन किया गया था, जिसमें समाज के सैकड़ों लोगों ने सामूहिक रूप से महाभंडार के रुप में खीर. पुड़ी, सब्जी ग्राहन किया. मौके पर अध्यक्ष अरविंद दुबे, एटक क्षेत्रीय अध्यक्ष एनडी पांडेय, सुमन पांडेय, सांसद प्रतिनिधि रमाशंकर तिवारी, मजदूर नेता मंटू दुबे, निरंजन पांडेय, मधुसूदन पांडेय, अविनाश दुबे, नकुल पांडेय, मुरारी लाल पांडेय, मुरारी पांडेय, बलराम पांडेय, प्रेम पांडेय, चांदी पांडेय, राजू लाल पांडेय, अभिराम पांडेय, विनय पांडेय, विजय शर्मा, अशोक मिश्रा, बसंत पांडेय, निरंजन मास्टर, उत्तम पांडेय, आचार्य नंदकिशोर पांडे, बैजनाथ पांडे, सुबोध पांडे, अबोध पांडे, अमित पांडे, अचार्य भास्कर, संतोष पांडेय, दीपू पांडेय, सुधीर पांडे, मिथुन शर्मा आदि मौजूद थे. जबकि कतरास में ब्राह्मण एकता मंच ने भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया. मेन रोड कतरास स्थित श्री श्री राणी सती दादीजी मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में ब्राह्मण कुल के सिरमौर भगवान परशुराम का दरबार सजा कर पूजा अर्चना किया गया. कार्यक्रम में विजय पांडेय, मिथुन शर्मा, सुभाष पांडेय, नीरज शर्मा, पत्रकार राम पांडेय, भरत शर्मा, सूर्यदेव मिश्रा, राजबिहारी शर्मा, नितिन शर्मा, वाई के पाठक, सुरेश शर्मा, महेश शर्मा, सूरज शर्मा निकेश पाण्डेय अविनाश मिश्रा आदि मौजूद थे.

### तोपचांची में भी परशुराम जयंती की धूम



**तोपचांची** । भगवान परशुराम की जयंती शुक्रवार को तोपचांची प्रखंड के लक्ष्मणपुर गांव में वैदिक मंत्रोच्चार शंखनाद व पूजा अर्चना कर मनाई गई . भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं . सनातन धर्म में परशुराम जयंती बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है . गिरजा शंकर उपाध्याय ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम की जंयती बड़ी धूमधाम से मनाई गई . इस दौरान उन्होंने भगवान परशुराम के विचारों को प्रकट किया और भगवान परशुराम से सीख लेकर जीवन में अपने और सर्वधर्म समभाव के साथ देश प्रदेश की खुशी के लिए काम करने का संदेश दिया .

## सामान्य प्रेक्षक की प्रत्याशियों के साथ बैठक

# चुनाव में अलग खाते से तय सीमा में करें खर्च : निखिल

- सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची की अध्यक्षता में चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के साथ बैठक

संवाददाता । धनबाद

धनबाद लोकसभा चुनाव को लेकर सभी प्रत्याशियों के संग शुक्रवार को आब्जर्वर की बैठक हुई. जिसमें व्यय प्रेक्षको की ओर से बैठक में चुनाव खर्च से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए. व्यय प्रेक्षक निखिल गोयल ने कहा कि प्रत्याशियों को पूरे चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित राशि ही खर्च कर सकते है. प्रत्येक प्रत्याशी को एक अलग से बैंक खाता खोलना हैं. बैंक खाते से ही पूरे निर्वाचन अवधि के खर्च होंगे. व्यय रजिस्टर निर्वाचन अवधि के दौरान तीन बार निरीक्षण के लिए प्रस्तुत करना होगा. धनबाद लोकसभा आम निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में धनबाद लोकसभा से निर्वाचन लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों के साथ बैठक की गई. इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा, व्यय प्रेक्षक निखिल गोयल और आनंद कुमार उपस्थित रहें. इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा द्वारा धनबाद लोकसभा से निर्वाचन लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों और उनके एजेंट को निर्वाचन हेतु भारत निर्वाचन आयोग के नियमों से अवगत कराया गया. उन्होंने बताया कि सभी प्रत्याशियों को चुनाव खर्च हेतु रेट चार्ट उपलब्ध करा दिया गया है. उसी के निमित्त व्यय का लेखा-जोखा प्रत्याशी करेंगे. साथ ही पोस्टर बैनर में पब्लिशर एवं प्रिंटर का नाम पता होना सुनिश्चित करेंगे.बॉक्स आचार संहिता का उल्लंघन करने पर प्रत्याशी के खिलाफ होगी कार्रवाई इसके अलावा आदर्श आचार संहिता से सभी को अवगत कराते हुए उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए.

# कॉलेज के छात्रों ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

## न नशे से न नोट से, किस्मत बदलेगा वोट से



मतदाता जागरुकता अभियान में लोगों को जागरूक करते छात्र-छात्राएं

संवाददाता । महुदा

रवि महतो स्मारक टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज महुदा के छात्र-छात्राओं की ओर से मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया. सभी छात्र-छात्रा महुदा बाजार से निकल लालबंगला तक पैदल चलकर सभी को मतदान के प्रति जागरूक किया. इस दौरान पहले मतदान, फिर जलपान, न जात पे न धर्म पे, बटन दबेगा कर्म पे, छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान. न नशे से न नोट से, किस्मत बदलेगा वोट से, लोकतंत्र में हिस्सेदारी, हम सबकी जिम्मेदारी, अंकल आंटी मान जाओ, वोट डालोगे कसम खाओ, जो बांटे दारू और नोट, उनको न देंगे वोट आदि नारा लगाते हुए लोगों को जागरूक किया. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार यादव ने कहा कि आज देश के मतदाता भ्रम की स्थिति में है. जाति, धर्म संप्रदाय, राजनैतिक पार्टियां, देश में भ्रांतियां फैला रहे हैं. देश एक दूसरी राह पर जा रहा है. इसलिए मत का उचित प्रयोग से अच्छे लोकतंत्र का निर्माण होगा. तभी गरीब, शोषित, कमजोर वर्गों का विकास संभव हो सकेगा. इस कार्य को सफल बनाने में सजल बनर्जी, बिजय कुमार महतो, रवि कांत पाण्डेय, त्रिलोकी नाथ बिन्द, डॉ मंजु कुमारी, मोहन लाल महतो आदि का सहयोग रहा.

### नये वोटरों को शपथ

**मैथन**। बीएसके कॉलेज मैथन में शुक्रवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को मतदान करने की शपथ दिलाई गई . इस दौरान कॉलेज के अधिकांश छात्र-छात्राएं, जो इस बार नये वोटर बने हैं, उन्हें ईवीएम में कैसे मतदान करना है, इस प्रक्रिया को बारीकी से बताया गया . इसके बाद शपथ दलाई गई कि वे बिना किसी प्रलोभन के स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को बनाए रखते हुए अपने मतदान का प्रयोग करेंगे .

## न्यूज अपडेट

### मंहगाई और बेरोजगारी मामले पर चुप्पी साध रखी है भाजपा : आगम राम

**निरसा** । मासस उम्मीदवार जगदीश खानी के पक्ष में बिहार कोलियरी कामगार यूनियन की ओर से चापापुर में चुनावी सभा का आयोजन किया गया. सभा को संबोधित करते हुए यूनियन के केंद्रीय सचिव सह मुगमा क्षेत्रीय अध्यक्ष आगम राम ने कहा कि भाजपा के लोग जनता के असल मुद्दे मंहगाई और बेरोजगारी पर चुप्पी साधे हुए हैं. वे भावनात्मक और साम्प्रदायिक मुद्दे को उठाकर समाज को ध्रुवीकरण करना चाहते हैं. अभी तक तो सामानों पर गारंटी होती थी लेकि प्रधानमंत्री मोदी जी अपने भाषण में हर चीज झूठी गारंटी देते फिर रहे हैं. इलेक्टोरेल कांड पर कोई बात नहीं करते. उनके शासन काल में भ्रष्टाचारी वाशिंग मशीन में धुलकर एकदाम बेदाग और पाक साफ हो जा रहे हैं. वे पूरे देश परिवारवाद बता रहे हैं, लेकिन मणिपुर क्या उनका पारिवार नही है ? हाथरस में दलित की बेटी को बलात्कार के बाद जिन्दा जला दिया गया.

### गेस्ट हाउस के केटरिंग मैनेजर ने की आत्महत्या

**पुटकी**। बीसीसीएल के मुनीडीह गेस्ट हाउस के निजी संचालक कंपनी जीसी इंटरप्राइजेज के कैटरिंग मैनेजर अनुपम दास ( 36 ) ने सुबह आठ बजे कमरे में आत्महत्या कर लिया. सहकर्मियों ने अनुपम के लटकते शव को देख शोर मचाया. गेस्ट हाउस के एक कमरे के दरवाजे को तोड़ शव को नीचे उतारा व मुनीडीह ओपी पुलिस को सूचना दी. घटना का खबर सुनकर खोनाठी,बाघमारा से परिजन पहुंचे. इनका रो-रोकर हाल बेहाल था.परिजनों ने हंगामा करते हुए मौत के लिए निजी कम्पनी के मालिक के पुत्र राहुल चक्रवर्ती, कर्मी राजन रजक,आकाश हांडी,हराधन मोदी व मोहन कुमार को जिम्मेवार ठहराया. बाद में कम्पनी से वार्ता के बाद मुनीडीह ओपी में मृतक के भाई सचिन दास ने आत्महत्या कर लेने की शिकायत की. परिजनों ने कहा कि अनुपम विगत 20 सालों से कंपनी में काम कर रहा था. शुक्रवार की सुबह जगने के बाद अनुपम ने सहकर्मी राजन को मछली व एक अन्य को सब्जी लाने के लिए भेजा. दोनों बाजार चले गए. गेस्ट हाउस खाली होते ही उसने कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी लगा ली. इधर बाजार से लौट राजन व अन्य ने दरवाजा खटखटाया. नहीं खुलने पर खिड़की से देखा तो अनुपम को लटकते देखा.शोर मचाते हुए सभी ने मिलकर दरवाजा तोड़ा व उसे नीचे उतारा. तब तक उसको मौत हो चुकी थी.

### केजरीवाल को मिली जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट का आभार: भास्कर



**धनबाद** । उच्चतम न्यायालय ने अरविंद केजरीवाल को 1 जून तक न्यायिक हिरासत के खिलाफ जमानत दे दिया है. केजरीवाल को जमानत मिलने के बाद आम आदमी पार्टी में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है. आप के सोशल मीडिया प्रदेश प्रभारी भास्कर सुमन ने कहा कि केजरीवाल को मिली जमानत देश में केंद्र सरकार की तानाशाही के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय की प्रासंगिकता को प्रमाणित करता है. आम आदमी पार्टी लोकतंत्र को जीवित रखने की दिशा में दिए गए निर्णय के लिए उच्चतम न्यायालय का आभार प्रकट करती है. ईडी के भरसक विरोध के बावजूद उच्चतम न्यायालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत का आदेश दिया है. भाजपा तमाम केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से चुनाव को एकतरफा बनाने का षड्यंत्र कर रही थी. इसके खिलाफ यह एक जोरदार तमाचा है. उम्मीद है ईडी मामले का ट्रायल शुरू करेगी और अरविंद केजरीवाल इस आरोप से जल्द से जल्द बरी हो जायेंगे.

# वार्षिक महोत्सव पर निकली कलश यात्रा



संवाददाता । कतरास

कतरास हटिया के काली मंदिर के तृतीय वार्षिक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई. यात्रा मंदिर परिसर से निकल कर लिलोरी मंदिर से होते हुए निचितपुर रेलवे फाटक पार करते हुए कतरास स्थित राजातालाब पहुंची. जहां ब्राह्मणो ने वैदिक मंत्रोच्चार से कलशों में जल भरण करवाया. जिसके बाद यात्रा पुनः मंदिर परिसर पहुंची. इधर लायंस क्लब कतरास के द्वारा राजेंद्र क्लब के पास यात्रा का स्वागत किया गया. श्रद्धालुओं के लिए पानी और शरबत की व्यवस्था क्लब के सदस्यों द्वारा किया गया था. मौके पर मुख्य रूप से डॉक्टर स्वतंत्र, कुमार कृष्ण कन्हैया राय, महेश अग्रवाल, डॉ मधुमाला आदि लायंस सदस्य इसके अलावा कई सामाजिक कार्यकर्ता अमर सेन, अनुराग, रिंकू, विवेक मोदक, नामित साहू, अमित साहू सहित अन्य मौजूद थे .

## चंदनक्यारी में धनबाद की कांग्रेस प्रत्याशी ने लोगों से समर्थन मांगा

# लोग महंगाई, बेरोजगारी से परेशान हैं: अनुपमा

संवाददाता । धनबाद



चंदनक्यारी इंडिया महागठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने शुक्रवार को संसदीय क्षेत्र में तूपानी दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया. चंदनक्यारी विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों के सरदाहा गांव में बोराडीह, पदुडीह, पैदाडीह, तेलमटिया, बसंतपुर, पोखन्ना पंचायत के अमरडीह,काशीटांड़, जिकिका गांव और दुपरा पंचायत के बसिया डाबर,भंडरो, कुरान,काटबाजरा तुरीडीह साहिस टोला कोलबेन्दी पंचायत लोगों से संपर्क कर समर्थन मांगा. उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास जीतने के साथ उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगी. उन्होंने कहा कि देशवासी बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी की समस्या से परेशान हैं. कांग्रेस देश में गरीबों, दलितों, वंचितों के अधिकार की रक्षा करने और उनका जीवन स्प्रतर ऊंचा उठाने के लिए हमेशा प्रयासरत रही है. इसी प्रतिबद्धता को और भी मजबूत करने और कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए धनबाद लोकसभा क्षेत्र से विजयी बनाने के लिए समर्थन दें, ताकि धनबाद की आवाज संसद में प्रमुखता से उठा सकें.

अनुपमा सिंह ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं. किसानों के लिए उनकी लागत मूल्य एमएसपी की गारंटी और उनके कर्ज माफ करने को लेकर कांग्रेस गंभीर है. किसानों की हर समस्धया का समाधान कांग्रेस करेगी. उन्होंने कहा कि माफिया राज से जनता को बचाने के लिए ही उन्हें कांग्रेस ने धनबाद से प्रत्याशी बनाया है. कहा कि आप लोगों की सेवा करने का मौका मिले और मूलभूत समस्याओं का निराकरण कर सकूं, इसके लिए आपके समर्थन की जरूरत है. मुझे आशा ही नहीं विश्वास भी है 25 मई को आप अपना समर्थन धनबाद के बेहतर भविष्य के लिए देकर कांग्रेस को विजयी बनाएंगे.

## ब्रीफ खबरें

### छापेमारी में 20 लाख नकद व गांजा बरामद

**गोड्डा।** जिले के थाना क्षेत्र अंतर्गत मेहरमा-पिरोजपुर बायपास रोड में शिव एक टाइल्स-मार्बल दुकान में छापेमारी की गई, जहां 20 लाख रुपए नगद तथा पांच किलो गांजा बरामद किया गया. बीडीओ अभिनव कुमार की उपस्थिति में की गई छापेमारी में 20 लाख रुपये नगद और पांच किलोग्राम प्रतिबंधित गांजा बरामद किया गया है. मामले में पूछताछ के लिए तीन संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है. जानकारी के अनुसार छापेमारी करने गई पुलिस के साथ जॉनसन टाइल्स शोरूम के मालिक धर्मेंद्र शाह के पुत्र रामजतन शाह के साथ पुलिस की हाथापाई भी हुई.

### गावां में बिजली मिस्त्री को लगा करंट, गंभीर

**गावां।** गावां प्रखंड के कुरची में बिजली मिस्त्री राम प्रवेश यादव बिजली का करंट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए. बताया जा रहा है कि गावां बिजली कार्यालय में लाइन कट करने के उपरांत कुरची में तार जोड़ने के लिए गया था. इसी बीच बिजली कार्यालय में तैनात लाइन मैन के द्वारा बिजली को चालू कर दिया गया. जिससे रामप्रवेश करंट की चपेट में आ गये. शरीर का कई भाग झुलस गया. आनन फानन में घायल मिस्त्री को गावां अस्पताल ले जाया गया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद परिजन बेलाडांड़ ले गए.

### अमलाबाद में वाहन के धक्के से अधेड़ की मौत

**बोकारो।** बोकारो जिले के



अमलाबाद ओपी क्षेत्र के हीरक रोड के समीप शुक्रवार की दोपहर तेज रफ्तार वाहन की चपेट में दुर्घटना आकर एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई. मृतक की पहचान चंदन कियारी प्रखंड के पड़ुवा गांव निवासी अमलेश्वर महतो (45 वर्ष) के रूप में हुई. जानकारी के अनुसार अमलेश्वर भांजा की शादी में बारात गया था. लौटते समय हीरक रोड पर उतर कर वह सड़क पार कर रहा था. इस दौरान एक वाहन ने उसे धक्का मार दिया.

### बिरनी में कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**बिरनी।** कोडरमा लोस से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह का बिरनी में शुक्रवार को चुनावी कार्यालय का उद्घाटन हुआ. इस अवसर पर सीताराम सिंह ने कहा कि संविधान बचाओ देश बचाओ, इसलिए कोडरमा में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह भारी मत से विजय होंगे. इसलिए सभी नेता व कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर प्रतिदिन कार्यक्रम करें और सभी बूथ पर बढ़त बनाने की तैयारी में जुट जाएं. साथ ही वक्ताओं ने कहा कि झारखंड झुकेगा नहीं इंडिया रुकेगा नहीं. इसलिए कोडरमा में इस बार बदलाव की बयार बह रही है.

### बादीडीह में आग लगने से हजारों का नुकसान

**गावां।** गावां प्रखंड अंतर्गत बादीडीह पंचायत के पंडरिया निवासी सुनील यादव के घर में गुरुवार की रात्रि लगभग 10 बजे अचानक आग लग गई. घर के बरामदे में बिचाली होने के कारण आग तेजी से फैल गया. हो हल्ला के बाद आसपास के ग्रामीण दौड़े व आग पर काबू पाया. घटना में घर के अंदर रखा सामान, दरवाजा व चौखट समेत अन्य सामान जलकर राख हो गए. उक्त घटना में भुक्तभोगी को लगभग एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है. मामले को ले भुक्तभोगी के द्वारा गावां थाना में आवेदन भी दिया गया है.

---

### 15 मई को 4062, 16 को 2573, 17 को 900 व 18 मई को कुल 543 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे

# सीयूईटी परीक्षा 15 मई से, बोकारो में 10 सेंटर बनाए गए

**जानकारी**

संवाददाता। बोकारो

शिक्षा मंत्रालय के अधीन केंद्रीय विश्वविद्यालयों व देश की टॉप यूनिवर्सिटीज में दाखिले के लिए कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) यूजी परीक्षा 15 मई से ली जाएगी. परीक्षा 15 से 18 मई तक पेन-पेपर यानी ऑफलाइन मोड में होगी. वहीं, 21 से 24 मई तक कंप्यूटर बेस्ड (ऑनलाइन) टेस्ट का आयोजन होगा.

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित इस परीक्षा के लिए बोकारो जिले में कुल 10 केंद्र बनाए गए हैं, जहां अलग-अलग पालियों में परीक्षा ली जाएगी. इसके लिए सेक्टर-6 स्थित क्रिसेंट पब्लिक व डीएवी पब्लिक स्कूल, गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल (जीजीपीएस) चास व सेक्टर 5, एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-4एफ, होली क्रॉस स्कूल रेलवे कॉलोनी, डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 4, सेक्टर 5 स्थित चिन्मय विद्यालय व श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल तथा दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) सेक्टर 4 को केंद्र बनाया गया है.



परीक्षा के बारे में जानकारी देते एनटीए के सिटी को-ऑर्डिनेटर डॉ. एएस गंगवार

सभी सेंटरों को मिलाकर पहले दिन 15 मई को 4062, दूसरे दिन 2573, तीसरे दिन 900 और चौथे दिन 18 मई को कुल 543 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे. यह जानकारी एनटीए के सिटी को-ऑर्डिनेटर सह डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार ने शुक्रवार को दी. उन्होंने बताया कि बोकारो में शांतिपूर्ण परीक्षा आयोजन के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है. सभी केंद्राधीक्षकों व पर्यवेक्षकों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं. 15 से 17 मई तक रोजाना चार विषयों की परीक्षा होगी, जबकि 18 मई को तीन पालियों में तीन विषयों की परीक्षा ली जाएगी. 15 मई को शिफ्ट 1 ए में सुबह 10 बजे से केमेस्ट्री, शिफ्ट 1 बी में दोपहर 12:15 से बायोलॉजी, शिफ्ट 2 ए में दिन के 3 बजे से अंग्रेजी और शिफ्ट 2 बी में शाम 5 बजे से जनरल टेस्ट (सामान्य ज्ञान) की परीक्षा ली जाएगी. इसी प्रकार 16 मई को अर्थशास्त्र, हिंदी, भौतिकी व गणित, 17 मई को भूगोल, शारीरिक शिक्षा, बिजनेस स्टडीज और अकाउंटेंसी की परीक्षा ली जाएगी. 18 मई को इतिहास, राजनीति विज्ञान व समाजशास्त्र की परीक्षा आयोजित की जाएगी.

---

## डीसी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**साहिबगंज ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती ने लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया. मतदान स्थलों का निरीक्षण कर मतदान केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली. साथ ही एएसडी सूची मतदाता वोटर सूची प्रपत्रों की जांच की. अधीनस्थ बीएलओ को व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए. उपायुक्त ने बूथ नंबर 89 मध्य विद्यालय पुलिस लाईन साहेबगंज, बूथ नंबर 88 मध्य विद्यालय पुलिस लाईन दक्षिणी भाग व बूथ नंबर 86 उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़ा पचगढ़ साहेबगंज का निरीक्षण किया. डीसी ने बताया कि इन बूथों पर पिछले वर्ष लोकसभा चुनाव में 50 प्रतिशत तक मतदान हुई थी. इस बार हमें 80 प्रतिशत तक मतदान सुनिश्चित करना है. मतदान बूथ पर मूलभूत सुविधाएं शौचालय, पानी, बिजली, चार्जिंग पॉइंट, पंखा, शौचालय में नल की व्यवस्था एवं अन्य का जायजा लिया.

---

### राजमहल लोस सीट से झामुमो सांसद विजय हांसदा ने भरा पर्चा

# पूरे देश में इंडिया गठबंधन की लहर है : चंपाई सोरेन

**लोकसभा चुनाव**

संवाददाता ।साहिबगंज





लोकसभा चुनाव में राजमहल लोकसभा संसदीय क्षेत्र के लिए शुक्रवार को पूर्व झामुमो सांसद विजय हांसदा ने निर्वाची पदाधिकारी, राजमहल लोकसभा संसदीय क्षेत्र हेमंत सती के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. नामांकन के बाद रेलवे जेनरल इंस्टीट्यूट मैदान में जनसभा में राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, प्रत्याशी विजय हांसदा के अलावा इंडिया गठबंधन के कई वरिष्ठ नेता शरीक हुए. इनके साथ प्रस्तावक के रूप में झामुमो महेशपुर विधायक स्टीफन मरांडी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकतुल्ला खान, झामुमो नेता गुरु हेंब्रम थे. इस दौरान पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि जल्द ही जेल का ताला टूटेगा और हेमंत सोरेन जनता के बीच होंगे. कल्पना ने गठबंधन प्रत्याशी को जिताने की अपील की.

सूबे के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि पूरे देश मे इंडिया गठबंधन की लहर है. देश के पीएम नरेंद्र मोदी के जनता से किये गए वादे जुमला साबित हुए हैं. उनका खेल जनता जान गई है. सीएम ने राज्य सरकार की योजनाओं का हवाला देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने जनता के हितों का ध्यान रखा. तानाशाही भाजपा सरकार के विरोध में अब लोगों को संविधान व लोकतंत्र बचाने के लिए गठबंधन को जितना है. इस दौरान मैदान में लगा मंच भी टूट गया. लेकिन इससे किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ.

**नामांकन दाखिल**

- प्रस्तावक के रूप में थे विधायक स्टीफन मरांडी
- अमित के घर से ईडी ने 161 करोड़ बरामद किये थे
- साइमन मरांडी हमेशा झामुमो के सारथी बने रहे थे

वहीं हेमलाल मुर्मू ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए रिहाई का आदेश दे दिया है. वहीं भाजपा नेता बाबूलाल जवाब दें कि सेना घोटाला से जुड़े व्यवसायी अमित अग्रवाल को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से क्यों मिला रहे थे. उनसे गुलदस्ता दिलवा रहे थे. जबकि अमित अग्रवाल के घर से ईडी ने 161 करोड़ बरामद किया था. वहीं विधायक दिनेश मरांडी ने कहा कि उनके पिता साइमन मरांडी हमेशा पार्टी के सारथी बने रहे. झामुमो ने राज्य को संवारा. लेकिन भाजपा ने देश व राज्य को लूटने का काम किया. महगामा कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय ने कहा कि अच्छा हुआ मंच टूट गया. आज नेता, कार्यकर्ता और जनता एक हो गए. संथाल की तीनों सीट जीत कर महागठबंधन की झोली में डालना है. केजरीवाल को कोर्ट ने रिहाई दी. इसका मतलब हेमंत सोरेन भी जल्द निकलने वाले हैं. राज्य की 14 लोकसभा व गांडेय विस को जीत कर इंडिया गठबंधन व हेमंत सोरेन की झोली में डालना है. दीपिका ने सर्वजन पेंशन व अबुआ आवास की लोगों को याद दिलाई. उन्होंने कहा कि कांग्रेस की केंद्र में सरकार बनी तो झारखंड की महिलाओं को अधिक पेंशन मिलेगा.

गोड्डा लोक सभा क्षेत्र के कांग्रेस सांसद उम्मीदवार विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि इस जंग को जीत कर इंडिया गठबंधन को जितना है. एक तरफ गरीब जनता, किसान, नौजवान, महिलाएं, आदिवासी, दलित व पिछड़े, मजदूर हैं तो दूसरी तरफ मुट्ठी भर अमीर हैं. जिनके इशारे पर मोदी सरकार चल रही है. अब तक के चुनाव में संकेत मिल रहा है कि देश में राहुल गांधी के नेतृत्व में सरकार बनेगी. झारखंड में भी 14 सीट पर जीत मिलेगी. यहां भाजपा को कोई वोट देने वाला नहीं है. 10 वर्षों तक मोदी की सरकार रही. किसी गरीब, बेरोजगार, किसान का काम नही हुआ. सिर्फ चंद अमीरों का काम हुआ. अडाणी व अंबानी का काम हुआ. देश का नौजवान, किसान, बेरोजगार, मजदूर, महिलाएं इंडिया गठबंधन के साथ है.

इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो छह महीने में 30 लाख युवाओं को नौकरी मिलेगी. जिसकी जितनी भागीदारी होगी उसकी उतनी हिस्सेदारी होगी. गठबंधन प्रत्याशी विजय हांसदा ने कहा कि स्टेज टूटा है. लेकिन उनका हौसला नहीं टूटा है. विधायक स्टीफन मरांडी कहा कि लोकसभा चुनाव लोकतंत्र को बचाने व समरसता कायम रखने की लड़ाई है. भाजपा ने अब तक लोगों को बांटना का काम किया है. भाजपा ने चुनाव में नहीं आने देने के लिए हेमंत सोरेन व केजरीवाल को जेल में भेजा. उन्होंने कहा कि किसी को जेल में डाल देने से जनता को नहीं दबाया जा सकता. लोग इसका जवाब वोट से देंगे.

---

## पीएम के आगमन को लेकर एसपी ने की बैठक

संवाददाता। गिरिडीह



प्रधानमंत्री के संभावित गिरिडीह आगमन को लेकर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने शुक्रवार को संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आगामी 14 मई को बिरनी प्रखंड के पेशम (अडवारा) में प्रधानमंत्री का संभावित आगमन होना है. इसे लेकर सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित कराई जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार का लॉ एंड ऑर्डर का इश्यू उत्पन्न न हो. इस दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी, पूर्वी, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, डुमरी तथा बगोदर सरिया, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, भवन प्रमंडल, विद्युत प्रमंडल, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, एसडीपीओ डुमरी, एसडीपीओ खोरी महुआ समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे. इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित अधिकारियों को उनके कार्य दायित्व सौंपा तथा इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया. बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से विभिन्न पदाधिकारी को अलग-अलग टास्क सौंपें. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री दौरे पर आने वाले लोगों को कैसे नियंत्रित करना है, सुरक्षा के दृष्टिकोण से कहां-कहां बैरेकेडिंग होने है इसका आकलन किया जाना आवश्यक है. इसी तरह स्थल के चारों ओर व विभिन्न स्थानों पर मजिस्ट्रेट का डेप्लॉयमेंट करने को लेकर सदर एसडीओ को जिम्मेदारी दी गयी. साथ ही सिविल सर्जन को एंबुलेंस को चिकित्सक सहित सुव्यवस्थित कर अलर्ट मोड में रखने का निर्देश दिया गया. इसी तरह उन्होंने फ़ूड सेफ्टी ऑफिसर, फायर ऑफिसर को भी उनके क्षेत्र से संबंधित कई टास्क सौंपे गये. वहीं बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया.

---

### कसमार का युवा नजीब अख्तर हज के लिए रवाना

**बोकारो ।** जिले के कसमार प्रखंड के गर्री निवासी स्व शब्बीर हुसैन के



पुत्र नजीब अख्तर शुक्रवार को हज के लिए मक्का मदीना के लिए रवाना हुए. बताया जाता है कि नजीब कसमार प्रखंड का पहला अविवाहित युवक है, जो सबसे कम उम्र में हज के लिए रवाना हुआ. शुक्रवार को उन्हें हज के लिए बोकारो एवं रांची में उनके घरवालों व मित्रों ने विदा किया. शुक्रवार देर रात नजीब कई जायरीन के साथ कोलकाता हवाई अड्डे से जेद्दा के लिए रवाना होंगे. उन्होंने बताया कि मक्का मदीने की हज के बाद लगभग डेढ़ माह बाद कसमार वापस लौट आएंगे. उन्होंने कहा कि हज में वे अपने क्षेत्र, गांव समाज से लेकर मित्र रिश्तेदारों की तरक्की व खुशहाली की दुआ मांगेंगे.

## चुनाव को लेकर वाहनों की हो रही सघन जांच



**बोकारो ।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बोकारो जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों पर चेकनाका लगाकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है. इस दौरान प्रतिनियुक्त एसएसटी सभी छोटे बड़े वाहनों के साथ लग्जरी वाहनों की भी तलाशी कर रही है.

शुक्रवार को भी सभी चेकनाकों पर एसएसटी द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया. बोकारो जिले के नावाडीह थाना के आहरडीह मोड़, गोमिया थाना के आईइएल, कसमार थाना के पिरगुल चौक, पेटरवार थाना के वन विभाग गेस्ट हाउस समीप, चन्द्रपुरा थाना के तरंगा, पिंड्राजोरा थाना के मिर्धा, चास के तेलमच्चों, चंदनकियारी के बिरखाम एवं बिरसा पुल एवं जरीडीह प्रखंड के गायछांद में चेकनाका बनाया गया है. मौके पर पदाधिकारी ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर एसएसटी द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है. इस क्रम में वाहनों की भी तलाशी ली जा रही है.

---

## चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की बैठक संपन्न

संवाददाता। गिरिडीह



चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारी सदस्यों की बैठक शुक्रवार को स्थानीय होटल में संपन्न हुई. बैठक में एफजेसीसीआई से संबंध सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई. सभी सदस्यों ने एफजेसीसीआई से जल्द से जल्द संबंधता पर जोर दिया.

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज मतदाताओं को जागरूक करने के लिए टावर चौक एवं पचंबा में मतदाताओं को पंपलेट के माध्यम से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील कर जागरुकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया. मतदान के दिन मतदाताओं की सुविधा के लिए निशुल्क टोटो की व्यवस्था प्रमुख चौराहों पर सीसीआई द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी. साथ ही बड़ा चौक लाइब्रेरी के सामने मतदाताओं के लिए एक सहायता केंद्र की स्थापना की जाएगी. सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने एकमत होकर कार्यकारिणी सदस्यों की संख्या को बढ़ाने का पर जोर दिया. साथ ही शहर के प्रबुद्ध व्यापारियों को कार्यकारिणी सदस्यों की सूची में जोड़ने का प्रस्ताव दिया.

इस क्रम में सभी ने एकमत होकर मुकेश आनंद, ब्रह्मदेव बरनवाल एवं रविराज के नामों पर सहमति प्रदान की गई. इस बैठक के द्वारा सभी सीसीआई के सभी सदस्यों से आग्रह की गई कि किसी न किसी रूप में अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक पहुंचने का प्रयास अवश्य करें. बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष राहुल बर्मन, सचिव विकास गुप्ता, कोषाध्यक्ष गोपाल दास भदानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय सिंह, निवर्तमान अध्यक्ष अरविंद कुमार, अरुण कुमार, राहुल कुमार एवं सुदीप कुमार उपस्थित थे.

### डुमरी में झारखंड किसान मजदूर यूनियन की बैठक

**डुमरी ।** डुमरी में झारखंड एकता किसान मजदूर यूनियन की बैठक शुक्रवार को रोशनाटुंडा पंचायत के चकरबरई में हुई. जिसकी अध्यक्षता छोटीलाल सिंह व संचालन ईश्वर महतो ने किया. बैठक में चकरबरई ग्राम कमिटी का गठन किया गया. जिसमें सुरेश बंगाली को अध्यक्ष, गिरधारी महतो को उपाध्यक्ष, छोटीलाल सिंह को सचिव, विजय सिंह को उपसचिव, जागो बंगाली को कोषाध्यक्ष, सीताराम महतो को संगठन मंत्री एवं ईश्वर महतो को महासचिव बनाया गया. मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड एकता किसान मजदूर युनियन के केन्द्रीय अध्यक्ष गंगाधर महतो व विशिष्ट अतिथि के रूप में सचिव मोहन महतो महासचिव रवीन्द्र कुमार महतो उपस्थित हुए. मुख्य अतिथि ने यूनियन के नीति सिद्धांतों एवं कार्यों की जानकारी उपस्थित सदस्यों को दी.

---

## क्षेत्र के विकास को देंगे प्राथमिकता: विनोद

संवाददाता। बेंगाबाद



कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन से भाकपा माले के प्रत्याशी विनोद सिंह ने संसदीय क्षेत्र के बेंगाबाद प्रखंड में जनसंपर्क अभियान चलाया. इस क्रम में उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांवों का दौरान किया और मतदाताओं के बीच अपनी बात रखी. इस क्रम में विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों ने विनोद सिंह का स्वागत पूरी गर्मजोशी के साथ किया.

चपुआडीह पंचायत के मुंडेरी मोड़ पर पंचायत के मुखिया मोहम्मद शमीम के नेतृत्व में सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत पूरे उत्साह के साथ किया. जनसंपर्क अभियान के तहत विनोद सिंह ने जनता से समर्थन की अपील की. उन्होंने जनता से कोडरमा लोकसभा क्षेत्र और गांडेय विधानसभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील की. जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कोडरमा संसदीय क्षेत्र में भाजपा को प्रतिनिधित्व का अवसर सबसे ज्यादा मिला. मगर क्षेत्र का विकास नहीं हो पाया. जनता की अपेक्षाओं को दरकिनार रखा गया. उन्होंने कहा अगर कोडरमा की जनता उन्हें आशीर्वाद देती है तो सबसे पहले क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी. बिनोद सिंह ने कहा देश में भाजपा लूट, झूट और धोखा का सरकार चला रही है. सत्ता में आने से पहले भाजपा के लोग बेरोजगारी और अन्य जनमानस से जुड़े मुद्दे की बात कर रहे थे. मगर सत्ता में आने के बाद ये सारे मुद्दे गायब हो गए और खास खास बन गए और आम जनता आम ही रह गई. उन्होंने कहा इन्हीं मुद्दों को लेकर आने वाला चुनाव बहुत खास है. उन्होंने लोगों से अपना वोट सोच समझ कर करने की अपील की ताकि देश से झूठ और फरेब की सरकार को बदला जा सके. जनसंपर्क अभियान में राज्यसभा सांसद डॉक्टर सरफराज अहमद, झामुमो नेता महालाल सोरेन, मोहम्मद फखरुद्दीन, शाहनवाज अंसारी, माले नेता राजेश यादव समेत अन्य लोग शामिल थे.

---

**विरोध** निर्माण कार्य में भारी अनियमितता, प्लेन सीमेंट का किया जा रहा है उपयोग

# बिरनी के ग्रामीणों में आक्रोश, सड़क निर्माण कार्य रोका

संवाददाता। बिरनी (गिरिडीह)



बिरनी प्रखंड के सिमराढाब पंचायत अंतर्गत पथलडीहा गांव में इन दिनों प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है. जिसमें भारी अनियमितता बरती जा रही है. शुक्रवार को ग्रामीणों ने अनियमितता को देख निर्माण कार्य को रोक दिया. उन्होंने कहा कि इस्टीमेट के अनुरूप निर्माण कार्य नही किया जा रहा है.

जब ग्रामीण इसका विरोध करते हैं तो संवेदक या उनके मुंशी के द्वारा किसी अनजान व्यक्ति को लाकर निर्माण स्थल पर खडा कर देते हैं. कहते हैं कि विभाग के जेई हैं, जो भी शिकायत है इनसे कीजिए और काम में कोई गड़बड़ी नहीं है. ग्रामीणों ने कहा कि जब संवेदक से इस्टीमेट की मांग किया तो वे कहते हैं कि आप विभाग से मांग लीजिये. मेरे पास नहीं है. ग्रामीणों ने कहा कि एक सप्ताह पूर्व भी निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही थी. जिसका विरोध किया गया था. निर्माण कार्य को बाधित किया गया था. निर्माण कार्यस्थल पर योजना को कोई बोर्ड भी नहीं लगाया गया है. निर्माण कार्य में नोट फोर सेल सीमेंट से ढलाई की जानी है, परन्तु संवेदक के द्वारा घटिया सीमेंट श्री कम्पनी का इस्तेमाल किया जा रहा है. जब ग्रामीणों ने संवेदक से पूछा तो कहा यही सीमेंट से ढलाई करने का आदेश है. जब उन्होंने इसकी शिकायत विभाग के जेई से करने की बात की तो उन्होंने कहा नोट फोर सेल सीमेंट खत्म हो गया है. जिसके कारण लोकल सीमेंट लगाया गया. हालांकि ग्रामीणों ने संवेदक के मुंशी सुरेंद्र सिंह एवं अनूप उरांव को सीमेंट गोदाम खोलकर दिखाने को कहा तो लगभग दो सौ बैग लोकल सीमेंट ही पड़ा था. आज भी कुछ सीमेंट ट्रक से गिराया जा रहा था जो लोकल कम्पनी की ही थी. ग्रामीणों ने कहा संवेदक बार-बार झूठ बोलकर अपने काम निकाल रहा है. शुरुआत से ही लोकल कम्पनी का सीमेंट उपयोग में ला रहा है.

ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में उपयोग किया गया फटा हुआ हज़ारों बैग दिखाया जो कई स्थानों पर एकत्रित पाया गया. ग्रामीणों ने कहा कि घटिया सीमेंट होने के कारण ढलाई एक दिन में ही फट जा रहा है. जो दरार बना हुआ है. जानकारी के अनुसार निर्माण कार्य मे ढलाई के समय जेई की उपस्थिति अनिवार्य होती है, परन्तु अब तक किये गए ढलाई में कभी जेई उपस्थित नहीं रहे. ग्रामीणों ने कहा जब तक विभाग के वरीय अधिकारी निर्माण स्थल पर पहुंचकर जांच नही करेंगे और निर्माण कार्य बाधित रहेगा.

---

## रिलायंस डिजिटल स्टोर का भव्य शुभारंभ

संवाददाता। गिरिडीह



देश के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक रिटेलर रिलायंस डिजिटल ने गिरिडीह के मौलाना आजाद चौक स्थित अपने नए स्टोर का अनावरण किया. इस स्टोर का उद्घाटन मुख्य अतिथि सलूजा गोल्ड के संचालक अमरजीत सलूजा, विशिष्ट अतिथि एसबीआई गिरिडीह ब्रांच के ब्रांच मैनेजर राजेश कुमार, रिलायंस डिजिटल की झारखंड क्लस्टर हेड रचना गौतम एवं गिरिडीह स्टोर मैनेजर गिरीश के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया.

इस अवसर पर उपस्थित आगत अतिथियों ने रिलायंस डिजिटल के सभी कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं दी. कहा कि यह स्टोर इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों की खरीदारी के लिए उचित स्थान साबित होगा. झारखंड क्लस्टर हेड रचना गौतम ने कहा कि विशेष उद्घाटन ऑफर और नवीनतम तकनीक की व्यापक रेंज के साथ ग्राहक यहां एक बेहतर खरीदारी अनुभव प्राप्त कर सकते हैं. व्यापक क्षेत्र में फैला हुआ यह तकनीक गंतव्य सर्वोत्तम कीमतों पर नवीनतम इलेक्ट्रॉनिक्स की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है. इन-स्टोर सहायता के लिए एक विशेषज्ञ टेक स्क्वाड और इलेक्ट्रॉनिक्स की खरीद के बाद की देखभाल के लिए समर्पित रेस्क्यू सेवा विशेषज्ञ भी प्रदान करता है. सबसे तेज़ डिलीवरी और इंस्टॉलेशन के साथ, ग्राहक बिना किसी देरी के अपनी पसंदीदा उत्पाद यहां से प्राप्त कर सकते हैं. स्टोर मैनेजर गिरीश ने कहा कि उपभोक्ताओं को नए स्टोर पर रोमांचक अर्ली बर्ड ऑफर के साथ अग्रणी बैंक कार्ड पर 10 प्रतिशत तक कैशबैक का भी आनंद मिलेगा.

▼ ब्रीफ खबरें

## विद्यार्थियों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग की ओर से विद्यार्थियों को दामोदर घाटी निगम के चंद्रपूरा ताप विद्युत केंद्र का भ्रमण कराया गया, जहां विद्यार्थियों ने फाइनेंस, प्रोडक्शन, ह्यूमन रिसोर्स सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल की। साथ ही सीटीपीएस के अधिकारियों की ओर से प्रशिक्षण सत्र का आयोजन कर खासकर प्रबंधन के छात्रों को पूरे कार्य प्रणाली की जानकारी दी गई। इसके बाद विद्यार्थियों को पूरे पावर प्लांट का भ्रमण कराकर उनकी बारीकियों से अवगत कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण को आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण भी पाठ्यक्रम का एक हिस्सा है.

## मोबाइल फोन छीनकर भाग रहे दो गिरफ्तार

**हजारीबाग।** कोर्रा थाना पुलिस ने मोबाइल छीनकर भाग रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए आरोपी हजारीबाग शहर के चंदन कुमार और बंटी कुमार के पास से चोरी के मोबाइल के साथ अन्य दो मोबाइल और मोटरसाइकिल बरामद की गई है. इस संबंध में पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर फोन झपटकर भाग रहे हैं. इसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. दोनों व्यक्तियों के विरुद्ध कोर्रा थाने में मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय की हिरासत में भेज दिया गया है.

## कार्यकर्ताओं ने मनीष का किया स्वागत

**रामगढ़ ।** हजारीबाग लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल शुक्रवार को बरकाकाना के बीएमएस कार्यालय पहुंचे. युवा भाजपा नेता कुश श्रीवास्तव के नेतृत्व में बंजारी मंदिर से बरकाकाना बीएमएस कार्यालय तक सैकड़ों मोटर साइकिल जुलूस के साथ मनीष जायसवाल का स्वागत किया और कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया। सड़क में भाजपा कार्यकर्ता नरेंद्र मोदी ज़िंदाबाद, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, मनीष जायसवाल जिंदाबाद का नारा लगा रहे थे. मनीष जायसवाल ने कहा कि जिस प्रकार का उत्साह आज मैंने युवाओं में देखा उससे पूर्ण विश्वास है कि युवा नरेंद्र मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाएंगे और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में भाजपा की प्रचंड जीत होगी.

## बाइक चोरी के विभिन्न कांडों में चार गिरफ्तार

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर तिलैया थाने के अप्राथमिकी अभियुक्त विशाल कुमार राम के घर पर छापामारी कर उन्हें गिरफ्तार किया गया. उसकी निशानदेही पर तिलैया एवं अन्य थाने के मोटरसाइकिल चोरी से संबंधित कई कांडों का उद्भेदन हो पाया. छापामारी के क्रम में डोमचांच जंगल एवं गझंडी जंगल से चोरी की पांच मोटरसाइकिल को बरामद किया गया एवं मोटरसाइकिल चोरी के विभिन्न कांडों के 4 अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया. इस संबंध में विधि-सम्मत आवश्यक कार्रवाई की जा रही है. गिरफ्तार अभियुक्तों में विशाल राम, सुमित, विक्की, अमित, प्रेम चंद शामिल हैं. छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पुउपा जीतवाहन उरांव, तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार, डोमचांच थाना प्रभारी प्रेम आदि शामिल थे.

## वृद्ध व दिव्यांग वोटरों ने घर में डाला वोट

**चौपारण।** लोकसभा चुनाव में वृद्ध मतदाता (85) एवं दिव्यांग मतदाता को पहली बार होम वोटिंग का प्रावधान किया गया है. शुक्रवार को प्रखंड के दो दिव्यांग और एक वरिष्ठ मतदाता ने होम वोटिंग की सुविधा का लाभ लेते हुए अपने घर में ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया. इस संबंध में चौपारण सीओ सह प्रभारी बीडीओ संजय यादव ने बताया कि मतदान केंद्र संख्या 100 (मध्य विद्यालय अमझर) की दिव्यांग मतदाता किरण कुमारी, मतदान केंद्र संख्या 36 (प्राथमिक विद्यालय अमरौल, उ भाग) के दिव्यांग मतदाता मुसाहिद रजा, मतदान केंद्र संख्या 36 (प्राथमिक विद्यालय अमरौल, उ भाग) के वरिष्ठ मतदाता लालधारी सिंह (उम्र 85 वर्ष से अधिक ) ने अपने घर में ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया.

### इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय हजारीबाग की छात्राएं सम्मानित, माध्यमिक परीक्षा में राज्यस्तर पर किया था उत्कृष्ट प्रदर्शन

# भविष्य में स्कूल का परचम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लहरायें : सुमनलता बलिहार

**संवाददाता। हजारीबाग**

युवा भारत के लिए एक बहुमूल्य संसाधन हैं, जो न केवल देश की उन्नति में बल्कि वैश्विक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देने की क्षमता रखते हैं. उक्त बातें प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय कार्यालय सभागार में आयोजित झारखंड अधिविध परिषद दसवीं परीक्षा में राज्य स्तर पर प्रथम 10 स्थान पाने वाले इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय के मेधावी छात्राओं के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहीं. उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आपने जो कर दिखाया है उसकी मनोकामना कई बच्चे करते हैं, लेकिन आप सबने अपनी कड़ी मेहनत से इस चिराग को





जलाया है. आप सबों ने यह पहला सोपान पार किया है. मैं कामना करती हूं कि भविष्य में बेहतर कैरियर विकल्प चुनकर आप पूरे राष्ट्र में अपना परचम लहराये और अपने स्कूल का नाम रोशन करें.

**इनको किया गया सम्मानित :** राज्यस्तर पर सिर्फ नौवें स्थान को छोड़कर प्रथम 10 स्थान पाकर इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय हजारीबाग की छात्राओं ने अपना परचम लहराया है. प्रथम स्थान पर ज्योत्सना ज्योति ने 99.2 प्रतिशत, द्वितीय स्थान सना संजुरी ने 98.6 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर करिश्मा कुमारी एवं श्रष्टि सौम्या ने 98.4 प्रतिशत, चौथा स्थान सुप्रिया कुमारी ने 98.2 प्रतिशत, पांचवा स्थान सुकृति कुमारी एवं तनु राज मुक्ति ने 98 प्रतिशत, छठा स्थान प्रेरणा तिर्की, सुभांगी सिंह एवं रिया कुमारी ने 97.8 प्रतिशत, सातवा स्थान अंकिता कुमारी एवं सिमरन कुमारी ने 97.6 प्रतिशत, आठवां स्थान कल्पना कुमारी, तनुजा कुमारी कमल एवं पुष्पा कुमारी 97.4 प्रतिशत एवं दसवां स्थान पर सपना रानी, करिश्मा कुमारी एवं शुभ स्वर्ण 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हासिल किए हैं. उक्त सभी छात्राओं को आयुक्त के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया. साथ ही उनके प्राचार्या महोदया को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया.इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या सह क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग सुमनलता टोपनो बलिहार ने उक्त सम्मान समारोह में राज्यस्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को धन्यवाद करते हुए अपने इसी जज्बे को बनाए रख भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन कर स्कूल का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने की शुभकामनाएं दी. समारोह में आयुक्त के सचिव उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग, अवर सचिव उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, कोषागार पदाधिकारी हजारीबाग, प्रमंडल कार्यालय के कर्मीगण, छात्राओं के अभिभावक व शिक्षकगण मौजूद थे.

### राजग प्रत्याशी ने बड़कागांव क्षेत्र के कोयलांचल में किया जनसंपर्क

# भाजपा प्रत्याशी जायसवाल ने जनसंवाद कर मांगा वोट



**संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में मतदान का दिन जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार तेज़ होता जा रहा है. एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को रामगढ़ जिले के बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के कोयलांचल इलाके में धुआंधार जनसंपर्क अभियान चलाया और जनसंवाद किया. जायसवाल ने पतरातु प्रखंड स्थित कुल 14 स्थानों का तूफानी दौरा किया. उन्होंने सीआईसी. बरकाकाना बस्ती, घुटवा, लपंगा, देवरिया, बलकुदरा, गेगदा, किन्नी मोड़, बीचा, हरिहरपुर (करघुटवा चौक), लबगा, मतकमा चौक, भुरकुंडा, सौंदा- डी, सौंदा बस्ती, न्यू मार्केट और पतरातु में सघन चुनाव प्रचार किया. इस दौरान मतकमा चौक से भुरकुंडा बाज़ार तक पदयात्रा कर अपने पक्ष में वोट मांगा. वहीं जायसवाल का भाजपा और आजसू कार्यकर्ताओं ने बाइक जत्थे के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया. हर जगह पर स्थानीय लोगों ने सम्मान किया. इस क्षेत्र के भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के कार्यकर्ताओं संग विशेष बैठक भी मनीष जायसवाल ने की. बीएमएस के कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कराने का भरोसा जताया.

**जनसंपर्क के दौरान ये नेता-कार्यकर्ता थे मौजूद :** मौके पर विशेषरूप से राजीव रंजन सिंह, बृजेश कुमार, राम विनय त्रिपाठी, ब्रजकिशोर राम, प्रो.के. पी. शर्मा, राधे श्याम अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष सागर दांगी, दिनेश प्रसाद, रंजय कुमार कुंटू बाबु , पंकज गुप्ता, आजसू के केंद्रीय सचिव विजय साहू, योगेश दांगी, संजय साह, छठी लाल प्रसाद, सुनील साह, अनिल खरवार, फुलेश्वर तुरी, राजेन्द्र मुंडा, पंचम महतो, बानेश्वर राम, नितेश कुमार, राजेन्द्र ठाकुर, कूमेल उरांव, आंनद कुमार, प्रमिला देवी, गीता देवी, गुलाबो देवी, सुशीला देवी आदि मौजूद थे.

### प्रचंड मतदान कर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त करने की अपील की

जायसवाल ने कहा कि आप हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का एक-एक एनडीए कार्यकर्ता और जनता अपने को सिर्फ वोटर नहीं मोटीवेटर समझें और एकजुट होकर प्रचंड मतदान कर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का रास्ता प्रशस्त करें . जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता बेहद जागरूक है और विश्व स्तर के नेता नरेंद्र मोदी को आगे बढ़ाते हुए हिंदुस्तान को विश्व पटल पर सशक्त बनाने की दिशा में सकारात्मक सोच रखती है . उन्होंने यह भी कहा कि मनीष जायसवाल नेता नहीं आपका बेटा/ भाई बनकर राजनीति को जनसेवा का माध्यम बनाया है और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद मिला तो सांसद बनकर क्षेत्र के हरेक जनमुद्दे को सदन के पटल पर पुरजोर तरीके से उठाऊंगा .

## मोदी सरकार ने 10 साल में गरीबों का खून चूसने का किया काम : मेहता

**हजारीबाग ।** हजारीबाग के पूर्व सांसद सह भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने शुक्रवार को हजारीबाग के कटकमसांडी प्रखंड के पाराटांड, बेलगड्डा, नवादा, कंडसार, पेलावल सहित कई गांव का दौरा किया . मेहता ने कहा कि झारखंड में विस्थापन एवं बेरोजगारी एक ज्वलंत समस्या है . इस समस्या पर न तो भारतीय जनता पार्टी और उसके घटक दल आवाज उठा रहे हैं . न ही कांग्रेस झामुमो या उनके घटक दल समस्या को निजात करना चाहते हैं . झारखंड में विस्थापन और शिक्षित बेरोजगारों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है . उन्होंने कहा कि राजनीतिक पार्टियों झूठे आश्वासन देकर सत्ता पर काबिज होती हैं और जनता की समस्या को दरकिनार कर काम करती है . 2014 में भाजपा की सरकार जब नहीं बनी थी . उस समय भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी कह रहे थे, कि विदेशी बैंकों में जो भी काला धन है उसे वापस लाया जाएगा . लेकिन आज तक इन्होंने न तो काला धन वापस लाया न ही 15 लाख किसी गरीब के खाते में आया, बल्कि महंगाई को बढ़ाकर गरीबों का खून चूसने का काम किया .

## तीन विद्यार्थी ब्लूम स्कूल ओलंपियाड में बने नेशनल टॉपर

**चौपारण।** प्रखंड के बहेरा में नव भारत जागृति केंद्र द्वारा संचालित सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल के तीन विद्यार्थी ने ब्लूम स्कूल ओलंपियाड में नेशनल टॉपर बनकर विद्यालय का नाम रौशन किया. स्कूल के ब्लूम स्कूल ओलंपियाड सत्र (2023-24) में कृष्ण कुमार (25वीं रैंक), रानू सिंह (07वीं रैंक), अंशिका कुमारी (06वीं रैंक) हासिल कर स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीता. उपरोक्त तीनों छात्र विद्यालय के आठवीं ए से हैं और इस सत्र में नौवीं ए में अध्ययनरत हैं. इनकी सफलता पर ओलंपियाड कॉर्डिनेटर राजीव रंजन लाल, वर्ग शिक्षिका अमृता मैसी सहित अन्य ने सभी विजेताओं और शिक्षकों को बहुत-बहुत बधाई दी. वहीं प्रिंसिपल रीना पांडे ने तीनों विजेताओं और शिक्षकों को बधाई दी. साथ ही उन्होंने इस सफलता पर कहा कि हमारे छात्रों ने हमारे स्कूल के लिए एक बड़ा इतिहास बनाया है.

## प्रतिभावान विद्यार्थियों को ससम्मान दी गयी विदाई

**चौपारण ।** गबसरिया पंचायत में संचालित डॉ. बंसत नारायण सिंह 2 उच्च विद्यालय में दिन शुक्रवार को 2024 मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया. प्रतिभा सम्मान सह विदाई समारोह कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय सचिव रवि सोनी, प्रधानाचार्य अशोक रजक, इंटर प्रभारी जाबिर अंसारी, शिक्षक प्रतिनिधि साकेत कुमार सहित अन्य ने क्रिया. विद्यालय के टॉप 20 प्रतिभाशाली बच्चों को झारखंडी व क्रांतिकारी गमछा देकर सम्मानित किया गया. बच्चों ने पूर्ववर्ती बच्चों को पुष्पवर्षा कर स्वागत किया.

# विभावि को बहुत अच्छा ग्रेड प्राप्त होगा : प्रो. शुभ शंकर सरकार

**संवाददाता। हजारीबाग**

**खास बातें**

- विश्वविद्यालय को कुशल प्रबंधन की जरूरत : प्रो . जॉनी
- कुलपति को उम्मीद, नैक टीम कमियों की अनदेखी करेगी

विश्वविद्यालय के पास खूबसूरत परिसर है. बहुत सारे आवश्यक संरचना उपलब्ध हैं. रिक्तियों के बावजूद शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय के लिए बहुत कुछ किया है. हमारे प्रतिवेदन के आधार पर विश्वविद्यालय को बहुत अच्छा ग्रेड मिलना चाहिए. उक्त बातें नैक पीयर टीम के अध्यक्ष प्रोफेसर शुभ शंकर सरकार ने कही. वह गुरुवार देर शाम को स्वामी विवेकानंद सभागार में एग्जिट मीटिंग में अपना विचार रख रहे थे. इससे पूर्व नैक पीयर टीम के सभी सदस्यों ने बंद लिफाफे में अपना प्रतिवेदन विश्वविद्यालय के कुलपति सुमन कैथरीन किसपोट्टा को समर्पित किया. इसमें टीम के अध्यक्ष के अतिरिक्त समन्वयक प्रोफेसर जॉनी जॉनसन एवं सदस्य प्रोफेसर रणदीप राणा, प्रोफेसर के एस पुष्पा, प्रोफेसर अरविंद सिंह सजवान एवं प्रोफेसर रमेश चंद्र ने भाग लिया. कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के छात्रकल्याण संकायअध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ) मिथिलेश कुमार सिंह ने किया. इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी संकायअध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, निदेशक, आइक्यूएसी के निदेशक एवं सदस्य तथा नैक कोषांग के समन्वयक एवं सदस्य उपस्थित थे.

**विश्वविद्यालय परिसर का "शो केसिंग" किया जाए :** प्रोफेसर सरकार ने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति एक बहुत ही सुलझी हुई महिला हैं, जो अपने आयुक्त की जवाबदेही के साथ-साथ विश्वविद्यालय के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं. इसके अलावा अन्य सभी सदस्यों ने भी अपने विचार रखें. सदस्यों ने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय का आतिथ्य से वे बहुत ज्यादा प्रभावित थे. विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों ने बहुत मेहनत की और विश्वविद्यालय परिवार ने नैक टीम को इस कठिन कार्य को करने में बहुत सहयोग किया. सदस्यों ने अपने-अपने तरीके से यह बताया कि विश्वविद्यालय के पास इतनी सारी चीजें हैं कि विश्वविद्यालय को बहुत अच्छे ग्रेड प्राप्त हो सकते हैं, परंतु कई बार ऐसा अनुभव किया गया कि विश्वविद्यालय परिसर को गोदाम बनाकर रखा गया है. आने वाले दिनों में ऐसा नहीं करके यदि इसका "शो केसिंग" किया जाए तो वह श्रेयस्कर होगा. उन्होंने कहा कि हम लोग बार-बार कागजात या प्रमाण की मांग करते थे ताकि हम आपके बारे में जो अच्छा लिख रहे हैं उसको कभी कोई चुनौती नहीं दे सके. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय की कुलपति सुमन कैथरीन किसपोट्टा ने टीम के प्रति आभार जताया. उन्होंने कहा कि वह आयुक्त के साथ अतिरिक्त दायित्व में कुलपति का कार्य संभाल रही हैं. हो सकता है तैयारी में कहीं कोई कमी रह गई होगी. कुलपति ने आशा व्यक्त की कि नैक पीयर टीम ने निश्चित ही इस तरह की कमी की अनदेखी की है.

# हाथियों ने चुरचू के कानाबांद में एक घर को किया क्षतिग्रस्त



**संवाददाता। चुरचू**

प्रखंड की चनारो पंचायत अंतर्गत चीची खुर्द कानाबांध टोला में गुरुवार की रात्रि लगभग 11:30 बजे बुधन सोरेन के घर को जंगली हाथियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया. साथ ही घर में रखे 6 क्विंटल चावल, 50 किलो गेहूं, 80 किलो मड़वा, 2 क्विंटल आलू एवं अन्य सामग्री चट कर गए. जानकारी के अनुसार यह जंगली हाथियों का दूसरा झुंड है. इस झुंड में कुल 18 हाथी हैं, जबकि पहला झुंड कुछ दिनों पहले लारा से कोनार नदी के किनारे जमा हुआ था. इस झुंड में कुल 22 हाथी हैं. वर्तमान में दोनों झुंड मिलकर खुरंडीह में जमे हुए हैं. वन-विभाग दोनों झुंड पर नजर रखा है. झरना झारखंड ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद सोरेन की पहल से भुक्तभोगी परिवार को राहत के लिए 25 किलो चावल समाज सेवी विकास टुडू ने उपलब्ध करवाया. चीचीकला के हकीम हुसैन पिता समरूदीन खान ने भी 20 किलो चावल बुधन सोरेन को सहयोग किया. वहीं बुधन सोरेन ने घर की क्षतिपूर्ति के लिए वन एवं आपदा प्रबंधन विभाग से मदद की गुहार लगाई है.

# कुएं से किशोर का शव बरामद हुआ परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**संवाददाता। हजारीबाग**

**खास बातें**

- पिता ने पुलिस थाने में दर्ज कराया अपहरण का मामला
- पुलिस परिजनों के बयान के आधार पर पड़ताल में जुटी है

कटकमदार थाना क्षेत्र के सुल्तान स्थित कुएं से एक नाबालिग का शव पुलिस ने शुक्रवार को बरामद किया. मृतक की पहचान सलगावा निवासी तशरीफ़ के 17 वर्षीय नाबालिग पुत्र हसीबुल रहमान के रूप में हुई. बताया जा रहा है कि कटकमदाग थाना क्षेत्र के सलगा गांव से एक नाबालिग युवक का 4 मई को अपहरण हो गया था. इस संबंध में मामला थाने में दर्ज करवाया गया था. अपहरण का आरोप एक युवक और उसके परिजनों पर लगाया था. आरोपी युवक केरेडारी थाना क्षेत्र के करमाहि गांव का मो. इमरान, पिता कलु मिया है. लापता व अपहृत युवक के पिता मो. तसरीफ ने बताया कि उसके बेटे हसीबुल को 4 मई को आठ बजे सुबह इमरान ने फोन करके बुलाया और उसका अपहरण कर लिया..अपहरण के पीछे कोई निजी मामला बताया गया है. वह बड़कागांव प्लस टू हाइ स्कूल का नौवीं कक्षा का छात्र है. उन्होंने कटकमदाग पुलिस से शीघ्र सकुशल बरामद करने की मांग की थी. गुरुवार को दर्जनों ग्रामीणों के साथ पीड़ित परिवार कटकमदाग थाना पहुंचे और पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई थी. कटकमदाग पुलिस आरोपी युवक इमरान को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी.

## नदी में नहाने के दौरान युवक की डूबने से मौत

**रामगढ़।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के नलकारी नदी में नहाने के दौरान डूबने से एक युवक की मौत हो गई . घटना शुक्रवार की है . जानकारी के अनुसार पटेल नगर के तीन युवक सूरज, संतोष और सौरव टाटा मैजिक वाहन पर मिनरल वाटर सप्लाई करने सौंदा की ओर गए थे . लौटने के क्रम में तीनों युवक नलकारी नदी पर रुक गए . इस दौरान पटेल नगर निवासी सूरज कुमार (22) नदी में नहाने लगा . नहाने के क्रम में झरने के निकट वह डूबने लगा . हो हल्ला सुन स्थानीय लोग जुट गए . युवक को भुरकुंडा अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत की पुष्टि कर दी गई .

# 17.54 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन को गिरफ्तार किया



**संवाददाता। रामगढ़**

एसपी विमल कुमार के निर्देश पर पतरातू पुलिस ने छापेमारी कर 17.54 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. इस संबंध में पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वीरेंद्र राम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पतरातू क्षेत्र में मादक पदार्थ की खरीद बिक्री से संबंधित गुप्त सूचना मिली थी. पतरातू थाना क्षेत्र के खैरा मांझी चौक स्थित एक बंद स्टोन क्रशर के पास से तीन संदिग्ध युवकों को पुलिस ने पकड़ा, जिनकी पहचान अमृतनाथ, राहुल गुरुंग, रोहित दांगी के रूप में हुई. तीनों युवकों के पास से 17.54 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया. गिरफ्तार अमृतनाथ उपाध्याय के पास एक कीपैडमोबाइल, 500 नकद, स्कूटी और 1.4 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त किया गया. राहुल के पास से एक मोबाइल, 0.54 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त किया गया, जबकि रोहित कुमार दांगी के पास से एक एंड्राइड मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, 2690 रुपये नकद और 16. 26 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त किया गया. तीनों आरोपियों को न्यायिक विरासत में भेज दिया गया है.

### जल संकट तापमान बढ़ते ही उत्पन्न होने लगी पेयजल की भीषण समस्या

# डांटो में खुलने लगी नल जल योजना की पोल

**संवाददाता। कटकमसांडी**



**खास बातें**

- परेवातरी में ग्रामीण कर रहे जल नल योजना का विरोध
- जंगलों की गोद बसे परेवातरी में 30-40 घर

प्रखंड क्षेत्र की डांटो पंचायत के परेवातरी में इन दिनों पेयजल की भीषण समस्या उत्पन्न हो गयी है. इसको लेकर ग्रामीण गोलबंद होकर जलनल योजना का विरोध कर रहे हैं. ग्रामीणों का कहना है कि स्थानीय जनप्रतिनिधि और ठेकेदार द्वारा जैसे-तैसे अधूरा काम किया गया है, जिसका खामियाजा आम लोग भुगत रहे हैं. जंगलों की गोद में बसे परेवातरी में लगभग 30-40 घर हैं. स्थानीय लोगों ने बताया कि संवेदक की मनमानी से काफी परेशानी उठाना पड़ी रही है. चापानल से केवल बरसात के मौसम में ही पानी निकलता है, किंतु लाख मना करने पर भी ठेकेदार ने यह कह कर उसमें मोटर डाल दिया कि पुराने चापानल में ही मोटर डालने का स्टीमेट है, आप लोगों को जहां जाना है जाओ. फिलहाल तापमान अधिक बढ़ते ही जलनल योजना की पोल जिला और प्रखंड क्षेत्र के लुपूंग में खुलने लगी है. चूंकि कहीं पानी है तो नल घर तक पहुंचाया नहीं गया है. कहीं महज जलनल का ढांचा हाथी का दांत बनकर खड़ा दिखाई दे रहा है. हम लोगों को देखने वाला कोई नहीं है. चुनाव आते ही नेता सब्जबाग दिखाने में कोई कमी नहीं करते है, किंतु चुनाव खत्म तो क्षेत्र की समस्या भी खत्म. वैसे में हम ग्रामीण ठगे के ठगे रह जाते हैं.

# 2029 तक वन नेशन वन इलेक्शन लागू होकर रहेगा : प्रतुल शाहदेव

**संवाददाता। हजारीबाग**



देश शरिया कानून से नहीं बल्कि अपना कानून से चलता है. हमारा मुद्दा एक देश एक कानून का है. उक्त बातें लक्ष्मी सिनेमा हॉल परिसर में भारतीय जनता पार्टी के मीडिया सेंटर के उद्घाटन के अवसर पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह लोकसभा क्लस्टर प्रभारी प्रतुल शाहदेव ने कहीं. उन्होंने कहा कि आज भारत देश काफी मजबूत है. पहले चीन सीमा लांघ जाती थी, पाकिस्तान सिर काट कर ले जाते थे, परंतु अब ऐसा नहीं है. देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने किसी भी बाहरी तत्वों की हिम्मत नहीं होती है. प्रधानमंत्री मोदी के सामने एक देश एक झंडा हुआ. भाजपा के शासन में 2029 तक वन नेशन वन इलेक्शन लागू होकर रहेगा. पहले गरीबों का पैसा गरीबों तक नहीं पहुंच पाता था. देश में जन धन योजना की 50 करोड़ खाताएं खुलीं. उज्ज्वला योजना से राहत मिली. आयुष्मान भारत योजना से एक गरीब को भी अमीरों जैसी सुविधाएं प्राप्त हुई. आदिम जनजातियों के लिए कॉरपस फंड का सृजन किया गया. संथाली भाषा को आठवीं सूची में लाया गया. बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को वृहद पैमाने पर मनाया गया. झारखंड में लूट खसोट की हेमंत सोरेन की सरकार रही. हेमंत सोरेन ने झारखंड में परिवारवादी शासन चलाया. मौके पर प्रदेश प्रवक्ता समेत हजारीबाग के भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, लोकसभा संयोजक टुन्नू गोप, जयनारायण मेहता आदि मौजूद थे.

# आपका सांसद कैसा हो: बुद्धिजीवियों ने कहा

# जो अपने कार्यों से क्षेत्र की पहचान बना सके




- *जात-पात और सांप्रदायिक भेदभाव से ऊपर उठकर काम करें*
- *लोकप्रिय हो और जनसमस्या निराकरण में रुचि रखता हो*
- *शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की दिशा में काम करने का विजन हो*
- *जन भावनाओं को समझे और उनके अनुरूप काम करे*

*झारखंड में लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा जोरों पर है. लोग अपने अपने तर्कों के आधार पर अपने क्षेत्र के लिए आदर्श सांसद प्रत्याशी की बात कर रहे हैं. यानी आपका सांसद कैसा हो इस पर अपनी राय जाहिर कर रहे हैं. झारखंड में हर क्षेत्र की अपनी विशेषताएं और समस्याएं भी हैं. कहीं जन सुविधाओं की कमी है तो कोई क्षेत्र आधुनिकता की दौर में काफी पीछे हैं. ऐसे में सांसद प्रत्याशी का गुणवान होना काफी महत्व रखता है. इस संबंध में लोगों ने अलग-अलग राय जाहिर की है. पर ज्यादातर लोग चाहते हैं कि उनका प्रत्याशी पढ़ा-लिख,ईमानदार और लोकप्रिय तो हो ही, क्षेत्र की मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त करने की भी क्षमता रखता हो. साथ ही उनकी छवि अच्छी हो और जो आधुनिकता की इस दौड़ में अपने कार्यों से क्षेत्र और अपनी पहचान सके. वह जात-पात और सांप्रदायिक भेद भाव से ऊपर उठकर कार्य करने वाला हो.* ***शुभम संदेश की टीम ने विभिन्न जिलों में समाज के बुद्धिजीवियों से उनकी राय जानी है, पेश है रिपोर्ट.***

## बोकारो

### युवाओं का पलायन रोकने की दिशा में काम करे, साथ ही रोजगार दे : सुनील कपरदार



बोकारो जिले के कसमार प्रखंड निवासी बुद्धिजीवी सुनील कपरदार ने कहा कि हमारा गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र पिछले कई दशक से युवाओं के पलायन को लेकर चर्चित है, इसलिए हमारा सांसद ऐसा हो जो क्षेत्र में रोजगार की नई नई इकाई स्थापित कर युवाओं का पलायन रोक सके. साथ ही हर प्रखंड में डिग्री कॉलेज व सुविधायुक्त अस्पताल खुलवाने की पहल करे. उन्होंने बताया कि सांसद ऐसा हो जो जनता एवं क्षेत्र की हर तरह की समस्या पर त्वरित पहल कर विकास कार्य करें.

### प्रत्याशी ऐसा हो जो हर समय जनता की सेवा में उपलब्ध हो : दुर्गा प्रजापति



बोकारो जिले के कसमार प्रखंड के गर्री निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक दुर्गा प्रसाद प्रजापति ने कहा कि चुनाव के समय नेता जिन वादों को लेकर वोट मांगे और जीतकर उसे पूरा कर दिखाए, ऐसा हो हमारा सांसद. जो हर समय जनता की सेवा एवं सुख दुख में उपलब्ध रहकर सेवा करे. उन्होंने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है, इसलिए सांसद ऐसा हो जो राष्ट्रीय मुद्दे पर हमेशा संवेदनशील हो और सदन में मुखर होकर लगातार विकास कार्य को सरजमीं पर उतारने के लिए प्रयासरत हों.

### सड़क से लेकर सदन तक अपने क्षेत्र की आवाज को बुलंद कर सके : नियोति दे



बोकारो जिले की अधिवक्ता एवं कसमार प्रखंड प्रमुख नियोति दे ने कहा कि बड़े बड़े भाषण देकर जो जनता को गुमराह करे, वैसा सांसद न हो. जो खेती किसानी को बढ़ावा दे और हर आम से खास लोगों के हित में कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारे, वैसा हमारा सांसद हो. उन्होंने कहा कि जिनके अंदर जनमुद्दों को लेकर सकारात्मक सोच एवं समझ हो, वैसा सांसद को जिताकर संसद में भेजना चाहिए. बड़े बड़े धनकुबेरों को नहीं, बल्कि जल जंगल जमीन का जो संरक्षण एवं संवर्द्धन कर सके, वैसा हमारा सांसद हो.

### किसानों की हित में योजनाएं लेकर अपने क्षेत्र में हरित क्रांति लाए : प्रसेनजित कुमार



बोकारो जिले के दांतू निवासी कृषि विशेषज्ञ प्रसेनजित कुमार ने बताया कि खेती किसानी जीवन का मूल आधार है. हमारा सांसद ऐसा हो जो किसानों के हित में नई नई कल्याणकारी योजनाएं लेकर खेती किसानी में हरित क्रांति लाए. साथ ही कृषक बहुल हमारे गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में जो पलायन को रोककर कृषि क्षेत्र में युवाओं को रोजगार दे. इसके अलावा क्षेत्र की मूलभूत समस्या को दूर कर पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा, रोजगार व विकास के नाम पर कल कारखाने स्थापित कर सके, वैसा हमारा सांसद हो.

### हमारा सांसद ऐसा हो जो बेरोजगारों को रोजगार दिला सके : शैलेंद्र राम



बोकारो जिले के बेरमो प्रखंड के जारंगडीह निवासी सेवानिवृत्त सीसीएल कर्मी शैलेंद्र राम ने कहा कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र की दशा दिशा को सुदृढ़ता के लिए सही नेतृत्वकर्ता की आवश्यकता है, जो बेरोजगारों की समस्या तथा शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और महिलाओं का सर्वांगीण विकास के मुद्दे पर कार्य कर सकें. उन्होंने कहा कि हमारा सांसद ऐसा हो जो बेरोजगारों को रोजगार दिला सके और युवाओं के लिए शिक्षा के अत्याधुनिक केंद्रों की स्थापना कर सके.

## लोहरदगा

### जात-पात से ऊपर उठकर विकास का काम करने वाला हो : बैजनाथ प्रजापति



कुड़ू प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय सलगी के प्रभारी प्रधानाध्यापक बैजनाथ प्रजापति ने कहा कि मेरा सांसद वैसा होना चाहिए जो जात-पात से ऊपर उठकर हर क्षेत्र में विकास करने की क्षमता रखता हो. स्वास्थ, शिक्षा और बेरोजगारी इस क्षेत्र की प्रमुख समस्या है. जिसका निराकरण करने वाला ही हमारा प्रतिनिधि हो सकता है.

### स्वच्छ आचरण और जन कल्याणकारी विचार वाला हो सांसद : आफताब अख्तर



राजकीय प्राथमिक विद्यालय कसियाडीह किस्को लोहरदगा के प्रभारी प्रधानाध्यापक आफताब अख्तर ने कहा कि सांसद का आचरण स्वच्छ और जाति ,धर्म और संप्रदाय से उठकर जनकल्याणकारी विचार वाला हो. चूंकि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है. सभी के सहयोग और विश्वास जीतकर ही राष्ट्र के विकास की कल्पना को साकार किया जा सकता है. इसलिए मेरा सांसद सब को लेकर चलने वाला होना चाहिए.

### पढ़ा-लिखा और अच्छी समझ वाला ईमानदार व्यक्ति हो : डॉ. कृष्णा सिंह



15 सालों से क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ पहुंचा रहे प्रैक्टिशनर डॉ कृष्णा सिंह ने कहा कि लोहरदगा लोकसभा का सांसद ऐसा हो जो पढ़ा लिखा, ईमानदार और सभी को एक सूत्र में पिरोकर उनका समुचित विकास करने की क्षमता रखता हो. साथ ही जिसे स्थानीय समस्याओं की जानकारी हो और जनता के बीच लोकप्रिय भी हो. वैसा व्यक्ति ही सब को एक सूत्र में पिरोकर क्षेत्र का विकास कर सकता है.

### जो जाति- धर्म से ऊपर उठकर काम करने वाला व्यक्ति हो : फिरोज अंसारी



लोहरदगा कुड़ू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सुंदरू के सामाजिक कार्यकर्ता फिरोज अंसारी ने कहा कि हमारा सांसद पढ़ा-लिखा और जाति धर्म से ऊपर उठकर काम करने वाला हो. साथ ही क्षेत्र की समस्याओं को संसद में रखने और उसका निराकरण करने की क्षमता रखता हो. विकास के मामले में यह जिला अभी भी पीछे है. इसका कैसे विकास किया जाए इसकी समझ उन्हें हो.


### साफ सुथरी छवि वाला व जनकल्याण कार्य करने में रुचि रखता हो : फुन्नी साहू



लोहरदगा जिला अधिवक्ता संघ के एज्क्यूटिव मेम्बर अधिवक्ता फुन्नी साहू ने कहा कि हमारा सांसद वैसा होना चाहिए जो जनकल्याणकारी कार्यों को करने में रुचि रखता हो. साथ ही जो इस क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार तथा आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगा सके. उसकी छवि साफ सुधरी और ईमादार प्रवृति का व्यक्ति हो. यहां की समस्यों को संसद में प्रमुखता से उठा सके और उसका निराकरण कर सके.

## बहरागोड़ा

### जो ग्रामीण क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दे: तुषार क्रांति सेन



सेवानिवृत शिक्षक तुषार क्रांति सेन ने बताया कि होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए हम ऐसे व्यक्ति का चयन करेंगे जो ग्रामीण क्षेत्र का विकास के लिए हमेशा तत्पर हो. साथ ही ग्रामीणों के मूलभूत आवश्यकताओं के लिए संसद में अपना बात रख सके और सरकार सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ उचित लोगों को मिल पाए.

### जो व्यक्ति सामाजिक और कर्मठ हो : श्यामल माईती




शिक्षक श्यामल माईती ने बताया कि संसद का पांच साल के कार्यकाल को देखते हुए ऐसे व्यक्ति को चुनना चाहिए जो सामाजिक तथा समाज के लिए अहम योगदान देता हो. साथ ही अपने निजी स्वार्थ से आगे उठकर समाज के हर दबे कुचले व्यक्ति को आगे लाए. वह लोगों से आसानी से मिल सके और क्षेत्र की समस्या को समझ सके.

### विकास करने वाले को चुनेंगे जनप्रतिनिधि: जयंत घोष



जयंत घोष ने बताया कि शहरी क्षेत्र में प्रायः सभी सुविधा उपलब्ध है लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य ,सड़क, बिजली, पानी जैसे मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था न के बराबर है जिसे जनता तरस रही है . इसलिए ऐसे जनप्रतिनिधि का चयन करेंगे जो हमारे मूलभूत सुविधा उपलब्ध करा सके.

### जो बेरोजगारी का दर्द संसद में रख सके: तापस बारिक



तापस बारिक ने बताया कि दिन प्रतिदिन देश के साथ-साथ क्षेत्र में भी शिक्षित बेरोजगार युवाओं का संख्या बढ़ रही है. लेकिन इस बार वैसे जनप्रतिनिधि का चयन करेंगे जो बेरोजगारों का दर्द संसद भवन पर रख पाएंगे और बेरोजगारी की दर को कम करेंगे.साथ ही अपने संसदीय क्षेत्र का विकास तीव्र गति से कर पाएंगे.



## आदित्यपुर

### संसद में उठा सके जनता की आवाज : प्रो. सुरेंद्र कुमार महतो


देश में आजकल अपने अपने संसदीय क्षेत्र के सांसद चुनने की प्रक्रिया चल रही है. मैं एक शिक्षाविद हूं और सांसद चनय पर मेरा कहना है कि हमारे क्षेत्र का सांसद ऐसा होना चाहिए जो जन जन की आवाज को बहुत ताकत के साथ संसद में उठाएं. जिससे क्षेत्रीय जनता की आकांक्षा पूरी हो. हमें ऐसा सांसद नहीं चाहिए जो संसद में कभी कोई आवाज ही नहीं उठा सके.

### अपना मत साफ सुथरी छवि वाले को दें : सतीश कुमार सिंह

सांसद ऐसा चुनें जो आमजन की समस्याओं को संसद में उठाए न कि पैसे की लालच में पूंजीपतियों की आवाज बने. एक अधिवक्ता होने के नाते मैं कहना चाहता हूं कि अपना मत साफ सुथरी छवि वाले को ही दें .कई कानूनों में संशोधन की आवश्यकता है, जिसके चलते कुछ असामाजिक तत्व इसका लाभ उठा लेते हैं और आमजन को इंसाफ नहीं मिल पाता है.

## धनबाद

### विकास करने वाला हो : विजय मिश्रा



धनबाद कोर्ट के अधिवक्ता विजय कुमार मिश्रा ने कहा कि धनबाद का सांसद ऐसा हो जो धनबाद के विकास के बारे में सोचे. धनबाद का विकास करे. लॉ एंड ऑर्डर की व्यवस्था में सुधार करे. जिले की मूलभूत समस्याओं को सदन में उठा कर शहर का विकास करे. युवा बेरोजगारों के लिए रोजगार की व्यवस्था करे.

### देशभक्त व समाजसेवी हो : मनोहर



धनबाद कोर्ट के अधिवक्ता मनोहर प्रसाद सिंह ने कहा धनबाद का सांसद देशभक्त और समाजसेवी हो ताकि जिले की जनता अपनी समस्या को लेकर बेझिझक अपने सासंद से मिल सके. साथ ही जिले में एयरपोर्ट , एम्स, वर्षों से जारी जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए फ़्लाईओवर बनवाए. शिक्षा और स्वास्थ व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दे.

### समस्याओं को समझते हों : डॉ. अंसारी



डिगवाडीह स्थित संजीवनी सेवा सदन के डॉक्टर संजीव ए अंसारी ने कहा धनबाद का सांसद शिक्षित व अपराध मुक्त होना चाहिए. तभी जिले का विकास संभव है.सांसद के शिक्षित होने से जिले की अन्य जन समस्याओं का भी निदान होगा. आम जनता की जरूरतों को समझने वाला हो.

### जो सुख दुख में खड़ा हो : यादव



भौंरा रेलवे कालोनी निवासी अशोक यादव हमें ऐसा सांसद चाहिए जो देश का हित सोचे, न कि खुद का. जो जनता की समस्याओं को सुनकर उसका निदान करे. उनके सुख-दुख में खड़ा हो, उपलब्ध हो और उसके अंदर सेवा की भावना हो. हालांकि वर्तमान राजनीति में ऐसे लोग दुर्लभ ही मिलेंगे.

## लातेहार

### हमेशा उपलब्ध हो : उपेंद्र कुमार



व्यवहार न्यायालय, लातेहार के अधिवक्ता उपेंद्र कुमार ने कहा है कि सांसद को हमेशा जनता के लिए उपलब्ध होना चाहिए. सांसद ऐसा हो जो क्षेत्र के विकास के बारे मे सोचे. जिसके पास विकास का विजन हो. ऐसे ही प्रत्याशी को अपना बहुमूल्य मतदान देना चाहिए. लातेहार जिला में एक भी कल कारखना नहीं है. बेरोजगारी व और पलायन चरम पर है. यहां उच्च शिक्षा की भी कोई व्यवस्था नहीं है. दो डिग्री कॉलेज भवन का उदघाटन गत वर्ष फरवरी माह में हुआ है, लेकिन अभी तक पढ़ाई शुरू नहीं हो पायी.

### जनहित सर्वोपरी होना चाहिए: महेंद्र गुप्ता



इंडियन रेडक्रास सोसायटी, लातेहार के अध्यक्ष महेद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि सांसद के लिए जनहित सर्वोपरी होना चाहिए. क्षेत्र की जनता उन्हें एक उम्मीद व विश्वास के साथ संसद भेजती है. ऐसे में सांसद को क्षेत्र की समस्याओं को संसद मे प्रमुखता से रखना चाहिए और उसके निराकरण का उपाय करना चाहिए. अगर सांसद स्थानीय हो तो बहुत अच्छा. स्थानीय होने के कारण उनका क्षेत्र से भावनात्मक लगाव होगा. लातेहार जिला में मंडल डैम और चिरिमिरी रेल लाइन जैसी केद्र प्रयोजित परियोजनाये लंबित हैं. इन परियोजनाओं को पूरा करने का वायदा करने वाले प्रत्याशी को सांसद चुनना चाहिए.

### रोजगार बढ़ानेवाला हो: बलराम प्रसाद



विशाल विद्यालय के निदेशक बलराम प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र में बेरोजगारी व पलायन चरम पर है. ऐसे में क्षेत्र में रोजगार को बढ़ावा देने वाला सांसद होना चाहिए. लातेहार में अकूत खनिज व वन संपदा है. इसका इस्तेमाल क्षेत्र के विकास के लिए किया जा सकता है. जो कि इस समय पूरी तरह नहीं हो पा रहा है. क्षेत्र में पर्यटन की भी असीम संभावनाएं हैं. पर्यटन के विकास से काफी लोगों को रोजगार मिल सकता है. लातेहार में नेतरहाट व बेतला जैसे राष्ट्रीय स्तर के पर्यटन स्थल हैं. यहां सुविधाओं के अभाव में सैलानियों को परेशानी होती है. इन स्थलों में पर्यटन सुविधाएं बहाल कर राष्ट्रीय स्तर पर इसकी ख्याति को लाया जा सकता है. इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है.

## चाईबासा

### जनसुविधा बहाल करने में तत्पर हो : रविरंजन



जगन्नाथपुर डिग्री कॉलेज के सहायक प्रोफेसर रविरंजन कहना है कि अभी भी हमारे क्षेत्र में जनसुविधाओं की घोर कमी है. हम चाहते हैं कि हमारा सांसद प्रत्याशी ऐसा हो जो क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ, बिजली, पानी और आवागमन जैसी बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त कर सके और हमारी जन समस्याओं को संसद में रखकर उसका समाधान करवा सके. यहां ग्रामीण इलाकों की हालत अच्छी नहीं है. देश आधुनिकता की ओर बढ़ रहा है. इसलिए हम भी चाहते हैं कि चाईवासा को भी इसका लाभ मिल सके. जिसकी जानकारी हमारे सांसद प्रत्याशी को होना चाहिए.

## गिरिडीह

### क्षेत्र के लिए बेहतर सोच रखने वाला नेता ही सांसद बने : गिरिधारी शर्मा



गावां प्रखंड के रिटायर्ड प्रोफेसर गिरिधारी शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के लिए बेहतर सोच रखने वाला नेता को ही सांसद बनना चाहिए . कोडरमा संसदीय क्षेत्र में आज भी बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा,सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है . आजादी के इतने वर्ष बाद भी कई गाव के लोग आदिम युग में जी रहे हैं. तेज हवा और बारिश होने से कई दिनों तक बिजली गुल हो जाती है. चुनाव जीतने के बाद सांसद जनता को उसके ही हाल पर छोड़ देते है. उन्होंने कहा कि आज भी इस संसदीय क्षेत्र में कॉलेज और अस्पताल की अच्छी सुविधा नहीं है.

### ईमानदार और शिक्षित सांसद से ही क्षेत्र का विकास संभव : नवीन वर्मा




गांडेय प्रखंड के बुद्धिजीवी नवीन वर्मा का कहना है कि कोडरमा संसदीय क्षेत्र का सांसद शिक्षित और ईमानदार होना चाहिए, तभी क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो सकता है. अब-तक बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा बढ़ाने की दिशा में बहुत ज्यादा पहल नहीं हो सकी है. नव निर्वाचित सांसद को आधुनिकता की इस दौड़ में कई दिशा में बेहतर काम करना होगा. साथ ही क्षेत्र की समस्याओं को संसद में जोरदार तरीके से रखने और समाधान कराने की क्षमता होनी चाहिए. जिससे कि क्षेत्र की अलग पहचान बन सके.

### क्षेत्र की समस्याओं को रखने वाला होना चाहिए : डॉ. यूनुस अंसारी



धनवार प्रखंड के चिकित्सा डॉ. यूनुस अंसारी ने कहा कि क्षेत्र की जटिल समस्याओं को सदन में रखने वाला सांसद होना चाहिए . ऐसा सांसद होने से ही क्षेत्र का समुचित विकास हो सकता है . उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में महिला चिकित्सक की काफी कमी है . जो भी सांसद बने वह इस समस्या पर विशेष रूप से ध्यान दे . इसके अलावा सांसद मद की राशि शत-प्रतिशत खर्च हो . चुनाव जीतने के बाद सांसद अपना अधिक समय दिल्ली में बिताते हैं . इससे जनता को काफी परेशानी होती हैं. सांसद महोदय को ज्यादातर समय जनता के बीच होना चाहिए .

### सभी विषयों की जानकारी रखने वाला सांसद होना चाहिए : लक्ष्मण किशोर



जमुआ प्रखंड के शिक्षक लक्ष्मण किशोर ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी रखने वाला सांसद होना चाहिए . साथ ही साथ चुनाव जीतने के बाद सांसद पूरे पांच वर्ष तक जनता के बीच रहे . आम लोगों के सभी सुख-दुख में शामिल रहे. क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं की उनको जानकारी होनी चाहिए. साथ ही आधुनिकता के इस दौर में आधुनिकता का लाभ अपने क्षेत्र की जनता को दिलाने की क्षमता रखने वाला होना चाहिए. यह तभी संभव होगा जब उन्हें विभिन्न विषयों की जानकारी होगी.

# आश्चर्य कम, झटके अधिक

लोकसभा के इस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जहां एक ओर अत्यंत गरिमाहीन व अमर्यादित भाषण दे रहे हैं, वहीं उनके बयान एकदम तथ्यहीन भी होते हैं, जो देश के लिए आश्चर्य कम और झटके अधिक साबित हो रहे हैं. वैसे तो श्री मोदी जब से देश के राजनीतिक क्षितिज पर उभरे हैं, अपने वक्तव्यों से वे झूठ के अंबार खड़े कर रहे हैं. दो कार्यकाल के जरिये दस साल का शासन लगभग पूरे कर चुके प्रधानमंत्री ने जितने असत्य व अर्द्ध सत्य कहे हैं, उसकी चाहे जितनी बड़ी फेहरिस्त बना ली जाये, कई झूठ छूट ही जायेंगे. कई लोगों का मानना है कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए अति व्यग्र मोदी तीन चरण के हो चुके मतदान के बाद अपनी साफ दिखती पराजय से इतने खौफ खाये बैठे हैं कि उन्होंने लोगों को प्रभावित करने के लिए अपने भाषणों में झूठ का तड़का बढ़ा दिया है. हालांकि उसकी मात्रा कुछ ऐसी ज्यादा हो चली है कि अब ये भाषण बेस्वाद व कड़ुए हो चले हैं. विपक्ष, खासकर कांग्रेस पर वे अधिक हमलावर होते हैं. 'कांग्रेस मुक्त भारत' के नारे के साथ दिल्ली की गद्दी पर 2014 में विराजमान हुए मोदी ने 2019 में कहीं बड़ा बहुमत हासिल किया था. इससे ताकतवर बने मोदी के सामने अब बड़ा लक्ष्य था 'विपक्ष मुक्त भारत' बनाने का, जिसके लिए भारतीय जनता पार्टी ने तमाम अनैतिक उपाय किये. इनमें विरोधी दलों की सरकारों को गिराने से लेकर विपक्षियों को डरा-धमकाकर या खरीदकर अपने खेमे में लाना शामिल था. उन्हें भी भाजपा में शामिल किया गया जिन पर उसकी ओर से भ्रष्टाचार या परिवारवाद के आरोप लगाये जाते रहे हैं. इसकी भी बहुत बड़ी सूची है. इस 'ऑपरेशन लोटस' के चलते देश का संघीय ढांचा ही नहीं वरन पूरी की पूरी लोकतांत्रिक प्रणाली ही ध्वस्त कर दी गई. विपक्ष के कमजोर होने से मोदी सतत मजबूत होते चले गये. उन्होंने खुद को एकमात्र विकल्प बनाये रखने के लिए प्रतिपक्ष के साथ ही खुद की पार्टी को भी अपनी मुट्ठी में कर लिया. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भी उनके सामने एक नहीं चलती, जिसके कार्यकर्ता के रूप में खुद उनका सार्वजनिक जीवन शुरू हुआ था. दूसरी ओर दस वर्षों में देश की संसद के साथ सभी संवैधानिक संस्थाओं को किस कदर कमजोर कर दिया गया- यह हर कोई देख रहा है. सारे फैसले चुनिंदा लोगों के हित में लिए जा रहे हैं. देश के सार्वजनिक उपक्रम कौड़ियों के मोल प्रधानमंत्री के कारोबारी मित्रों के नाम चढ़ चुके हैं. प्रतिरोध की आवाजें उठनी ही बन्द हो गई थीं. विरोधी सांसदों समेत अपने खिलाफ़ उठने वाली हर आवाज़ को मोदी कुचलते चले गये. संसद के भीतर जनविरोधी फैसले कभी विरोधियों की अनुपस्थिति में तो कभी बिना चर्चा के, कभी अध्यादेशों के द्वारा या फिर सामान्य आदेशों के माध्यम से लिए गये.

> राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भी उनके सामने एक नहीं चलती, जिसके कार्यकर्ता के रूप में खुद उनका सार्वजनिक जीवन शुरू हुआ था. दूसरी ओर दस वर्षों में देश की संसद के साथ सभी संवैधानिक संस्थाओं को किस कदर कमजोर कर दिया गया- यह हर कोई देख रहा है.

## सुभाषित

**न चौर्यहार्यं न च राजहार्यं न भ्रातृभाज्यं न च भारकारि।**
**व्यये कृते वर्धते एव नित्यं विद्याधनं सर्वधनप्रधानम॥**

न तो इसे चोर चुरा सकता है, न ही राजा इसका हरण कर सकता है, न ही भाई इसका बंटवारा कर सकता है और न ही इसका कंधे पर बोझ होता है. सबसे बड़ी बात इसे खर्च करने पर सदा इसकी वृद्धि ही होती रहती है, ऐसा विद्याधन सभी धनों में प्रधान है.

# शहजादे, शहंशाह और आलम


**लगातार दस वर्षों से अपार बहुमत के साथ भाजपा शासन में है. सवालों की हकदार तो वह है ही. 2014 में अच्छे दिन, 2019 में राष्ट्रीय सुरक्षा को मुद्दा बनानेवाली भाजपा इस बार कोई ऐसा मुद्दा नहीं तय कर पायी, जो पहले से आखिरी चरण तक चल सके. उसने 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का कानून बनाने का श्रेय लेना चाहा. फिर 22 जनवरी को राम मंदिर का लोकार्पण करवा राममय चुनाव करने की कोशिश की गई. फिर चौधरी चरण सिंह और कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न नवाजने के बावजूद सामाजिक न्याय बड़ा मुद्दा नहीं बन सका.**



शहजादे, शहंशाह और आलम के बीच आम अवाम कहां है, इसका जवाब 18वीं लोकसभा के लिए सात चरणों में हो रहे आम चुनाव में भी शायद ही मिल सके. नरेंद्र मोदी 2014 से राहुल गांधी को पप्पू कहने लगे थे, जवाब में कांग्रेसी उनको फेंकू कहते थे. अब मोदी राहुल को शहजादे कहते हैं. मोदी को कांग्रेसी शहंशाह कहते हैं. आलम कहें तो जहांगीर आलम. वह झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस राज्य सेवा के पदाधिकारी संजीव लाल का नौकर है. संजीव, जहांगीर, ठेकेदार मुन्ना सिंह आदि के ठिकानों पर ईडी ने 6 मई को दबिश दी तो जहांगीर के नाम लिए गए फ्लैट में 31.20 करोड़ कैश के अलावा मुन्ना के यहां 2.93 करोड़ मिले. उस दिन कुल 35.13 करोड़ कैश जब्त किया गया. संजीव जैसे लोग इतने मनबढ़ू हैं कि 8 मई को ईडी को उसके दफ्तर में उसकी मेज की दराज से 1.75 लाख कैश के अलावा 28 हजार के पुराने नोट मिले. काले धन का जोर यह कि चुनाव आयोग ने 07 मई को कहा कि झारखंड में अबतक की चुनाव प्रक्रिया में 110 करोड़ की जब्ती की जा चुकी है, जबकि 2019 के चुनाव में महज पांच करोड़ जब्त किये गये थे.

ठीक दो साल पहले 6 मई 2022 को ईडी ने तत्कालीन खान सचिव पूजा सिंघल और उनके सीए सुमन कुमार के ठिकानों से 19.31 करोड़ जब्त कर सबको चौंका दिया था. उसके बाद कई तरह के मामले खोले जाने लगे. बीती 31 जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी बंदी बना लिये गये. झारखंड में ऐसा पहले भी हो चुका था. बात तब की है, जब पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा सहित उनकी कैबिनेट के चार-पांच सदस्य पकड़े गये थे. एक तत्कालीन मंत्री के पीएस के फिक्स डिपॉजिट खाते में 14 करोड़ मिले थे. कुछ मामलों को भले ही राजनीतिक या बदले की कार्रवाई कहा जाए, लेकिन जो जब्तियां हुईं, उनका हिसाब तो चाहिए ही.

• देश-काल



श्याम किशोर चौबे


ठेकेदार, बिचौलिए, नौकरशाह और नेताओं की चौकड़ी हर जगह हावी है, लेकिन कुछ खास जगहों पर ही ईडी आदि की कार्रवाइयां राजनीतिक सवाल बन जाती हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आठ मई को तेलंगाना के करीमनगर में कहा, 'मैं पूछना चाहता हूं कि शहजादे ने इस चुनाव में अंबानी-अडाणी से कितना माल उठाया है? काले धन के कितने बोरे भर-भर के मारे हैं. टेंपो भरकर नोटें कांग्रेस के लिए पहुंची हैं क्या? जरूर दाल में काला है'. पीएम को जब मालूम है कि अंबानी-अडाणी ने काला धन कांग्रेस को दिया, तो ईडी आदि कहीं क्यों नहीं टपके? शहजादे, शहंशाह और आलम के बीच पिसते आम अवाम के सवाल का जवाब है, इस चुनाव के तीन चरण बिना किसी लहर के गुजर गये. अवाम ईवीएम का बटन अपनी सोच के अनुसार टिपता रहा. उसके होने का बस इतना ही मतलब है? उसके लिए रोटी, कपड़ा, मकान, समुचित शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा आदि-आदि इस चुनाव के मूल विषय लग ही नहीं रहे हैं. जो भाजपा 'बहुत सही महंगाई की मार...' जपकर सत्ता में आई, इस चुनाव में वह महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक विषमता जैसे अहम सवालों से दूर खड़ी नजर आ रही है.

इसके बावजूद यह चुनाव अपने आप में ऐतिहासिक है. सूरत, इंदौर और पुरी के कांग्रेस प्रत्याशी बीच चुनाव में सरेंडर कर गये. दो भाजपा से जा मिले, जबकि पत्रकार रही पुरी की प्रत्याशी सुचरिता मोहंती ने साफ कहा कि अब मेरे पास चुनाव खर्च नहीं है और पार्टी भी पैसे नहीं दे रही. इसलिए चुनाव में डटे रहने का कोई औचित्य नहीं. कभी 414 सीटें जीतने वाली और सबसे अमीर मानी जानेवाली कांग्रेस कंगाली की हद तक जा पहुंची है.

लगातार दस वर्षों से अपार बहुमत के साथ भाजपा शासन में है. सवालों की हकदार तो वह है ही. 2014 में अच्छे दिन, 2019 में राष्ट्रीय सुरक्षा को मुद्दा बनानेवाली भाजपा इस बार कोई ऐसा मुद्दा नहीं तय कर पायी, जो पहले से आखिरी चरण तक चल सके. उसने 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का कानून बनाने का श्रेय लेना चाहा. फिर 22 जनवरी को राम मंदिर का लोकार्पण करवा राममय चुनाव करने की कोशिश की गई. फिर चौधरी चरण सिंह और कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न नवाजने के बावजूद सामाजिक न्याय बड़ा मुद्दा नहीं बन सका. चुनाव के तीसरे चरण में संविधान संशोधन की गूंज रही. अनंत हेगड़े, मेरठ से उतारे गये रामायण सीरियल के राम यानी अरुण गोविल, अयोध्या के लल्लू सिंह आदि ने भाजपा के '400 पार' नारे का औचित्य बताते हुए कहा कि ऐसा होने पर तीसरे टर्म में संविधान बदलने में कामयाबी मिल सकेगी. इसी बात को कांग्रेस ने लोक लिया और राहुल गांधी अपनी चुनाव सभाओं में संविधान की किताब लेकर ललकारने लगे कि हम संविधान नहीं बदलने देंगे.

तीसरे चरण में आरक्षण भी बड़ा मुद्दा बन गया. दोनों पक्ष परस्पर आरोप लगाते रहे कि वे आये तो आरक्षण खत्म कर देंगे. 2020 में अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के चुनाव में 'गारंटी' का नुस्खा आजमाया था. कांग्रेस ने हिमाचल और कर्नाटक के विधानसभा चुनावों में इसे भुनाया. अब यह मोदी की यूएसपी बन गई है. यहां तक कि भाजपा के घोषणा पत्र की कैच लाइन ही बना दी गई, मोदी की गारंटी. यह चुनाव जनता के मुद्दों से भटका हुआ लगता है. भावनाओं की नौका से पार उतरने की कोशिश की जा रही है. ऐसे चुनाव हमें कहां ले जाएंगे? जवाब तो ढूंढना ही होगा.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## मानस अनुकूलन

एक बार कुछ वैज्ञानिकों ने एक बड़ा ही रोचक परीक्षण किया. उन्होंने पांच बन्दरों को एक बड़े से पिंजरे में बंद कर दिया और बीचों-बीच एक सीढ़ी लगा दी, जिसके ऊपर केले लटक रहे थे. जैसा की अनुमानित था, एक बंदर की नज़र केलों पर पड़ी. वह उन्हें खाने के लिए दौड़ा. जैसे ही बंदर ने कुछ सीढ़ियां चढ़ीं, उस पर ठण्डे पानी की तेज धार डाल दी गयी और उसे उतर कर भागना पड़ा. पर वैज्ञानिक यहीं नहीं रुके, उन्होंने एक बंदर के किये गए की सजा बाकी बन्दरों को भी दे डाली और सभी को ठंडे पानी से भिगो दिया. बेचारे बंदर हक्के-बक्के एक कोने में दुबक कर बैठ गए. पर वे कब तक बैठे रहते, कुछ समय बाद एक दूसरे बंदर को केले खाने का मन किया. और वह उछलता कूदता सीढ़ी की तरफ दौड़ा. अभी उसने चढ़ना शुरू ही किया था कि पानी की तेज धार से उसे नीचे गिरा दिया गया. और इस बार भी इस बंदर की गुस्ताखी की सज़ा बाकी बंदरों को भी दी गयी. एक बार फिर बेचारे बंदर सहमे हुए एक जगह बैठ गए. थोड़ी देर बाद जब तीसरा बंदर केलों के लिए लपका तो एक अजीब वाकया हुआ. बाकी के बंदर उस पर टूट पड़े और उसे केले खाने से रोक दिया, ताकि एक बार फिर उन्हें ठंडे पानी की सज़ा ना भुगतनी पड़े. अब वैज्ञानिकों ने एक और मज़ेदार चीज़ की. पिंजरे के अंदर बंद, बंदरों में से एक को बाहर निकाल दिया और एक नया बंदर अंदर डाल दिया. नया बंदर वहां के नियम नहीं जानता था. वह तुरंत ही केलों की तरफ लपका. पर बाकी बंदरों ने झट से उसकी पिटाई कर दी. उसे समझ नहीं आया कि आख़िर क्यों ये बंदर ख़ुद भी केले नहीं खा रहे और उसे भी नहीं खाने दे रहे. ख़ैर उसे भी समझ आ गया कि केले सिर्फ देखने के लिए हैं, खाने के लिए नहीं. इसके बाद वैज्ञानिकों ने एक और पुराने बंदर को निकाला और नया अंदर कर दिया. इस बार भी वही हुआ नया बंदर केलों की तरफ लपका पर बाकी के बंदरों ने उसकी धुनाई कर दी और मज़ेदार बात यह है कि पिछली बार आया नया बंदर भी धुनाई करने में शामिल था. जबकि उसके ऊपर एक बार भी ठंडा पानी नहीं डाला गया था! अनास्थावादी इसी तरह मानसिक अनुकूलन करते हैं. आपकी आस्थाओं को, विश्वास को बार बार असफल दर्शाते है. कर्मफल के न्याय के प्रति आपको संदेहग्रस्त बना देते हैं. आपको यथार्थ भी आडम्बर प्रतीत होने लगता है. कष्टों की बरम्बारता आपके मानस में असफलता को रूढ़ कर देती है. फिर न तो आप सम्यक् आस्थावान रहते हैं न अपने आसपास के किसी को रहने देते हैं.

# उड़ीसा में राजनीति एक दिलचस्प मोड़ पर

• सियासत

सुशील कुट्टी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन राजनेताओं पर भी हंसते हैं, जिनके बारे में आप कभी सोच भी नहीं सकते. उदाहरण के लिए, ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, जो गोलार्ध के सबसे शांत राजनेता हैं और मोदी को दूर-दूर तक उनसे कोई ख़तरा नहीं. लेकिन प्रधानमंत्री मोदी को वह एक प्रतिद्वंद्वी दिखाई देते हैं, तब भी जब वह अपने काम से काम रखते हैं और बड़े पैमाने पर काम कर रहे होते हैं. लेकिन अब समय आ गया है कि पटनायक मोदी के डाले चारे पर जागें. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद को चतुर मानकर पटनायक को फंसाने का चारा डाल रहे थे. 6 मई को एक चुनावी सभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी अचानक उठे और घोषणा की कि पटनायक के शासन के दिन अब गिनती के शेष हैं. प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि ओडिशा में एक ऐसा मुख्यमंत्री होना चाहिए जो उड़िया और ओडिशा संस्कृति को जानता हो. ओडिशा के लोग इस बात पर मतदान करेंगे कि नवीन पटनायक को एक और कार्यकाल मिलना चाहिए या नहीं, और जो गुजराती भाषी प्रधानमंत्री के लिए एक समस्या है. मोदी ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक का नाम नहीं लिया, जो एक सुसंस्कृत व्यक्ति का होता. मोदी ने बिना नाम लिए शर्मसार करने का फैसला किया. क्या प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री पटनायक से डरे हुए हैं? वह कारण सहित भी हो सकता है. मुख्यमंत्री नवीन पटनायक प्रधानमंत्री के तरकश के तीरों से परे हैं - केंद्रीय जांच एजेंसियों के लिए पहुंच से बाहर. पीएम मोदी ने अपने पूर्व सहयोगी के खिलाफ अनपेक्षित आरोप लगाये और मीडिया ने इसे 'मोदी द्वारा नवीन पटनायक पर निशाना साधना' कहा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'ओडिशा को एक ऐसे मुख्यमंत्री की जरूरत है, जो उड़िया भाषा और संस्कृति को समझता हो.' क्या यह 'पोलोमेनिया' का मामला है? मोदी द्वारा ओडिशा के बरहामपुर में संबोधित की जा रही एक राजनीतिक रैली के दौरान ये 'कंटीली टिप्पणियां' की गईं. मोदी का कहना है कि भाजपा10 जून को ओडिशा में सरकार बनायेगी. पटनायक के राज्य में लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव एक साथ हो रहे हैं. पिछली बार सुना था, मुख्यमंत्री नवीन पटनायक नींद में भी उड़िया बोल सकते हैं. क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उड़िया संवेदनाओं को ठेस पहुंचाई है? इसका जवाब 4 जून के पैकेज डील में होगा, पटनायक का कहना है कि वह ओडिशा के मतदाताओं के साथ हस्ताक्षर करेंगे. प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि ओडिशा उनकी मुट्ठी में है और 4 जून को पटनायक को सेवानिवृत्ति दे दी जायेगी. पटनायक हंस नहीं रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुटकुले मजाकिया नहीं हैं. सवाल यह है कि क्या मोदी ठुड्डी पर पलटवार कर सकते हैं? पटनायक के शीर्ष सहयोगी वीकेपांडियन, जो तमिल हैं, लेकिन उड़िया संस्कृति के जानकार हैं, ने खुद पर कटाक्ष करते हुए मुख्यमंत्री से पूछा कि वह क्या सोचते हैं कि मोदी दिन-ब-दिन मजाकिया होते जा रहे हैं? हालांकि उन्होंने इतने शब्दों में नहीं कहा. मुख्यमंत्री पटनायक ने मोदी पर पलटवार किया और पांडियन को आश्वासन दिया कि मोदी को चिंता करने की जरूरत नहीं है, बीजद ओडिशा की अगली सरकार बनायेगी और मोदी 'इच्छाधारी सोच' को रोक सकते हैं. पटनायक ने पांडियन से कहा, 'भाजपा कई दिनों से दिवास्वप्न देख रही है.' पांडियन ने कहा, 'नवीन पटनायक 9 जून को एएम 11.30 बजे से पीएम 1.30 बजे के बीच लगातार छठी बार ओडिशा के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे.' मोदी जैसे कामकाजी व्यक्ति को वीके पांडियन के रूप में अपने मुकाबले का आदमी मिला है. मोदी ने पहले 'संसाधन संपन्न ओडिशा' में व्याप्त गरीबी के लिए बीजद और कांग्रेस दोनों को लताड़ा था. अपने अनूठे अंदाज में, मोदी ने दोनों पार्टियों पर ओडिशा के संसाधनों की व्यवस्थित लूट का आरोप लगायाः 'कांग्रेस पर लगभग 50 वर्षों तक और बीजेडी लगभग 25 वर्षों तक. ओडिशा में उपजाऊ भूमि, खनिज संसाधन, समुद्री तट, बेरहामपुर जैसा एक व्यापार केंद्र है. संस्कृति, विरासत और क्या नहीं, ओडिशा में सब कुछ है. फिर यहां के लोग गरीब क्यों हैं, इस पाप के लिए कौन जिम्मेदार है? इसका जवाब है कांग्रेस और बीजेडी के छोटे नेता बड़े बंगलों के मालिक बन गये हैं.' पटनायक सरकार के खिलाफ मोदी का हमला बंद नहीं हुआ. मोदी ने पटनायक पर केंद्रीय धन का उपयोग करने में विफल रहने का आरोप लगाया. 'मोदी ने 3.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक दिए, लेकिन आप जानते हैं कि केवल बजट से काम सुनिश्चित नहीं होगा.

> ओडिशा में उपजाऊ भूमि, खनिज संसाधन, समुद्री तट, बेरहामपुर जैसा एक व्यापार केंद्र है. संस्कृति, विरासत और क्या नहीं, ओडिशा में सब कुछ है. फिर यहां के लोग गरीब क्यों हैं, इस पाप के लिए कौन जिम्मेदार है? इसका जवाब है कांग्रेस और बीजेडी के छोटे नेता बड़े बंगलों के मालिक बन गये हैं.' पटनायक सरकार के खिलाफ मोदी का हमला बंद नहीं हुआ.

# सीमांत गांवों के विकास से टूटेंगे चीन के मंसूबे

• देशांतर

ले. जनरल प्रदीप बाली (अ.प्रा.)

इतिहास को मनमाफिक गढ़ना और भौगोलिक हकीकतों से छेड़छाड़ चीन की प्रवृत्ति रही है. यह उसकी आधिपत्यवादी प्रवृत्ति और मंसूबों को सुहाता है. इसके लिए, उसे वास्तविकता से परे के तथ्यों को गढ़ने की जरूरत पड़ती है. चीन अक्सर भारतीय भूमि के कई हिस्सों पर अपना दावा ठोकता आया है, पिछले कई सालों से अक्सर अरुणाचल प्रदेश में बस्तियों और भूभाग का नाम बदलने में उसे खुशी महसूस होती है. चीनी नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने 2017 में गढ़े नामों की पहली सूची जारी की थी, जिसमें छह जगहों का जिक्र था. फिर 15 नये नामों वाली दूसरी सूची 2021 में आई, 2023 की सूची में 11 जगहों का नाम बदला हुआ था. भौगोलिक नाम बदलने के इस खेल में चौथी और नवीनतम सूची 1 अप्रैल, 2024 को जारी की गई है, जिसमें अरुणाचल प्रदेश की 30 और जगहें शामिल की गई हैं. खुद अरुणाचल प्रदेश का नाम चीनियों ने 'ज़गनान' रखा हुआ है. उम्मीद के मुताबिक भारत ने कड़े प्रतिरोध के साथ इस नौटंकी को खारिज किया है. इस कृत्य के समांतर वास्तविक नियंत्रण रेखा के उत्तर में सीमांत इलाकों को विकसित करने की आड़ में चीन शियाओकांग नामक रिहायशी बस्तियां समूची सीमा रेखा के ठीक बगल में स्थापित कर रहा है. पिछले सालों में लगभग 600 ऐसे गांव बसाए जा चुके हैं और 'विकास कार्यक्रम' के तहत और 175 बस्तियां बनाने की योजना है. बिना शक यह सारी प्रक्रिया चीन के इलाकाई दावों को पुष्ट करने और पीपुल्स लिबरेशन आर्मी का अतिरिक्त सहायता तंत्र बनाने के मकसद से है. यहां चीन 'कानूनी रणनीति' का कपटी खेल भी खेल रहा है. भारत के साथ 'सीमा रक्षा सहयोग संधि-2005' के मुताबिक जब कभी वास्तविक सीमा नियंत्रण रेखा की निशानदेही होगी तो पूर्व-स्थापित आबादियों को नहीं छेड़ा जाएगा. चीनी रणनीति का यह रंग-ढंग अन्य मुल्कों से सीमा विवादों में भी झलकता है. जापान प्रशासित सेन्काकु द्वीप को दियाओऊ नाम देकर, चीन उसे अपना हिस्सा बताने का दावा करता आया है. सर्वविदित है कि चीन की तथाकथित 'नौ-बिंदु सीमारेखा' समस्त दक्षिणी चीन सागर में उसके इलाकाई दावों को मजबूत बनाने का एक पैंतरा है. यह अंतराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है, खासकर 'संयुक्त राष्ट्र सागरीय कानून अधिवेशन' के प्रावधानों का. दावेदारी की यह रेखा ब्रुनेई के विशेष निर्यात क्षेत्र, इंडोनेशिया, फिलीपींस, ताईवान और वियतनाम के इलाकों का अतिक्रमण करती है. चीन समुद्र में कंक्रीट डालकर छोटे द्वीपों और उभरी चट्टानों को बड़े टापुओं में तब्दील कर रहा है. इन मानव-निर्मित भौगोलिक द्वीपों का निर्माण करने के पीछे उद्देश्य है सैन्य लाभ सुदृढ़ करना और अपने पड़ोसियों को जताना कि भिड़ने पर भविष्य में क्या हो सकता है. भौगोलिक और ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़ने-मरोड़ने की छूट लेने की उसकी यह प्रवृत्ति भूटान में 2017 में स्पष्ट जाहिर हुई, जब चीन की पीएलए ने डोकलाम पठार को झम्पेरी रिज तक कब्जाने का यत्न किया. इसने भारत को क्रोधित किया क्योंकि यह अतिक्रमण हमारी रक्षा संबंधी चिंताओं को बढ़ाता है. तभी भारतीय सेना को यह कब्जा आमने-सामने के टकराव से विफल करना पड़ा. किसी इलाके का अतिक्रमण कर उसका 'बधियाकरण' करने का एक उदाहरण तिब्बत है, जिसे चीन ने 1951 ने कब्जाया था और 1959 में पूर्ण नियंत्रण बना लिया. चीनी शासकों ने दिखावे को 'तिब्बत सार्वभौमिक क्षेत्र' की स्थापना की है, जिसे आमतौर पर 'राजनीतिक तिब्बत' कहा जाता है और इसका क्षेत्रफल शेष तिब्बत से कहीं छोटा है. ऐतिहासिक रूप से, जनजातीय तिब्बत में तीन मुख्य इलाके हैं- यूत्सांग, खाम और अम्दो. वर्ष 1955 में अम्दो का विलय किंगहाई प्रांत में कर दिया और 1957 में खाम कोगांज़े सार्वभौमिक प्रदेश के साथ मिला दिया गया. इसी प्रकार तिब्बत के बाकी जनजातीय इलाकों का विलय गनसू और युनान प्रांतों में कर डाला. वास्तव में, मूल तिब्बत राज्य में अब सिर्फ यू-त्सांग क्षेत्र ही 'राजनीतिक तिब्बत' है. वर्ष 1911 और 1951 के बीच, तिब्बत चीनी गणतंत्र के मंसूबों से कमोबेश मुक्त रहा. अम्दो में 14वें दलाईलामा का जन्म हुआ और उनके अंगरक्षक खाम इलाके से हैं, जिन्हें तिब्बतियों की लड़ाकू जाति के तौर पर जाना जाता है. भारत को चीन द्वारा ऐतिहासिक-भौगोलिक तथ्यों से छेड़छाड़ के प्रयासों का प्रत्युत्तर शिद्दत और निरंतरता से देने की जरूरत है. हमें इन मुद्दों को मजबूती से उठाना होगा और चीनी दावों के विरोध में लिखित प्रतिरोध करना होगा. वर्ना उन्हें तथ्य के तौर पर स्वीकार कर लिया जाएगा.

> भारत के साथ 'सीमा रक्षा सहयोग संधि-2005' के मुताबिक जब कभी वास्तविक सीमा नियंत्रण रेखा की निशानदेही होगी तो पूर्व-स्थापित आबादियों को नहीं छेड़ा जाएगा. चीनी रणनीति का यह रंग-ढंग अन्य मुल्कों से सीमा विवादों में भी झलकता है. जापान प्रशासित सेन्काकु द्वीप को दियाओऊ नाम देकर, चीन उसे अपना हिस्सा बताने का दावा करता आया है.

## मीडिया में अन्यत्र

# रेवन्ना को लेकर पार्टी के रुख पर सवाल

**ऐन चुनावों** के बीच जिस तरह के संगीन आरोप लगे और विवाद खड़ा हुआ, उसके बाद हासन लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद, इन चुनावों में प्रत्याशी और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ की गई जेडीएस की कार्रवाई स्वाभाविक ही कही जाएगी. लेकिन सवाल यह है कि अगर अभी कर्नाटक में वोटिंग बाकी न होती और विपक्षी कांग्रेस के साथ ही सहयोगी भाजपा का भी दबाव न होता, तब भी क्या पार्टी नेतृत्व का यही रवैया होता? मंशा पर सवाल इसलिए उठ रहे हैं, क्योंकि इस मामले की सुगबुगाहट पिछले साल जून से थी. तब प्रज्वल रेवन्ना ने अदालत का रुख किया था. उन्होंने कोर्ट से मांग की थी कि उनसे जुड़े कुछ फेक वीडियो हैं, जिन्हें पब्लिश करने से मीडिया संस्थानों को रोका जाए. कर्नाटक में भाजपा का जेडीएस के साथ गठबंधन है. हासन के एक स्थानीय भाजपा नेता ने आम चुनाव से पहले अपनी पार्टी को इस मामले की जानकारी देते हुए आगाह किया था कि प्रज्वल और उसके पिता एचडी रेवन्ना को टिकट नहीं मिलना चाहिए.वीडियो सामने आने के बाद जेडीएस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम एचडी कुमारस्वामी की प्रतिक्रिया भी निराश करने वाली रही. उन्हें इस मामले में बड़ी बात यही दिखी कि वीडियो हासन में वोटिंग के पहले क्यों रिलीज किए गए. साथ ही, उनकी चिंता थी कि केस से देवेगौड़ा का नाम न जोड़ा जाए. आरोपी प्रज्वल ने जब वीडियो पब्लिश होने से रोकने के लिए अदालत का रुख किया तो उनकी भी चिंता अपनी इमेज को लेकर थी. इन सबके बीच पीड़ित महिलाओं का दर्द कहीं खो जाता है. क्या उनकी इमेज के कोई मायने नहीं? सबसे दुखद पहलू यह है कि इस पूरे प्रकरण का घटनाक्रम चौंकाता नहीं है. यह आम बात लगने लगी है - ताकतवर नेता, मजबूर महिलाएं और कमजोरों की अनदेखी करने वाला सिस्टम. हाल के कितने सारे मामले ध्यान में आ जाते हैं. कुछ ही समय पहले ऐसे ही आरोपों के साथ देश के जाने-माने और ओलिंपिक मेडल विनर पहलवान सड़क पर उतरे थे. उन्हें भी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ केस दर्ज कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक जाना पड़ा था. इस तरह की घटनाओं का बार-बार होना बताता है कि कुछ ताकतवर लोग खुद को नियम-कानून से ऊपर समझते हैं और तंत्र अपने लुंज-पुज व्यवहार से उनकी इस समझ को मजबूती देता है. दिक्कत सामाजिक परिवेश में भी है, जहां एक महिला के लिए अपनी लड़ाई लड़ना मुश्किल होता है. लड़ाई में साथ देना तो दूर, उसे भावनात्मक समर्थन भी नहीं मिल पाता. जरूरी है कि इस मामले की तह तक जाकर सचाई का पता लगाया जाए और दोषी के खिलाफ जल्द से जल्द उचित कार्रवाई करके इसे एक नजीर की तरह पेश किया जाए. (एनबीटी)



## शब्द चर्चा — डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### शबाब/सवाब

**साल** 1970 में एक जबर्दस्त फिल्म आयी थी. नाम था प्रेम पुजारी. इस फिल्म के गाने उस समय के महारथी गीतकार नीरज ने लिखे थे. उन गानों में उल्लेखनीय गाना है-शोखियों में घोला जाये फूलों का शबाब, उसमें जो मिलायी जाये थोड़ी सी शराब. होगा यूं नशा जो तैयार, वो प्यार है. नीरज जी के उत्कृष्ट कवित्व ने इस गीत में प्यार अनूठी परिभाषा गढ़ी है तो किशोर कुमार की नशीली आवाज ने इसे सभी वर्ग के लोगों के बीच लोकप्रियता के शबाब पर पहुंचा दिया था. उस जमाने का सुपरहिट यह गीत आज भी वैसा ही शबाब पर है. आज भी इस गाने में वही ताजगी है. इस गाने में शबाब शब्द ज्यादा ध्यान खींचता है. अरबी भाषा से आकर हिंदी में पूरे मौज से राज करनेवाला शबाब संज्ञा पुल्लिंग है. कुछ लोग सवाब और शबाब में भेद नहीं कर पाते, जबकि ये दोनों अरबी मूल के होने के बावजूद अलग-अलग हैसियत रखते हैं. इसका कारण यह है कि वैसे लोग जिन्हें व अक्षर के उच्चारण में समस्या होती है, वे सवाब के बजाय सबाब ही बोलते और लिखते पाये जाते हैं. रेख्ता उर्दू-हिंदी शब्दकोश के अनुसार शबाब का मतलब है उठती जवानी, तरुणाई, युवा काल, यौवन काल, युवावस्था, जवानी, किसी वस्तु या भाव की उत्तम अवस्था, किसी वस्तु की वह मध्य की अवस्था, जिसमें वह बहुत अच्छा या सुंदर जान पड़े, बहुत अधिक सौंदर्य, चरम सीमा, शीर्षबिंदु. सुनने में इसके जैसा ही लगनेवाला शब्द सवाब का मतलब नेक अर्थात पुनीत कार्य का वह बदला है जो ईश्वर की ओर से मिलता है, प्रत्युपकार या भलाई का बदला जो दैवीय होता है. मज़हब में किसी नेक काम का बदला सवाब कहलाता है. सवाब का मतलब है भलाई, नेकी, पुण्य, मुनासिब, उचित, यथार्थ, ठीक, सही, पलटा, प्रतिफल, शुभ कृत्य का फल जो मान्यता के अनुसार स्वर्ग में मिलेगा. इससे बना मुहावरा है, सवाब कमाना, जिसका मतलब है, ऐसा काम करना, जिसमें पुण्य हो.

# कोई जरूरत पड़े तो जरूर बताना

• तीर-तुक्का

डॉ. एसके पाण्डेय

आजकल लोग बात-बात में 'कोई जरूरत पड़े तो जरूर बताना' कहते रहते हैं. कोई अगर भविष्य की किसी सम्भावित समस्या या जरूरत की चर्चा करे तब तो लोग यह कहना बिल्कुल भूलते ही नहीं. ऐसा कहते तो हैं पर उनका मतलब कुछ और होता है. नादान लोग नहीं समझते और नाहक में दुखी होते हैं. कई खास लोग ऐसा तभी कहते हैं, जब उन्हें पूरा यकीन होता है कि इनको कोई जरूरत ही नहीं पड़ेगी. कुछ लोग ईंट का जवाब 'बम' से देना अच्छी तरह से जानते हैं. ईंट का जवाब पत्थर से देने का जमाना ही नहीं रहा. ऐसे में लोग पत्थर से जवाब क्यों दें? अतः डाइरेक्ट बम का इस्तेमाल करते हैं. कोई अपनी जान-पहचान गिना रहा हो यानी अपनी पहुंच का बयान कर रहा हो तो कई लोग प्रधानमंत्री तक को अपना रिश्तेदार बता देते हैं. और कोई जरूरत पड़े तो बताना छिली मोंछ को ही ऐंठ कर कह देते हैं. दीगर है, बाद में बगले झांकने के अलावा कुछ भी न कर सकें. लोगों को उसी समय अंदाजा लगा लेना चाहिए कि जो है नहीं अथवा जो था, पर अब नहीं है. उसे ऐंठने वाला कितना बनावटी हो सकता है. कई लोग पहली ही मुलाकात में यह कह देते हैं. जबकि न वे आपके बारे में जान रहे होते हैं और न आप उनके बारे में. न आप उनका घर जान रहे होते हैं, न ही वे आपका. लोग तुरंत कांटैक्ट नम्बर पूछ कर नोट कर लेते हैं. कई लोग तो पता भी. भले ही वे दूसरे का पता बता दिए हों. कांटैक्ट नम्बर के केस में गलत बताना सम्भव नहीं रह गया है, क्योंकि लोग तुरंत मिसकाल करके देख लेते हैं.कइयों की डायरी ऐसे नम्बरों व पतों से भरी होती है. कभी खोजना पड़े तो घंटों लग जाता है. फिर कॉल करने पर वे पहचान नहीं पाते. यह दूसरी मुश्किल होती है. आखिर कितनों को पहचानें. दिमाग की भी एक सीमा होती है. कई तो यह बताते-बताते पसीना-पसीना हो जाते हैं कि आप अमुक जगह पर मिले थे और उस दिन अमुक पोशाक पहन रखा था. आप हमें पहचान नहीं पा रहे हैं. याद कीजिए आपने कोई जरूरत पड़े तो बताना कहा था. संतों ने कहा है कि आशा दुख का कारण बनती है. आदमी पहले से ही दुखी रहता है और जब आशा टूटती है यानी जब लोग जरूरत पड़ने पर काम नहीं आते तो और दुखी होता है. कोई भी काम बिना समझे किया जाय तो परिणाम में दुःख मिलना लाजिमी भी है. लोग जब यह कहते हैं कि 'कोई जरूरत पड़े तो बताना' तो यह नहीं सोचना चाहिए कि मुश्किल में बंदा हमारे काम आएगा. दरअसल लोगों के कहने का मतलब होता है कि 'कोई जरूरत पड़े तो बिताना'.



# बायोस्कोप

## न किया है, न करूंगी "किस" –सोनाक्षी



खामोश अंकल शत्रुधन सिन्हा की लाडली सोनाक्षी इन दिनों "किस" पर खुल कर बोल रही हैं. सोनाक्षी का कहना है कि चौदह साल इंडस्ट्री में गुजार लिए पर कभी किसी भी फिल्म में किसिंग या इंटिमेट सीन नहीं किया है और न आगे करुंगी. हाल ही में एक मीडिया हाउस को दिए इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा कि मैं अपनी 35वीं फिल्म कर रही हूं और मैं अभी भी इस बात पर टिकी हुई हूं कि मैं फिल्मों में किसिंग सीन या इंटिमेट सीन नहीं करूंगी.
सोनाक्षी ने कहा कि मैंने हमेशा से ही अपने डायरेक्टर और फिल्ममेकर को दो टूक में कहा कि मैं किसिंग सीन या इंटिमेट सीन करने में कंफर्टेबल नहीं हूं. अगर आपको फिर भी लगता है कि एक एक्टर के तौर पर मैं फिल्म में कुछ अच्छा कर सकती हूं, तो प्लीज साथ काम करिये. वरना आप किसी और एक्टर के साथ काम करने के लिए फ्री हैं जो इस तरह के सीन करने में कंफर्टेबल हों.
संजयलीला भंसाली की हीरामंडी एक मई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है जिसमें सोनाक्षी भी हैं. इंटरव्यू के दौरान जब उनसे भंसाली के साथ काम करने का अनुभव पूछा गया तो उन्होंने संजय लीला की जम कर तारीफ की. कहा किसंजय सर ऐसे व्यक्ति हैं जो आपको चुनौती देते हैं और आपको खुद का बेहतर वर्जन बनने के लिए प्रेरित करते हैं, और मुझे लगता है कि उन्होंने मेरे साथ यही किया है.

## जल्द ही पापा बनेंगे विक्की!



क्या कैटरीना कैफ और विक्की कौशल फैंस से कुछ छुपा रहे हैं? एक बार फिर यह सवाल उठा है और लोग दावा कर रहे हैं कि कैफ भी दीपिका की तरह प्रेग्नेंट हैं, हालांकि कपल ने इस बाबत कुछ खुलासा नहीं किया है. कैटरीना की एक नई तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा हुई है जिसमें वे ब्लैक कोट पहनी हैं. इस तस्वीर में लंदन में किसी फैंस के साथ कहीं खड़ी नजर आ रही हैं. इस फैन ने ही तस्वीर को जारी किया है. कहा जा रहा है कि बेबी बंप छिपाने के लिए ही कैटरीना ने लॉन्ग ब्लैक कोट कैरी किया है. कपल की शादी को 3 साल हो गए हैं. ऐसे में फैंस को कपल की तरफ से गुड न्यूज का बेसब्री से इंतजार हैं. हालांकि इससे पहले भी कई बार कैटरीना के प्रेग्नेंट होने की खबर हाल के महीनों में आई है. पर इस बार फैंस को खबर के पुख्ता होने की उम्मीद है.
दरअसल कैटरीना कैफ इन दिनों लंदन में हैं. विक्की भी लगातार लंदन के चक्कर काट रहे. ऐसे में इस फोटो को देखने के बाद फैंस कयास लगा रहे हैं कि कैटरीना कैफ जल्द ही मां बनने वाली हैं और वह अपना बेबी बंप कोट से छिपा रही हैं.

## हमेशा याद रहेंगी फिल्मों की ये मां

**बॉलीवुड में मां का किरदार हमेशा बहुत खास और विविधता भरा रहा है. कोई ममता की मूर्ति सी जिन्हें देखते ही ममता उमड़ आती है तो कोई बिल्कुल सहेली सी जिससे हर राज खोले जा सके. कोई सुपर मॉम सी जिसका सामर्थ्य और शक्ति प्रेरणा दे तो कोई बेहद भावुक जिनकी सिसकियों ने रुलाया. आइए पर्दे पर मां का किरदार निभा कर अलग पहचान बनाने वाली महिला पात्र की करें बात-**

### निरूपा रॉय- सिनेमा की मां

बॉलीवुड को 275 से अधिक फिल्में देने वाली निरूपा रॉय ने लगभग 150 फिल्मों में मां की भूमिका निभाई है. वह बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत, सरल और सहज वाली 'मां' कही जाती हैं. अमिताभ बच्चन हो या सनी देओल, निरूपा रॉय सभी की ऑनस्क्रीन मां बन चुकी हैं. उन्होंने करियर की शुरुआत एक गुजराती फिल्म 'रनक देवी' से की. , पर्दे पर मां बनने से पहले निरूपा को 'धार्मिक फिल्मों की रानी' माना जाता था. निरूपा ने 16 फिल्मों में देवी का किरदार निभाया था. अभिनय इतना सशक्त रहा कि लोग उन्हें असल में देवी मानने लगे थे और उनके घर जाकर पैर तक छुआ करते थे. 'मुनीम जी' से निरूपा रॉय ने मां की भूमिकाएं निभाना शुरू किया. इस फिल्म में वह खुद से बड़े देवानंद की मां बनी थीं. 1953 में 'दो बीघा जमीन' से वह हिंदी सिनेमा की हिट हीरोइनों की लिस्ट में शुमार हो गईं. 1975 में यश चोपड़ा की 'दीवार' बेहद सफल हुई. इसके बाद वह कई फिल्मों 'खून पसीना', 'इंकलाब', 'अमर अकबर एंथोनी', 'सुहाग', 'गिरफ्तार', 'मुकद्दर का सिकंदर', 'मर्द' और 'गंगा-यमुना-सरस्वती' में नजर आईं और अमिताभ बच्चन की मां बनीं और इसी रूप में उन्हें अधिक लोकप्रियता मिली.

### सुलोचना लाटकर- प्यारी मां

हिंदी सिनेमा के तमाम सुपस्टार्स जैसे दिलीप कुमार, अमिताभ बच्चन, देवानंद की मां के किरदारों में ये नजर आई धर्मेंद और अमिताभ बच्चन की मां के रूप में पहचान बटोरीं. अमिताभ बच्चन की 'मुकद्दर का सिकंदर', 'मजबूर' और 'रेश्मा और शेरा' जैसी फिल्मों में सुलोचना ने मां का किरदार निभाया था. अमिताभ बच्चन के 75वें जन्मदिन पर उन्होंने खुद हाथ से लिखा और भाव से पगा खत अपने ऑन स्क्रीन बेटे को भेजा था. इस पत्र को पाकर बिग बी भावुक हो गए थे और सोशल मीडिया पर इसे साझा भी किया था. सुचोलना ने उस खत में लिखा था, 'मेरे प्यारे चिरंजीवी अमित जी. आज आप 75 साल के हो गए हो. मराठी में इस खास दिन को अमृतमहोत्सव कहते हैं. मेरी ईश्वर से प्रार्थना है कि वह आपकी जिंदगी में यू ही अमृतधारा बरसाते रहें. '

### रीमा लागू- बेस्ट फ्रेंड मां


रीमा लागू हिंदी फिल्मों में सफेद बालों वाली बूढ़ी मां की पारंपरिक छवि को तोड़ते हुए 90 के दशक में लगभग हर हीरो की बेस्ट फ्रेंड मां बनी. मैंने प्यार किया, हम आपके हैं कौन, हम साथ साथ हैं जैसी बेहतरीन फिल्मों से मशहूर अभिनेत्री रीमा लागू आदर्शों वाली मां के साथ सपोर्टिंग मॉम की भूमिका में उभरी. सलमान की ऑन स्क्रीन मां के रूप में पहचान बनाई. हम आपके हैं कौन.. में रीमा लागू ने माधुरी दीक्षित और रेणुका शहाणे की मां की भूमिका निभाई थी. कल हो ना हो में रीमा लागू ने एसआरके की एक सहायक मां की भूमिका निभाई, जो अपने बेटे के दिल टूटने को समझती है और उसे आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती है.
रीमा लागू रियल लाइफ में भी ऐसी ही मां रहीं. विवेक लागू से शादी के बाद उनकी एक बेटी हुई जिसका नाम मृणमयी लागू है. शादी के कुछ वक्त बात रीमा लागू और और उनके पति के बीच अलगाव हुआ तो उन्होंने एक सिंगल मदर के तौर पर अपनी बेटी को पाला. खुद को और अपनी बेटी को संवारने के लिए रीमा लागू ने जी-तोड़ मेहनत की. रीमा लागू एक साफ छवि की अभिनेत्री रही. उनका किसी भी तरह के विवाद में ना तो कभी नाम आया और ना ही किसी को-स्टार के साथ उनका नाम जोड़ा गया.
















### लीला चिटनिस - 40 साल तक बनीं मां

मां के किरदार से लीला ने अपनी अलग ही पहचान बनाई है. वह 40 साल तक मां के किरदार में दिखी, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। आवारा, गंगा जमुना, साधना, हम दोनों और शहीद उनकी यादगार फिल्में रहीं. लीला चिटनिस ने फिल्म 'कंगन' से फिल्मी सफर की शुरुआत की. उनके हिस्से कई श्रेय आए. लीला फिल्मों में नारीवाद की पहली प्रणेता मानी जाती हैं. एक्टर अशोक कुमार ने कभी कहा था कि बिना कुछ कहे सिर्फ आंखों से अपनी बात समझा देने का हुनर उन्होंने लीला से ही सीखा था. वे पहली भारतीय अभिनेत्री थीं, जिन्होंने 1941 में 'लक्स' साबुन के लिए विज्ञापन फिल्म में काम किया. उन्होंने उस दौर में फिल्मों में काम करने का फैसला लिया जब महिलाओं के लिए यह बेहद निष्कृष्ट काम माना जाता था.

### शेफाली शाह स्टाइलिश मां

1995 में आई फिल्म 'रंगीला' से अपने करियर की एक्टिंग शुरुआत करने वाली शेफाली शाह आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं. 28 सालों में उन्होंने बॉलीवुड फिल्मों में कई छोटे बड़े रोल कर चुकी हैं. हालांकि अब वह ओटीटी की दुनिया की फेमस एक्ट्रेस हैं. 50 साल की हो चुकीं शेफाली दर्शकों की चहेती एक्ट्रेस हैं. बता दें कि साल 2005 में आई एक फिल्म में शेफाली ने एक्टर अक्षय कुमार की मां का रोल किया था. जबकि वह अक्षय से 6 साल छोटी थीं. इस रोल को निभाने के लंबे समय के बाद अब शेफाली का दर्द झलका है. उन्होंने अपने हालिया इंटरव्यू में ऑनस्क्रीन अक्षय कुमार की मां बनने का अफसोस जताया है. हालांकि फिल्म 'दिल धडकने दो' डार्लिंग्स, और जलसा में पावरफुल मां का रोल निभाकर महिलाओं के किरादार को पहचान दी.

### राखी - करन अर्जुन आएंगे

मेरे बेटे आएंगे. मेरे करण अर्जुन आएंगे, जमीन की छाती फाड़ कर आएंगे, आसमान का सीन चीर कर आएंगे...30-31 साल पहले रिलीज हुई फिल्म करण-अर्जुन का यह डायलग आज भी आप नहीं भूले होंगे. इसे बोला था अभिनेत्री राखी गुलज़ार ने, जिन्होंने इस फिल्म में शाहरुख खान और सलमान खान की मां की भूमिका निभाई है. राखी एक ऐसी एक्ट्रेस हैं, जो बतौर हिरोइन जितनी सफल रही थीं, उतना ही मां के रोल में भी लोगों ने उनको पसंद किया है. राम लखन में अनिल कपूर और जैकी श्रॉफ की मां को किरदार भी उतना ही यादगार रहा. अमिताभ की कई फिल्मों में नायिक बनने वाली राखी ने शक्ति में उनकी मां की भूमिका निभाई थी. उस वक्त उनकी उम्र 35, तो अमिताभ 40 साल के थे. खलनायक में संजय दत्त की मां का रोल निभाया था. ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर एक बहुत बड़ी हिट साबित हुई थी.

### बॉलीवुड के संवादों में मां


1. एक मां ही जानती है कि उसके प्यारे लाडले को क्या चाहिए. – दोस्ताना
2. जब लड़की जवान हो जाती है ना, तो मां उसकी मां नहीं रहती, सहेली बन जाती है. – दिलवाले दुल्हनिया ले जायेंगे
3. मेरे पास गाड़ी है, बंगला है, क्या है क्या है तुम्हारा पास? मेरे पास मां है. – दीवार
4. भगवान हर जगह नहीं होता है, इसी के लिए तो उसने मां बनाई है. – मां
5. जिसके पास मां है उसके पास सब कुछ है, जिसके पास मां नहीं उसके पास कुछ भी नहीं. – कोई मेरे दिल से पूछे
6. चोट लगती है ना तो आदमी मां ही चिल्लाता है सबसे पहले. - एयरलिफ्ट
7. मां के खाने में जो स्वाद है, वो और नहीं. – हम साथ साथ हैं
8. मेरी मां के लिए सोने के दो मोटे मोटे कंगन दे दे. - भारत माता
9. क्या इसी दिन के लिए तुम्हें पल–पोस कर बड़ा किया था. – गोलमाल
10. जब मां का दिल तड़पता है ना, तो आसमान में भी दर्द पैदा होता है. - करण अर्जुन

### फरीदा जलाल- हंसमुख मां

फरीदा जलाल ने हिंदी फिल्मों में कभी बेहद बबली,व स्वीट मां का किरदार भी निभाया. दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, कुछ कुछ होता है, राजा हिंदुस्तानी, कभी खुशी कभी गम, कहो ना प्यार है जैसी फिल्मों में मां का किरदार निभाकर दर्शकों का दिल जीत लिया था.
फरीदा ने अपनी पहली फिल्म 'तक़दीर' महज 15 साल की उम्र में साइन की. फिल्मों में आने की वजह से फरीदा को पढ़ाई छोड़नी पड़ी. 'बहारों की मंज़िल' और 'महल' जैसी फिल्मों में काम करने के बाद फरीदा को राजेश खन्ना के साथ फिल्म 'अराधना' में कास्ट किया गया. वैसे तो इस फिल्म की लीडिंग लेडी शर्मिला टैगोर थीं. मगर फरीदा को भी राजेश खन्ना के अपोज़िट ही कास्ट किया गया था. फिल्म के एक गाने 'बागों में बहार है' में राजेश और फरीदा साथ नज़र आए. अपने एक इंटरव्यू में फरीदा जलाल बताती हैं कि 'अराधना' में काम करने के दौरान वो बहुत यंग थीं. आम तौर पर हीरोइनें गाने या रोमैंटिक सीन्स बड़ी आसानी से कर जाती हैं. मगर एक्सपीरियंस नहीं होने की वजह से फरीदा को राजेश खन्ना की ओर देखने में लाज आ रही थी. गाने के एक भी फ्रेम में वो राजेश खन्ना की आंखों में देखती नज़र नहीं आएंगी. जब इस गाने की शूटिंग शुरू हुई, तब डायरेक्टर और फिल्म यूनिट से जुड़े तमाम लोग इस चीज़ को लेकर चिंतित थे. मगर फिर उन्हें अहसास हुआ कि फरीदा की अति-शर्मिली अदा फिल्म और गाने के फेवर में काम करेगी. ऐसे में उस गाने को बिना किसी बदलाव या री-शूट किए, जस का तस फिल्म में बनाए रखा गया. 'पुरस्कार' फिल्म में फरीदा जॉय मुखर्जी के साथ नज़र आईं. फिल्म नहीं चली. बाद में वे सपोर्टिंग एक्टर के रूप में नजर आने लगीं.

## उत्तर के सितारों की बेपेंदी की राजनीति और दक्षिण की परंपरा

**हस्ताक्षर**



विनोद अनुपम
वरिष्ठ फिल्म स्तंभकार

**दक्षिण के फिल्मी सितारे राजनीति में पूरी तैयारी के साथ आते हैं. जीत हार से परे सक्रियता दिखाते हैं. वहीं उत्तर में सारी राजनीति बस सांसद बनने तक सीमित रह जाती है. पवन सिंह का हालिया इंटरव्यू उनकी मनोवृति को जाहिर करता है.**

पवन कल्याण और उपेन्द्र के राजनीति में अवतरण की घोषणा का अभी लोग ठीक से आस्वाद ले भी नहीं सके थे, कि थलपति विजय ने भी तमिलगा वेट्री कजगम के नाम से अपने राजनीतिक दल की घोषणा कर दी. देखना दिलचस्प होगा कि अपनी किंवदंती में तब्दील हो चुकी लोकप्रियता को वे वोट बैंक में किस तरह बदल पाते हैं, बदल पाते हैं भी या नहीं.
हालांकि दक्षिण भारत के लिए यह नई बात नहीं, वहां की राजनीति पर सितारों का हस्तक्षेप 50 के दशक से ही हावी रही. जब तमिल फिल्मों के सुपरस्टार एमजीआर यानी मरुथर गोपाला रामचंद्रण राजनीति में सक्रिय हुए. एमजीआर 1953 में डीएमके से जुड़े पर बाद में करुणानिधि से मतभेद होने पर उन्होंने 1972 में खुद की अलग पार्टी अन्नाद्रमुक का गठन किया. हालांकि करुणनिधि भी फिल्म क्षेत्र से ही जुड़े रहे थे लेकिन पटकथा लेखक होने के कारण उनकी सिनेमाई पहचान उनकी राजनीति से अलग रही. जबतक एम जी आर जीवित रहे तमिलनाडु की राजनीति पर इन्हीं दोनों का अधिकार माना जाता रहा, एम जी आर के निधन के बाद उनकी राजनीति अभिनेत्री जयललिता ने संभाली. कह सकते हैं अभी भी तमिलनाडु की राजनीति पर सिनेमा से जुड़े चेहरों का ही अधिकार है.
आश्चर्य नहीं कि समय समय पर शिवाजी गणेशन,





रजनीकांत, ममूटी, शरद कुमार,विजयकांत भी राजनीति में जगह बनाने की जुगत में दिखते हैं. बाद में तमिलनाडु के साथ आंध्रप्रदेश में भी फिल्म कलाकारों की राजनीतिक सक्रियता बढी, आंध्रप्रदेश की राजनीति में चिरंजीवी की पार्टी प्रजा राज्यम भी एक उभरती ताकत है. उनके दो अन्य अभिनेता भाई भी उनके साथ राजनीति में सक्रिय हैं. इसकी शुरुआत 1982 में सुपरस्टार एनटी रामाराव की आंध्रप्रदेश की राजनीति में दखल से मानी जाती है. अपनी पार्टी तेलगु देशम की स्थापना के नौ माह के अंदर ही उनकी पार्टी ने विधानसभा चुनाव में शानदार जीत दर्ज कराई और वे मुख्यमंत्री बने. लोग आंध्र की राजनीति में चिरंजीवी को मिल रहे उभार को एनटीआर की पुनरावृत्ति के रूप में देख रहे थ. उल्लेखनीय है कि दक्षिण में सितारों की लोकप्रियता ने राजनीति में उन्हें खड़े होने में मदद भले दी, टिके रहने की ताकत उन्हें उनकी राजनीतिक सक्रियता ने ही दी. आज राजनीति में जयललिता या करुणानिधि को जो भी स्थान हासिल है, अपने राजनीतिक निर्णयों के कारण. आज चिरंजीवि की अपने वोटरों के बीच लोकप्रियता है तो इसलिए नहीं कि वे अभिनेता रहे हैं, इसलिए कि वे राजनीतिक मुद्दे पर केन्द्रीय मंत्रीमंडल से इस्तीफा दे सकते हैं.
उल्लेखनीय है कि दक्षिण भारत की इस पहल का विस्तार अब उत्तर भारत की राजनीति में प्रभावी होने की कोशिश करता दिख रहा है. यह अलग बात है कि उत्तर भारत में राजनीति में उतरने को छटपटाते क्या किसी कलाकार के पास इतनी राजनीतिक स्पष्टता नहीं देखी जा सकती है. ऐसा लगता है तमाम अपने अपने निजी एजेंडे के साथ ताका झांकी में लगे हों. शायद इसीलिए अमिताभ बच्चन से लेकर धर्मेन्द्र , सनी देओल जैसे बडे सितारे राजनीति में नहीं टिक पाते, गोविंदा, उर्मिला की आवाजाही लगी रहती है. शत्रुघ्न सिन्हा की राजनीतिक सक्रियता बस उनके पद तक सिमट कर रह गई है. इस क्रम में निर्दलीय चुनाव लड़ रहे भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह का इंटरव्यू जरुर सुना जाना चाहिए, जिसमें पत्रकार के पूछे जाने पर कि आपका मुद्दा क्या होगा? पवन कहते हैं, मुद्दा...मुद्दा मिंस..? फिर विकास की परिकल्पना की बात पर वे कहते है, उतना मुझे पता नहीं, आप सिंगिंग पर पूछ लीजिए, एक्टिंग पर पूछ लीजिए... विकास पता नहीं, मुद्दा पता नहीं, लेकिन राजनीति जरुर करनी है, सांसद जरुर बनना है.
यही फर्क है दक्षिण और उत्तर के सितारों में, वे राजनीति में पूरी तैयारी के साथ आते हैं, उनकी राजनीति पर जीत हार का फर्क नहीं पड़ता,कमल हासन एक भी सीट नहीं जीतते फिर भी सक्रिय रहते हैं. उत्तर में सारी राजनीति बस सांसद बनने तक सीमित रह जाती है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

### कतर स्पोर्ट्स क्लब में होने वाली दोहा डायमंड लीग 2024 में नीरज अपने सीजन की शुरुआत करेंगे

# दोहा डायमंड लीग में खिताब का बचाव करेंगे नीरज चोपड़ा

भाषा । कतर

जैवलिन थ्रो में भारत के थ्रोअर नीरज चोपड़ा की खास पहचान है. जहां भी इसकी प्रतियोगिता होती है, वहां पर सभी की निगाहें नीरज पर होती हैं. वहीं टोक्यो ओलिंपिक गोल्ड मेडल विनर जेवलिन थ्रोअर नीरज शुक्रवार रात दोहा डायमंड लीग 2024 में अपने खिताब का बचाव करने के लिए उतरेंगे. सभी की नजर इन पर टिकी है. नीरज कतर स्पोर्ट्स क्लब में होने वाली दोहा डायमंड लीग 2024 में अपने सीजन की शुरुआत करेंगे. नीरज ने पिछले सीजन दोहा डायमंड लीग में गोल्ड जीता था.

दोहा में मेंस जेवलिन थ्रो इवेंट में एशियन गेम्स के सिल्वर मेडल विजेता किशोर जेना भी हिस्सा लेंगे, जो डायमंड लीग में डेब्यू करेंगे. बता दें कि नीरज ने अपने 2023 सीजन की शुरुआत भी दोहा में की थी. पिछले साल इसी इवेंट में चोपड़ा ने 88.67 मीटर की दूरी के साथ गोल्ड हासिल किया था. वहीं, दूसरे नंबर पर चेक रिपब्लिक ने जैकब वादलेच रहे थे. उन्होंने महज 0.04 मीटर से टॉप रैंक खो दी थी. हालांकि, वादलेज ने 2023 में यूजीन में आयोजित फाइनल में नीरज को हराकर डायमंड लीग का ताज जीता. वादलेज के साथ-साथ नीरज चोपड़ा को ग्रेनाडा के पूर्व वर्ल्ड चैंपियन एंडरसन पीटर्स से भी चुनौती मिलेगी, जो की अच्छे फॉर्म में हैं. नीरज चोपड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में 90 मीटर के थ्रो पर बातचीत करते हुए कहा कि पिछले साल मैंने कहा था कि मैं 90 फेंकूंगा. इस साल, मैं कहना नहीं चाहता, मैं दिखाना चाहता हूं.

**दोहा लीग**

- नीरज ने 2023 सीजन की शुरुआत दोहा में की थी
- एशियन गेम्स के रजत पदक विजेता किशोर भी होंगे



**डायमंग लीग एथलेटिक्स का एक टूर्नामेंट है**

डायमंग लीग एथलेटिक्स (ट्रैक और फील्ड) का एक टूर्नामेंट है. इसमें एथलेटिक्स के 16 इवेंट (मेंस और विमेंस) होते हैं. यह हर साल दुनिया के अलग-अलग शहरों में आयोजित किया जाता है. डायमंड लीग एथलेटिक्स सीरीज हर साल मई से सितंबर तक आयोजित की जाती है और सीजन का समापन डायमंड लीग फाइनल के साथ होता है. आमतौर पर डायमंड लीग के सीजन में प्रतियोगिताओं की संख्या 14 होती है, जिसमें फाइनल भी शामिल होता है, लेकिन कभी-कभी यह संख्या बदल जाती है. हर इवेंट में टॉप-8 खिलाड़ियों को पॉइंट्स मिलते हैं, पहले नंबर के खिलाड़ी को 8 और 8वें नंबर के खिलाड़ी को एक पॉइंट मिलता है. 13 इवेंट के बाद सभी खिलाड़ियों के पॉइंट्स काउंट होते हैं. टॉप-10 पोजिशन पर फिनिश करने वाले खिलाड़ियों को डायमंड लीग फाइनल में जगह मिलती है.

## न्यूजीलैंड: मुनरो ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी। क्राइस्टचर्च

न्यूजीलैंड के शीर्षक्रम के बल्लेबाज कोलिन मुनरो ने आगामी टी20 विश्व कप के लिये टीम में जगह नहीं मिलने के बाद शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया. मुनरो ने न्यूजीलैंड के लिये एक टेस्ट, 57 वनडे और 65 टी20 मैच खेलकर 3010 रन बनाये हैं. टी20 क्रिकेट में उनका औसत 156.44 रहा. वह उन चुनिंदा खिलाड़ियों में से हैं जिन्होंने सभी टी20 स्पर्धाओं में मिलकर 10000 से अधिक रन बनाये हैं. उन्होंने 428 टी20 मैचों में 10961 रन बनाये हैं जिनमें उनका स्ट्राइक रेट 141.25 रहा. उन्होंने न्यूजीलैंड के लिये आखिरी मैच 2020 में भारत के खिलाफ टी20 खेला था. मुनरो ने एक बयान में कहा कि न्यूजीलैंड के लिये खेलना मेरी सबसे बड़ी उपलब्धियों में से रहा. मैंने 123



अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जिस पर मुझे गर्व है. उन्होंने कहा कि मैने लंबे समय से नहीं खेला है लेकिन मुझे वापसी की उम्मीद बनी हुई थी. अब न्यूजीलैंड की टी20 विश्व कप टीम के ऐलान के बाद मेरे लिये विदा लेने का सही समय है. वह दुनिया भर में टी20 लीग खेलते रहेंगे.

## ब्रीफ खबरें

### सेंथिल करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई

**नयी दिल्ली ।** मौजूदा पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियन वेलावन सेंथिलकुमार और महिला खिलाड़ी रथिका सीलन 12 से 16 जून से चीन के डालियान में होने वाली 22वीं एशियाई टीम स्क्वाश चैम्पियनशिप में भारतीय दल की अगुआई करेंगी. चेन्नई में चयन ट्रायल कराने के बाद भारतीय स्क्वाश रैकेट्स महासंघ (एसआरएफआई) ने शुक्रवार को टीमों की घोषणा की. पुरुष टीम के अन्य खिलाड़ी 2023 राष्ट्रीय खेलों के चैम्पियन अभय सिंह, राहुल भाटिया और सूरज चंद हैं. महिला टीम में पूजा आरती आर, सुनिता पटेल और जैनेट विधि शामिल हैं. हांग्झोउ में पिछले एशियाई खेलों में भारत ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद पांच पदक जीते थे.

### निशानेबाजी ट्रायल भोपाल में आज से

**भोपाल ।** पेरिस ओलंपिक के लिये भारतीय निशानेबाजों के ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) तीन और चार यहां शनिवार से शुरू होंगे जिसमें कुल 37 पिस्टल और राइफल निशानेबाज भाग लेंगे. भारतीय निशानेबाजों ने पिस्टल और राइफल में 16 कोटा स्थान हासिल कर लिये हैं. भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ देश में शीर्ष पांच के बीच ट्रायल करा रहा है ताकि पेरिस ओलंपिक के लिये टीम चुन सके. निशानेबाजी में ओलंपिक कोटा देश को मिलता है और चयन ट्रायल में शीर्ष रहने पर ही कोटा जीतने वाले निशानेबाज के खेलों में भाग लेने की गारंटी होती है.

### सत्र के अंत में संन्यास लेंगे डोमिनिक थिएम

**लंदन ।** पूर्व अमेरिकी ओपन चैम्पियन डोमिनिक थिएम कलाई की चोट के बाद शीर्ष फॉर्म में वापसी करने में जूझ रहे हैं. जिससे उनकी योजना इस साल के अंत में टेनिस को अलविदा कहने की है. थिएम ने 'इंस्टाग्राम' पर पोस्ट किये गये वीडियो में कहा कि मैं सत्र के अंत में अपना करियर समाप्त करने वाला हूं. उन्होंने इस संदेश को बहुत दुखद के साथ बहुत खूबसूरत भी करार दिया. आस्ट्रिया के 30 साल के खिलाड़ी ने 2020 में फ्लशिंग मिडोज में अपना एकमात्र ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था. वह 2018 और 2019 फ्रेंच ओपन तथा 2020 आस्ट्रेलियाई ओपन में उप विजेता रहे थे.

### इंपैक्ट प्लेयर रूल पर उठ रहे सवाल पर बीसीसीआई सचिव जय शाह बोले

# रूल पर किया जा सकता है पुनर्विचार

भाषा । नयी दिल्ली



आईपीएल को रोमांचक बनाने के लिए इसके नियमों में बदलाव होते रहते हैं. इसके लिए इसे पहले लागू किया जाता है. फिर उसके बाद इसे आगे चलाने पर सहमति बनती है. जिस पर सवाल उठने लगते हैं उस पर पुनर्विचार किया जाता है. फिर निर्णय लिया जाता है. इन दिनों चल रहा इंपैक्ट प्लेयर रूल के साथ भी कुछ ऐसा ही हो रहा है. इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पिछले सीजन यानी आईपीएल 2023 में इंपैक्ट प्लेयर रूल लाया गया था.अब यह रूल सवालों के घेरे में है. इस रूल को लेकर अब अलग-अलग तरह के विचार सामने आ रहे हैं. क्रिकेट के दिग्गजों को यह रूल पसंद ही नहीं आ रहा है.

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने भी इस रूल पर सवाल उठाए थे. अब ये रूल आगामी सीजन यानी आईपीएल 2024 से खत्म किया जा सकता है. भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने इसे लेकर बड़ा बयान दिया है. शाह ने कहा है कि आईपीएल में इंपैक्ट प्लेयर रूल प्रयोग के तौर पर लागू किया गया था. सभी हितधारक चाहेंगे तो इस पर पुनर्विचार किया जा सकता है. इस रूल के कारण इस बार आईपीएल में आठ बार 250 से अधिक का स्कोर बना. खिलाड़ियों, कोचों और विशेषज्ञों ने भी कहा है कि गेंदबाजों पर इस नियम का विपरीत असर हो रहा है. क्योंकि इससे टीमों को अतिरिक्त बल्लेबाज मिल रहा है. रोहित शर्मा ने कहा था कि ऑलराउंडर्स को इस नियम की वजह से गेंदबाजी को मौके नहीं मिल रहे हैं. जय शाह ने कहा कि इंपैक्ट प्लेयर का नियम प्रयोग के तौर पर लागू किया गया था. वैसे इससे दो भारतीय खिलाड़ियों को खेलने का अतिरिक्त मौका मिल रहा है. क्या यह महत्वपूर्ण नहीं है. खेल भी और प्रतिस्पर्धी हो रही है. शाह ने कहा कि टी20 विश्व कप के बाद सभी पक्ष मिलकर इस पर बात करेंगे. उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को लगता है कि यह सही नहीं है तो हम इस पर बात करेंगे. अभी तक किसी ने ऐसा कुछ कहा नहीं है. आईपीएल और विश्व कप के बाद बैठक में तय किया जाएगा. विश्व कप के बाद हम खिलाड़ियों, टीमों और ब्रॉडकास्टर्स से मिलकर भविष्य के बारे में फैसला लेंगे. यह स्थाई नियम नहीं है और मैं यह भी नहीं कह रहा कि हम इसे खत्म कर देंगे.

जय शाह ने यह भी कहा कि टी20 विश्व कप खेलने जा रहे भारतीय खिलाड़ियों को आराम की जरूरत नहीं है. क्योंकि प्रतिस्पर्धा ही सर्वश्रेष्ठ तैयारी होती है. उन्होंने कहा कि आराम की क्या जरूरत है. यह अभ्यास सत्र की तरह ही है. इससे बेहतर तैयारी क्या हो सकती है. आपके सामने बेहतरीन टीम है.

**पसंद नहीं**

- रोहित शर्मा ने भी इस रूल पर सवाल उठाए थे
- आईपीएल में आठ बार 250 से अधिक रन बना
- इस नियम की वजह से गेंदबाजी को मौके नहीं मिल रहे

**पिछले साल ही आया था इंपैक्ट प्लेयर रूल**

बता दें कि आईपीएल 2023 में इंपैक्ट प्लेयर रूल आया था. लेकिन उससे पूर्व यह नियम सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2022-23 में लागू हुआ था. इस नियम के तहत कोई भी टीम एक इंपैक्ट प्लेयर को अपनी टीम में परिस्थिति के अनुसार शामिल करती है. आईपीएल में इंपैक्ट प्लेयर रूल के मुताबिक दोनों ही टीमों को प्लेइंग इलेवन के अलावा 5-5 सब्स्टीट्यूट प्लेयर का नाम देना होता है. इन्हीं पांच में किसी एक को इंपैक्ट प्लेयर के रूप में मैदान में उतारा जाता है. इंपैक्ट प्लेयर बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही करता है. इंपैक्ट प्लेयर के खेल में आने के बाद जो खिलाड़ी बाहर जाता है. उसका उपयोग पूरे मैच में नहीं किया जाता है.

## राहुल को फटकारने वाले गोयनका पर बरसे शमी



ऐजेंसी। नयी दिल्ली

स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने भारतीय टीम के अपने साथी खिलाड़ी केएल राहुल पर सार्वजनिक रूप से भड़ास निकालने वाले संजीव गोयनका पर बरसते हुए कहा है कि लखनऊ सुपर जाइंट्स टीम की हार के बाद टीवी कैमरे पर उसके मालिक की इस तरह की प्रतिक्रिया के लिये खेलों में कोई जगह नहीं है. सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लखनऊ की दस विकेट से हार के बाद राहुल पर बरसते हुए गोयनका की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई. शमी इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर हैं. शमी ने कहा कि करोड़ों लोग आपको देख रहे हैं और आपसे सीख रहे हैं. अगर कैमरे के सामने ये चीजें होती है और स्क्रीन पर ऐसी प्रतिक्रिया देखने को मिलती है तो यह शर्मनाक है. उन्होंने कहा कि आपका एक दायरा होना चाहिये बात करने का, ये मैसेज बहुत गलत जाता है. टीवी कमेंटेटर ग्रीम स्मिथ और स्कॉट स्टायरिस ने भी कहा था कि ऐसी बातें निजी तौर पर होनी चाहिये, कैमरे के सामने नहीं. शमी ने कहा कि यह ध्यान रखना चाहिये कि खिलाड़ियों का सम्मान है और आप भी बतौर मालिक सम्मानित व्यक्ति हैं. ऐसा नहीं है कि आप अचानक बात कर रहे हैं. अगर ऐसा करना ही था तो कई तरीके हैं. आप ड्रेसिंग रूम या टीम होटल में ऐसा कर सकते थे. मैदान पर करना जरूरी नहीं था. ऐसी प्रतिक्रिया दे के कोई लाल किले पे झंडा तो नहीं गाड़ दिया आपने. चोट के कारण आईपीएल का यह सत्र नहीं खेल रहे शमी ने कहा कि वह कप्तान है, कोई आम खिलाड़ी नहीं. यह टीम का खेल है. अगर रणनीति सफल नहीं रही तो यह कोई बड़ी बात नहीं है. खेल में कुछ भी हो सकता है. अच्छे और बुरे दिन आते हैं और हर खिलाड़ी का सम्मान होता है. यह बात करने का कोई तरीका नहीं है. उन्होंने कहा कि खेल में कई बार तनाव के पल आते हैं और खिलाड़ी भी एक दूसरे से लड़ जाते हैं. क्रिकेट ही नहीं, हर खेल में ऐसा होता है.

## अगले सीजन में बदले जा सकते हैं कई टीमों के कप्तान

एजेंसी नयी दिल्ली

आईपीएल कुछ ही दिनों में अगले चरण में चला जाएगा. इसके लिए टीमों के बीच मुकाबला जारी है. एक ओर जहां पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं तो कुछ टीमें ऐसी हैं, जो बॉर्डर पर खड़ी हैं. इस बीच सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शर्मनाक 10 विकेट की हार के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल को मालिक संजीव गोयनका के गुस्से का शिकार होना पड़ा. मैदान पर सरेआम केएल राहुल को डांट खाते देख जहां क्रिकेट बिरादरी और फैंस नाराज हो गए हैं. ऐसे में कप्तानी से विकेटकीपर बल्लेबाज की विदाई तय है. लखनऊ सुपरजायंट्स पर अगर खबरें सही हैं तो संभव है कि इस सीजन के दौरान या खत्म होते ही केएल राहुल का पत्ता कट जाएगा. उनके अलावा भी कई टीमें हैं, जो समय का इंतजार कर रही हैं. जैसे ही सीजन खत्म होगा वह भी अपने अगले प्लान पर काम करना शुरू कर देंगी. टीम के मालिक संजीव गोयनका का कप्तान केएल राहुल को गुस्से में डांटने का वीडियो जब से वायरल हुआ है उसके बाद से सोशल मीडिया पर कड़ी प्रतिक्रिया देखने को मिली है. फैंस की मांग है कि केएल राहुल को टीम और कप्तानी दोनों छोड़ देना चाहिए. इस बीच मीडिया में यह भी दावा किया गया कि इसी सीजन अगले मैच से पहले लखनऊ सुपरजायंट्स की कप्तानी में बदलाव संभव है. इसमें राहुल के अलावा मुंबई के हार्दिक पंड्या, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के फाफ डु प्लेसिस और पंजाब किंग्स के शिखर धवन भी कप्तानी का संकट खड़ा हो सकता है.

# केकेआर को अब एक और जीत की जरूरत है

एजेंसी। कोलकाता

शानदार फॉर्म में चल रही दो बार की पूर्व चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स शनिवार को अपने मैदान पर इस सत्र के आखिरी मैच में मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य ईडन गार्डंस पर ही तीन साल में पहली बार आईपीएल प्लेआफ का टिकट कटाने का होगा. दो बार के खिताब विजेता कप्तान गौतम गंभीर की टीम मेंटोर के रूप में वापसी के बाद केकेआर ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है. अब तक 11 मैचों में से आठ जीतकर दस टीमों शीर्ष पर काबिज केकेआर को प्लेआफ का टिकट कटाने के लिये एक और जीत की जरूरत है. शाहरूख खान की टीम अपने गढ ईडन गार्डंस पर ही यह श्रेय हासिल करना चाहेगी. सुनील नारायण को दुनिया के दूसरे नंबर के टी20 बल्लेबाज फिल साल्ट के साथ पारी की शुरूआत करने भेजने का गंभीर का दाव मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ है. दोनों ने टीम को पावरप्ले में शानदार शुरूआत देते हुए आठ मैचों में पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 के पार पहुंचाया है. नारायण अब तक 32 छक्के लगा चुके हैं और अभिषेक शर्मा (35) के बाद दूसरे स्थान पर है. अब तक एक शतक और तीन अर्धशतक लगा चुके नारायण ने 183.66 की स्ट्राइक रेट से 461 रन बना लिये हैं. वहीं इंग्लैंड के साल्ट ने 183.33 की स्ट्राइक रेट से 429 रन बनाये हैं. इन दोनों के शानदार फॉर्म के कारण आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह जैसे फिनिशरों को ज्यादा मौके नहीं मिले. इन दोनों की बल्लेबाजी ने गेंदबाजों खासकर मिचेल स्टार्क के खराब फॉर्म की भी भरपाई कर दी है. तीसरे नंबर पर युवा अंगकृष रघुवंशी ने अपनी उपयोगिता साबित की है. वहीं पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियंस हार्दिक पंड्या की कप्तानी में इस सत्र से बाहर होने वाली पहली टीम रही. पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को हराने वाली मुंबई अब प्रतिष्ठा के लिये खेल रही है. सूर्यकुमार यादव ने पिछले दो मैचों में 56 और नाबाद 102 रन बनाये हैं जो टी20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम के लिये अच्छा संकेत है. प्रशंसकों को रोहित शर्मा और पंड्या से भी अच्छी पारियों की उम्मीद होगी. भारतीय कप्तान रोहित पिछले पांच मैचों में से चार में दोहरे अंक तक तक भी नहीं पहुंच सके.



**टीम तैयार**

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएट्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, इशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, हार्विक देसाई (विकेटकीपर), नेहल वढेरा और ल्यूक वुड.

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नीतिश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंथा चमीरा, साकिब हुसैन, मुजीब उर रहमान, गट एटिकिंसन, अल्लाह गजनफर, फिल साल्ट.

**शतरंज** | प्रज्ञानानंदा ने मैग्नस समेत कुछ शीर्ष खिलाड़ियों को पराजित किया है

# शतरंज के खेल काफी महंगे होते हैं : प्रज्ञानानंदा

भाषा । वारसॉ

युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने शतरंज के लिए मजबूत वित्तीय समर्थन की मांग करते हुए इस अवधारणा को खारिज किया कि इस खेल में ट्रेनिंग के लिए कम वित्तीय राशि की जरूरत होती है. प्रज्ञानानंदा ने हाल में पहली बार टोरंटो में फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था और वह इस समय ग्रां शतरंज टूर के अंतर्गत रैपिड एवं ब्लिट्ज पोलैंड में खेल रहे हैं. इस 18 साल के खिलाड़ी ने कहा कि शतरंज की ट्रेनिंग भले ही आसान और सस्ती दिखे लेकिन इसके लिए यात्रा करना और सामान इकट्ठा करना बहुत ही महंगा होता है. इसलिये मैं अडाणी ग्रुप से सहयोग मिलने के लिए उनका आभारी हूं. प्रज्ञानानंदा ने पिछले कुछ वर्षों में तेजी से ऊपर की ओर कदम बढ़ाये हैं. इस दौरान मैग्नस कार्लसन सहित कुछ शीर्ष खिलाड़ियों को पराजित किया है. उन्होंने शतरंज के समर्थन के लिए कॉरपोरेट जगत को आगे आने की जरूरत पर ध्यान दिलाते हुए कहा कि शीर्ष स्तर के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेना काफी मुश्किल हो सकता है, क्योंकि ये काफी मंहगे होते हैं. उन्होंने कहा कि मेरे माता पिता को वित्तीय परेशानियों का सामना करना पड़ा था. लेकिन मेरा पहला प्रायोजक मिलने के बाद थोड़ी मदद मिली. अडाणी ग्रुप की एक विज्ञप्ति में प्रज्ञानानंदा ने कहा कि यह मुश्किल था क्योंकि मेरी बहन भी खेल रही थी और उसे भी टूर्नामेंट के लिए यात्रा करनी पड़ती थी. इसलिये खेलों के लिए कॉरपोरेट प्रायोजक काफी जरूरी हैं. उनकी बड़ी बहन आर



**मिले सहयोग**

- खिलाड़ी को शारीरिक रूप से फिट होना चाहिए
- वैशाली फिडे महिला कैंडिडेट्स में संयुक्त उप विजेता थीं

## विराट कोहली को टी20 विश्व कप में पारी का आगाज करना चाहिए : गांगुली

एजेंसी। बेंगलुरु

पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय टीम प्रबंधन को विराट कोहली की मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार फॉर्म को देखते हुए अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में उनसे पारी का आगाज करना चाहिए. इस आईपीएल में 12 मैच में 153.51 के शानदार स्ट्राइक रेट से 70.44 के औसत से 634 रन बनाकर कोहली 'ओरेंज कैप' पहने हैं और यह स्ट्राइक रेट उनके करियर के 134.31 के स्ट्राइक रेट से काफी अधिक है. गांगुली ने कहा कि विराट बहुत ही शानदार खेल रहा है. बीती रात कोहली ने जो पारी खेली जिसमें उसने तेजी से 90 रन बना दिये, उसे देखते हुए आपको उसे टी20 विश्व कप में बतौर सलामी बल्लेबाज इस्तेमाल करना चाहिए. उसकी पिछली कुछ आईपीएल पारियां देखें तो ये अद्भुत रही हैं. इसलिये उसे पारी का आगाज करना चाहिए. उन्होंने कहा कि भारत ने टी20 विश्व कप के लिए संतुलित टीम का चयन किया है जिसमें 17 साल के अंतराल बाद ट्राफी जीतने की काबिलियत है. भारत ने दक्षिण अफ्रीका में 2007 में शुरूआती टी20 विश्व कप का खिताब जीता था. गांगुली ने कहा कि यह बहुत अच्छी टीम है. मुझे लगता है कि उन्होंने सर्वश्रेष्ठ टीम चुनी है. बल्लेबाजी में गहराई के अलावा गेंदबाजी भी बेहतरीन दिखती है. उन्होंने कहा कि बुमराह इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज हैं.



**ब्रीफ खबरें**

### दो पक्षों में मारपीट दर्जनों लोग घायल

**नवादा ।** नवादा में जमीनी विवाद को लेकर शुक्रवार को दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई. इस घटना में दोनों पक्षों से लगभग एक दर्जन लोग जख्मी हो गए. सभी घायलों को इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चार लोगों की गंभीर हालात को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पावापुरी रेफर कर दिया गया है. मामला पकरीबरवां थाना क्षेत्र के उलटाय गांव की है. बताया जा रहा है कि घर का दरवाजा खोलने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ. पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है.

### पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया

**पटना ।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वाहन चेकिंग अभियान के दौरान नदी थाना पुलिस ने पक्की दरगाह स्थित पीपापुल के पास से थैले में ले जा रहे केन बीयर के साथ दो शराब तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. दोनों गिरफ्तार शराब तस्कर वैशाली जिले के रुस्तमपुर थाना क्षेत्र के बहरामपुर गांव निवासी गौरी राय के पुत्र निर्बल कुमार है और दूसरा हाजीपुर के सदर थाना क्षेत्र स्थित पोखरा मोहल्ला निवासी संजय राय की पत्नी ललिता देवी है. दोनों बंका घाट स्टेशन से 68 पीस केन बीयर के साथ ऑटो से पक्की दरगाह आकर ऑटो से उतर गए और बीयर लेकर गंगा घाट जाकर नदी के उस पार जाने की फिराक में थे.

### शंकर हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार हुआ

**जमुई ।** जमुई में हो रहे आपराधिक घटनाओं पर अब जमुई पुलिस ने लगाम लगाना शुरू कर दिया है. बीते दिनों कुंदरी गांव निवासी शंकर सिंह की हत्या कर दी गई थी और उनके शव को काकन नहर के समीप फेंक दिया गया था. इस हत्याकांड को लेकर जमुई पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. मुख्य अभियुक्त को जमुई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. साथ ही हत्या के बाद उपयोग किए गए वाहन को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है. सूत्रों की मानें तो इस हत्याकांड में शामिल सभी अपराधी चिन्हित कर लिए गए है और जमुई पुलिस बचे फरार आरोपियों की भी तलाश कर रही है.

काराकाट लोकसभा सीट : एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा ने किया नामांकन, बोले

# पवन सिंह भाजपा के सदस्य हैं तो उनकी चिंता पार्टी करेगी


**संवाददाता ।सासाराम**



लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज है. तीन चरणों का मतदान खत्म हो चुका है. वहीं सातवें और अंतिम चरण के मतदान के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है. इसी कड़ी में मंगलवार को काराकाट लोकसभा सीट से राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सुप्रीमो और एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा ने नामांकन दाखिल किया है. नामांकन दाखिल करने से पहले उपेंद्र कुशवाहा ने मंदिर में पूजा-पाठ भी किया.

दरअसल, नामांकन के लिए उपेंद्र कुशवाहा का काफिला डेहरी स्थित उनके कार्यालय से रवाना हुआ. सबसे पहले वे ताराचंडी धाम पहुंचे, जहां पूजा-अर्चना के बाद उपेंद्र कुशवाहा पायलट बाबा धाम पहुंचे. वहां पूजा और जल अर्पण के बाद उनका काफिला सासाराम शहर में प्रवेश कर गया. सबसे पहले बौलिया चौक पर बाबू जगदेव प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. इसके बाद धर्मशाला चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर उनके द्वारा माल्यार्पण किया गया.

नामांकन दाखिल करने के बाद उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि कोई चुनाव लड़े, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता. पवन सिंह के चुनाव लड़ने के सवाल पर कुशवाहा ने कहा कि उनसे न तो हमें कोई असर पड़ रहा है और न ही जनता पर कोई असर दिख रहा है. कहा कि यदि खुद को भाजपा का सदस्य बताते हैं तो हैं तो उनकी चिंता भारतीय जनता पार्टी को करनी है. हम लोगों को उनकी चिंता नहीं करनी चाहिए. भाजपा के लोग क्या करना है, क्या नहीं करना है, यह खुद से तय कर लेंगे. उन्होंने जोर देकर कहा कि पवन सिंह के चुनाव लड़ने से चुनाव लड़ने का कहीं कोई अर्थ नहीं है. उपेंद्र कुशवाहा से एक दिन पहले गुरुवार को भोजपुरी पावर स्टार पवन सिंह ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया था.




### पटना के फेमस रेस्टोरेंट में लगी आग

**पटना ।** राजधानी पटना में शुक्रवार को एक रेस्टोरेंट में आग लग गयी. घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल की कई गाड़ियां आग बुझाने का प्रयास कर रही हैं. मीठापुर सब्जी मंडी से सिपारा जाने वाले रास्ते में स्थित फेमस रेस्टोरेंट से धुंआ उठने लगा. लोगों ने इसकी जानकारी ली तो मालूम हुआ कि किचन में आग लग गई है. इसके बाद आसपास के लोगों ने खुद ही आग को बुझाने की कोशिश की लेकिन आग इतनी तेज थी कि उस पर काबू पाना संभव नहीं हो पाया. इसके बाद सूचना मिलते ही कंकड़बाग फायर स्टेशन प्रभारी दमकल की गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंच गए. उल्लेखनीय है कि पिछले तीन दिनों में अगलगी की लगातार यह तीसरी घटना है. आठ मई को पटना के पुराने म्युजियम में आग लगी थी. नौ मई को बीएसएनएल ऑफिस में आग लगी थी.

भागलपुर जिले के नवगछिया स्थित मकनपुर चौक पर हुई घटना

# ट्रक और कार में भीषण टक्कर तीन लोगों की मौके पर ही मौत

- पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत कर तीनों शवों को बाहर निकाला

**संवाददाता ।पटना**

भागलपुर जिले के पुलिस जिला नवगछिया स्थित मकनपुर चौक पर शुक्रवार सुबह सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई. इस हादसे के बाद आस-पास इलाके में चीख-पुकार मची हुई है. इस घटना की सूचना फिलहाल नजदीकी थाने के पुलिस को दे दी गई है.

सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस के मुताबिक भागलपुर जिले के पुलिस जिला नवगछिया स्थित मकनपुर चौक पर शुक्रवार सुबह ट्रक और कार के भीषण टक्कर में तीन लोगों की मौत हो चुकी है. नवगछिया पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है. पुलिस घटना के बाद मामले की छानबीन में जुट गयी है.



#### चालक की तलाश में जुटी पुलिस

इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई. पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत कर तीनों शवों को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया. पुलिस के अनुसार, तीनों के परिजनों को सूचना दे दी गई है. ट्रक चालक की तलाश की जा रही है. मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है.

#### एनएच किनारे ढाबा चलाते थे तीनों

मरने वाले की पहचान भवानीपुर निवासी सनोज यादव (30), केपिस्टन यादव (32) एवं खगड़िया निवासी प्रभाकर यादव (28) के रूप में की गई है. स्थानीय लोगों का कहना है कि तीनों एनएच के किनारे एक ढाबा चलाते थे. शुक्रवार की अहले सुबह करीब चार बजे तीनों एक कार में सवार होकर वापस घर लौट रहे थे. इसी दौरान मकंदपुर के समीप हादसा हुआ है. हादसे में तीनों की जान चली गई है.

सारण लोकसभा सीट से राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य ने किया दावा

# एनडीए छोड़ने की फिराक में हैं नीतीश

**पटना ।** लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज है. इसी बीच सारण लोकसभा सीट से महागठबंधन उम्मीदवार रोहिणी आचार्य सीएम नीतीश पर बड़ा हमला बोला है. उन्होंने कहा है कि सीएम नीतीश एक बार फिर पाला बदलने के लिए बेचैन हैं लेकिन हमारे घर पर सीएम नीतीश के लिए नो एंट्री का बोर्ड लगा हुआ है. वहीं रोहिणी आचार्य ने परिवार पर हमले को लेकर कहा कि हमारे पापा के नौ बच्चे हैं और उनके एक तो इसमें उनकी गलती है क्या?

दरअसल, सीएम नीतीश लगातार चुनावी प्रचार के दौरान लालू परिवार पर हमला बोल रहे हैं. सीएम नीतीश लालू यादव के बच्चों को लेकर कहते हैं कि बताइए कोई इतना बच्चा पैदा करता है. साथ ही लालू यादव और राबड़ी देवी के कार्यकाल को लेकर भी सीएम नीतीश लगातार हमलावर है. इसी दौरान रोहिणी आचार्य ने बिना नाम लिए कहा कि अगर कोई परिवार पर हमला करेगा तो उसका जवाब भी परिवार से ही देंगे. मेरे पापा के नौ बच्चे हैं, उनको एक ही हुआ तो लालू यादव की क्या गलती है? लालू जी को क्यों गाली दे रहे. अपने मुद्दे पर बात कीजिए.

### हार्डकोर नक्सली समीर डांगी हुआ गिरफ्तार

**पटना ।** बिहार एसटीएफ और गोपालगंज पुलिस ने शुक्रवार को संयुक्त ऑपरेशन चलाकर हार्डकोर नक्सली समीर डांगी को गिरफ्तार किया है. गया जिले के रहने वाले नक्सली समीर डांगी के पास से एक कट्टा, 1.28 किलोग्राम चरस और चोरी की एक बाइक मिली है. समीर डांगी पर औरंगाबाद और गया जिला में तीन नक्सली हमला करने के अलावा यूएपीए एक्ट के दो मामले भी दर्ज हैं. सदर एसडीपीओ प्रांजल त्रिपाठी ने बताया कि नगर थाना क्षेत्र के हरखुआ ढाला के पास चरस की खरीद-बिक्री करने नक्सली समीर डांगी पहुंचा था, जहां से इसकी गिरफ्तारी हुई. एसडीपीओ ने बताया कि गोपालगंज के फुलगुनी पंचायत के मुखिया मो. कुरैश की हत्या में समीर डांगी ने शूटर की भूमिका निभाई थी.

## औरंगाबाद में सर्च ऑपरेशन के दौरान तीन आईईडी बम बरामद

**संवाददाता ।औरंगाबाद**



औरंगाबाद जिले में नक्सलियों की सुरक्षा बलों को उड़ाने की साजिश को नाकाम कर दिया है. पुलिस ने मदनपुर थाना क्षेत्र में पचरुखिया के जंगली इलाके में लड़ुईयां पहाड़ और शिकारी कुईयां के जंगल से तीन शक्तिशाली आईईडी बम बरामद किए हैं. पुलिस सूत्रों ने बताया कि बरामद आईईडी बम बेहद शक्तिशाली हैं और इनकी विध्वंसक क्षमता अत्यंत घातक है. प्रत्येक बम का वजन तीन-तीन किलो है, जिसे बम निरोधक दस्ता द्वारा मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया. सूत्रों की मानें तो नक्सलियों ने लोकसभा चुनाव में विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने, सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने और ग्रामीणों में दहशत पैदा करने के लिए आईईडी बम लगाए थे. इसकी सूचना औरंगाबाद के पुलिस कप्तान स्वपना गौतम मेश्राम को मिली. इसके बाद उन्होंने कोबरा 205 के कमांडेंट कैलाश आर्या और एएसपी अभियान कबीर शरण को ऑपरेशन चलाने का निर्देश दिया.

**कारोबार**

### सर्वोटेक पावर सिस्टम्स का लाभ 43% घटा

**नयी दिल्ली ।** सर्वोटेक पावर सिस्टम्स का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 43 प्रतिशत घटकर 3.45 करोड़ रुपये रहा. कंपनी को वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही का शुद्ध लाभ 6.05 करोड़ रुपये था. सर्वोटेक पावर सिस्टम्स ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन आय 136.65 करोड़ रुपये रही जबकि पिछले साल इसी तिमाही में यह 119.98 करोड़ रुपये थी. चौथी तिमाही में कुल व्यय 132 करोड़ रुपये रहा.

### बजाज हिंदुस्तान शुगर का लाभ घटा

**नयी दिल्ली ।** बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 31 प्रतिशत घटकर 90.56 करोड़ रुपये रहा. कंपनी को वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ 130.91 करोड़ रुपये था. बजाज ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय घटकर 1,874.77 करोड़ रह गई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 2,059.10 करोड़ थी. कुल आय घटकर 6,146.33 करोड़ रुपये रह गई, जो 2022-23 में 6,360.34 करोड़ रुपये थी.

### डॉ बासु ग्रुप पुणे में अस्पताल खोलेगा

**नयी दिल्ली ।** आंखों के आयुर्वेदिक अस्पताल चलाने वाली घरेलू कंपनी डॉ. बासु ग्रुप पुणे में अत्याधुनिक हॉस्पिटल खोलने जा रही है. इसके साथ कंपनी ने लगभग तीन साल में राजस्व 100 करोड़ रुपये पहुंचाने का लक्ष्य रखा है. फिलहाल कंपनी के दिल्ली और उत्तर प्रदेश के बरेली में आंखों के आयुर्वेदिक अस्पताल संचालित किए जा रहे हैं. डॉ. बासु ग्रुप के निदेशक डॉ. मनदीप बासु ने शुक्रवार को बताया कि हमारा मानना है कि हर कोई उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच का हकदार है, इसी बात को ध्यान में रखकर हमने विस्तार की योजना बनायी है. हम इस साल पुणे में अस्पताल खोल रहे हैं.

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश ने क्रेडाई के अधिकारियों के साथ की बैठक, बोले

# बहुत जल्द 200 रजिस्ट्री के लिए लगेगा कैंप

**संवाददाता ।नोएडा**

लंबे समय बाद नोएडा में फंसे फ्लैटों की रजिस्ट्री का रास्ता साफ हो गया. इसे लेकर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने क्रेडाई के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की. इसके बाद बताया गया कि आने वाले दिनों में 200 रजिस्ट्री के लिए कैंप लगाया जाएगा. अभी तक अलग-अलग सोसाइटी में कैंप लगाकर 530 रजिस्ट्री की जा चुकी हैं. प्राधिकरण ने जानकारी दी है कि अब तक 57 बिल्डर्स में से 24 ने 224.45 करोड़ रुपए की धनराशि जमा करवाई है.

अमिताभ कांत की सिफारिश लागू होने के बाद प्राधिकरण का ध्यान सिर्फ बायर्स की रजिस्ट्री कराने को लेकर है. नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम. ने बैठक में बिल्डर वार बायर्स के पक्ष में किये जाने वाली रजिस्ट्रियों की समीक्षा की. बैठक में बिल्डर ने आश्वासन दिया कि जल्द ही 200 रजिस्ट्री के लिए कैंप लगाया जाएगा.

सीईओ की समीक्षा में सामने आया कि अब तक 57 बिल्डरों में से 20 बिल्डरों द्वारा 25 प्रतिशत धनराशि रुपए 170.77 करोड़ जमा करा दी गई है. इन 20 बिल्डरों से भविष्य में नोएडा प्राधिकरण को लगभग रुपए 450 करोड़ की प्राप्ति होगी. चार बिल्डरों द्वारा कुल 25 प्रतिशत धनराशि 83.47 करोड़ में आंशिक धनराशि 53.68 करोड़ जमा कराई गई है. इस प्रकार प्राधिकरण को 9 मई तक कुल 224.45 करोड़ रुपए मिले. 18 ऐसे बिल्डर हैं, जिन्होंने 25 प्रतिशत धनराशि जमा कराने के लिए सहमति दी है. 18 बिल्डरों में से ग्रुप हाउसिंग भूखंड संख्या जीएच-4/बी, सेक्टर-78, कलरफुल एस्टेट प्रालि, भूखंड संख्या जीएच-5/बी, सेक्टर-78 सनसाइन इन्फ्रावेल प्रालि, सेक्टर-168 सनवर्ड रेजीडेन्सी प्रा.लि., सेक्टर-76 स्काईटेक कंस्ट्रक्शन प्रालि, प्रतीक बिल्डटेक इंडिया प्रा.लि. अपने सभी परियोजनाओं के तहत 25 प्रतिशत धनराशि शीघ्र जमा कराने का आश्वासन दिया है. 20 बिल्डरों द्वारा कुल 1604 रजिस्ट्रियां कराई जानी है.

नोएडा प्राधिकरण बीते 1 मार्च, 29 अप्रैल और 8 मई को अलग अलग स्थानों पर कैम्प लगाकार 530 रजिस्ट्रियां करा चुका है. कल हुई बैठक में बिल्डर लॉबी की तरफ से अमित जैन, दिनेश गोयल, राजीव शर्मा ने आगामी सप्ताह में लगभग 200 रजिस्ट्रियां विशेष कैम्प का आयोजन करते हुए कराए जाने का आश्वासन दिया. बैठक में क्रेडाई की ओर से गीताम्बर आनंद (संरक्षक), अमित जैन (अध्यक्ष), दिनेश कुमार गुप्ता (सचिव) तथा अन्य बिल्डर मौजूद थे.

दूसरी ओर दिल्ली हाई कोर्ट ने एनबीसीसी को फ्लैट का कब्जा देने में देरी का दोषी मानते हुए खरीदार को उसका पूरा पैसा ब्याज सहित लौटाने का आदेश दिया. 2012 में बुक कराए गए फ्लैट के न मिलने से खरीदार को जो मानसिक कष्ट पहुंचा, उसके लिए पांच लाख रुपये हर्जाने के रूप में उसे दिए जाने का एनबीसीसी को निर्देश मिला. जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने एनबीसीसी को घर खरीदार को ब्याज सहित 76 लाख रुपये से अधिक राशि वापस करने के लिए कहा.

कोर्ट ने कहा कि घर खरीदना किसी व्यक्ति या परिवार का अपने जीवनकाल में किए गए सबसे अहम निवेशों में से एक है. कोर्ट ने कहा कि इसमें अक्सर सालों की बचत, सावधानीपूर्वक योजना और भावनात्मक निवेश शामिल होता है. इसलिए गड़बड़ी होने पर घर खरीदने वालों को क्षतिपूर्ति देना पिछली गड़बड़ी को सुधारने के साथ भविष्य इस तरह की चीजों को रोकने का भी मामला है.

**18 बिल्डर 255 धनराशि जमा करने पर सहमत**



**रास्ता साफ**

- अलग-अलग सोसाइटी में 530 रजिस्ट्री हो चुकी है
- 24 बिल्डरों ने 224.45 करोड़ रु. जमा कराये हैं

### बैंक ऑफ बड़ौदा का लाभ 4,886 करोड़ रुपये हुआ

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) का पिछले वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 2.3 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 4,886 करोड़ रुपये हो गया. बीओबी ने शुक्रवार को जनवरी-मार्च, 2024 के इस तिमाही नतीजे की शेयर बाजार को सूचना दी. एक साल पहले की समान तिमाही में बैंक ने 4,775 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था. आलोच्य अवधि में बैंक की कुल आय बढ़कर 33,775 करोड़ रुपये हो गयी जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह 29,323 करोड़ रुपये थी. बैंक के निदेशक मंडल ने दो रुपये के अंकित मूल्य वाले शेयर पर 7.60 रुपये का लाभांश देने की भी अनुशंसा की है. इसे 28वीं सालाना आमसभा में मंजूरी के लिए रखा जाएगा. वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में बैंक की ब्याज से प्राप्त आय बढ़कर 29,583 करोड़ रुपये हो गई. यह जनवरी-मार्च, 2023 मे 25,857 करोड़ रुपये रही थी. समीक्षाधीन अवधि में बीओबी की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) सुधार के साथ 2.92 प्रतिशत पर आ गई जबकि साल भर पहले यह कुल कर्जों का 3.79 प्रतिशत थी.

**बीपीसीएल के चेयरमैन बोले**

## 1.7 लाख करोड़ का निवेश होगा

**नयी दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनी बीपीसीएल ने अपने मुख्य कारोबार तेल शोधन, ईंधन विपणन और पेट्रोकेमिकल के अलावा स्वच्छ ईंधन में अगले पांच वर्षों में 1.7 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है. भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के चेयरमैन जी कृष्णकुमार ने शुक्रवार को तिमाही नतीजों पर विश्लेषकों के साथ चर्चा के दौरान यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि पांच साल की रणनीतिक रूपरेखा 'प्रोजेक्ट एस्पायर' के तहत बीपीसीएल ने अपनी तेलशोधन क्षमता बढ़ाने, पेट्रोकेमिकल व्यवसाय और स्वच्छ ईंधन क्षेत्र में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने की योजना बनाई है. कृष्णकुमार ने कहा, हमारी रणनीति दो मूलभूत स्तंभों-प्रमुख कारोबार को आगे बढ़ाने और भविष्य के बड़े दांव में निवेश पर आधारित है.

**शेयर बाजार** चार दिन गिरावट के बाद लौटे खरीदार, निवेशकों ने कमाए 3.28 लाख करोड़ रुपये

# सेंसेक्स 0.36% व निफ्टी 0.44% की मजबूती के साथ बंद

- लगातार हो रही खरीदारी के कारण ये सूचकांक 542.37 अंक की तेजी के साथ 72,946.54 अंक के स्तर तक पहुंचने में सफल रहा

**भाषा ।नई दिल्ली**



घरेलू शेयर बाजार में पिछले 4 दिनों से जारी गिरावट का सिलसिला शुक्रवार को थम गया. शुक्रवार के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी. दिन के कारोबार में तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच लगातार खींचतान की स्थिति बनी रही, जिसके कारण शेयर बाजार में लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा. बिकवाली के दबाव में शेयर बाजार कुछ देर के लिए लाल निशान में भी गया. थोड़ी ही देर बाद खरीदारी का सपोर्ट मिल जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने हरे निशान में रिकवरी कर ली. पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.36 प्रतिशत और निफ्टी 0.44 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए. शुक्रवार को कारोबार के दौरान एफएमसीजी, ऑयल एंड गैस, फार्मास्यूटिकल और पावर सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही. इसके अलावा ऑटोमोबाइल और कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्टर के शेयरों में भी तेजी बनी रही.

दूसरी ओर रियल्टी, आईटी और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा. बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब सवा तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई. बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन शुक्रवार के कारोबार के बाद बढ़ कर 396.62 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया. पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 393.34 लाख करोड़ रुपये था. इस तरह निवेशकों को कारोबार से करीब 3.28 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया.

बीएसई का सेंसेक्स शुक्रवार को 71.28 अंक की बढ़त के साथ 72,475.45 अंक के स्तर पर खुला. कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बनने की वजह से ये सूचकांक 37.88 अंक की कमजोरी के साथ 72,366.29 अंक के स्तर तक गिर गया. इसके बाद खरीदारों ने बाजार में मोर्चा संभाल लिया.

लगातार हो रही खरीदारी के कारण ये सूचकांक 542.37 अंक की तेजी के साथ 72,946.54 अंक के स्तर तक पहुंचने में सफल रहा. हालांकि, इसके बाद बाजार में मुनाफावसूली शुरू हो जाने की वजह से सेंसेक्स ऊपरी स्तर से करीब 280 अंक फिसल कर 260.30 अंक की बढ़त के साथ 72,664.47 अंक के स्तर पर बंद हुआ.

**पेज एक का शेष**

### कांग्रेस और झामुमो का वोट बैंक ....

**भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है राज्य सरकार :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को खूंटी में चुनावी सभा को संबोधित किया. शाह ने लोगों से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अर्जुन मुंडा को वोट देने का आग्रह करते हुए कहा कि झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाला गठबंधन आकंठ भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है. उन्होंने कहा, झामुमो नीत गठबंधन 300 करोड़ रुपए के भूमि घोटाले, 1,000 करोड़ रुपए के खनन घोटाले, 1,000 करोड़ रुपए के मनरेगा घोटाले और 40 करोड़ रुपए के शराब घोटाले में शामिल है. हम झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन को गरीबों का पैसा हजम नहीं करने देंगे. उन्होंने झामुमो और कांग्रेस पर वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया. शाह ने कहा कि कांग्रेस ने 70 साल तक अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में बाधाएं पैदा कीं, जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने पांच साल में मंदिर का निर्माण किया. राहुल बाबा राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में नहीं गए, क्योंकि उन्हें अपने वोट बैंक का डर था. उन्होंने कहा, मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि कांग्रेस ने अपने शासन के दौरान किसी आदिवासी को राष्ट्रपति क्यों नहीं बनाया.

**राहुल की पार्टी ने आपका पैसा लूटने का काम किया :** शाह ने कहा कि कुछ दिन पहले कांग्रेस पार्टी के सांसद के घर से 350 करोड़ रुपया कैश मिला. यहां मौजूद किसी ने इतना पैसा देखा है. यह पैसा किसका था.ये पैसे आपके हैं. राहुल गांधी की पार्टी ने आपसे ये पैसा लूट लिया. 2 दिन पहले झारखंड के कांग्रेस के मंत्री के नौकर के नौकर के घर से 35 करोड़ रुपए और ज्वेलरी मिली. ये पैसा किसका है. झारखंड के आदिवासी पिछड़ा का पैसा है. पीएम जो भेजते हैं कांग्रेस और झामुमो के लोग खा जाते हैं.

**झारखंड के विकास से इन्हें कुछ लेना-देना नहीं :** अर्जुन मुंडा ने कहा कि भाजपा ने अलग झारखंड राज्य का सपना साकार किया.आप सब मुझे बताइए क्या भगवान बिरसा की कुर्बानी को ऐसे ही बेकार होने दिया जाएगा. कहा कि झामुमो सरकार के मंत्रियों के कारनामे से ऐसा लगता है कि इनको झारखंड राज्य और विकास से कुछ लेना-देना नहीं है. इन्होंने झारखंड की छवि को पूरे देश और दुनिया में खराब किया है. झारखंड के नाम को बदनाम किया है.

### किसी में दम नहीं जो आरक्षण खत्म ...

**कभी नहीं सुना कि एक सीएम लापता हो जाए :** राजनाथ सिंह ने कहा कि पहले कोई मंत्री विदेश जाता था तो कहा जाता था भारत गरीबों का देश है. जबकि आज कोई जाता है तो और भारत कुछ कहता है तो पूरी दुनिया कान लगाकर सुनती है. युक्रेन में भारत के 28 से 30 हजार बच्चे पढ़ते थे. उनके मां-बाप ने पीएम से मुलाकात की थी. पीएम ने दोनों देश के राष्ट्रपतियों से बात की तो साढ़े चार घंटे के लिए युद्ध रूक गया. 10 साल पहले भारत की स्थिति बहुत बुरी थी. हमारे पीएम हर धर्म को मानते हैं. एक बार तो खबर आई कि झारखंड के मुख्यमंत्री 24 घंटे से लापता हैं. अपने जीवन में मैंने आज तक ऐसा नहीं सुना था. झारखंड के लोग गरीब हो सकते हैं, लेकिन स्वाभिमान होते हैं. आप एक जून को कमल का बटन दबाईए और सीता सोरेन को जिताईए. यह आपकी आवाज को सदन में ठीक ढंग से उठाएंगी.

मोदी ने-कांग्रेस-यूबीटी पर साधा निशाना

# कहते हैं मोदी तेरी कब्र खुदेगी इनकी जमीन खिसक चुकी है

एजेंसी। मुंबई



चुनाव के बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के नंदुरबार में विशाल रैली को संबोधित किया. इस दौरान कांग्रेस के साथ-साथ शिवसेना (यूबीटी) पर भी जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि नकली शिवसेना वाले मुझे जिंदा गाड़ने की बात करते हैं. ये लोग कह रहे हैं मोदी की कब्र खुदेगी. तुष्टीकरण के लिए ये भाषा बोल रहे हैं. इनको सपने दिख रहे हैं कि मोदी को जमीन में गाड़ देंगे. इनकी सियासी जमीन खिसक चुकी है. इनको पता नहीं है कि देश की माताएं-बहनें मोदी की रक्षा करेंगी. मोदी ने कहा, महा अघाड़ी आरक्षण के महाभक्षण का महा अभियान चला रही है. वहीं, एससी, एसटी, ओबीसी का आरक्षण बचाने के लिए मोदी महारक्षण महायज्ञ कर रहा है. मैं कांग्रेस के शाही परिवार की तरह बड़े घराने से नहीं निकला हूं. मुझे पता है कि यहां आपने कितनी तकलीफ उठाई है. मोदी ने संकल्प लिया था कि हर गरीब, हर आदिवासी को बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी.

पवार का पीएम मोदी पर पलटवार

# उन लोगों से हाथ नहीं मिलाऊंगा जो लोकतंत्र में विश्वास नहीं करते

एजेंसी। पुणे



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने शुक्रवार को कहा कि संसदीय लोकतंत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण खतरे में है और वह उन लोगों से हाथ नहीं मिलाएंगे जो इसमें विश्वास नहीं करते हैं. पवार का यह बयान तब आया है, जब पीएम ने राकांपा (एसपी) और शिवसेना (यूबीटी) को लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस में विलय कर अपना अस्तित्व मिटाने के बजाय क्रमशः अजित पवार एवं एकनाथ शिंदे से हाथ मिला लेने की सलाह दी है. पवार ने कहा कि यह बिल्कुल स्पष्ट राय है कि संसदीय लोकतंत्र मोदी के कारण खतरे में है. दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल एवं झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे डाल दिया गया. ये केंद्र सरकार की भूमिका के बगैर संभव नहीं था. महाराष्ट्र में एक रैली में मोदी ने कहा था कि डुप्लीकेट राकांपा एवं शिवसेना ने चार जून के बाद कांग्रेस में विलय का मन बना लिया है.

उत्तर प्रदेश में बोले राहुल गांधी

# लिखित में ले लें, नरेंद्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे

एजेंसी। कन्नौज (यूपी)



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कन्नौज में सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ संचुक्त रूप से एक रैली को संबोधित किया. राहुल गांधी ने रैली में कहा कि यूपी में विपक्षी गठबंधन तूफान आ रहा है. भाजपा राज्य में सबसे बड़ी हार का सामना करने जा रही है. राहुल ने विश्वास के साथ कहा, यह लिखित में ले लें, नरेंद्र मोदी फिर से पीएम नहीं बनेंगे. अगले 10-15 दिनों में आप देखेंगे कि भाजपा वाले इधर-उधर की बातें कर आपका ध्यान भटकाने की कोशिश करेंगे. भारत के चुनाव में एक ही मुद्दा है और बाकी सभी मुद्दे उसी से जुड़े हैं. मुद्दा है संविधान. इस पुस्तक ने भारत के गरीबों, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों, किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों को अधिकार दिया है. पीएम मोदी समझ गये हैं, उनके हाथ से चुनाव फिसल रहा है.वह कुछ न कुछ ड्रामा करेंगे लेकिन आपका ध्यान नहीं भटकना चाहिए. राहुल ने कहा, हम भारतीयों में भरोसा ला रहे हैं. इंडिया4 जून को सरकार बनाएगा.

दुनिया में भारी उथल पुथल की आशंका

# जरूरी है कि मजबूत हाथों में हो देश की कमान : जयशंकर

एजेंसी। नयी दिल्ली



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आगाह किया है कि संघर्षों, सत्ता केंद्रों में बदलाव और तेज होती प्रतिस्पर्धा के कारण इस दशक में दुनिया में 'बहुत अधिक उथल-पुथल' होगी और ऐसे में बहुत जरूरी है कि देश की कमान मजबूत हाथों में हो. जयशंकर ने बृहस्पतिवार शाम को 'पीटीआई-भाषा' को दिए विशेष साक्षात्कार में 2020 के दशक के अंत तक एक ऐसी दुनिया की तस्वीर चित्रित की जो हमारे आज के संसार से बिल्कुल अलग होगी. वैश्विक शक्ति संतुलन के इस आकलन में उन्होंने कूटनीति और राजनीति में अपने लगभग 50 वर्ष के अनुभव के आधार पर कुछ चिंतित करने वाले तथ्य पेश किए. चीन और अमेरिका में भारत के राजदूत रह चुके जयशंकर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2019 में राजनीति में लेकर आए थे. जयशंकर ने कहा, 'कई सारे संघर्ष, तनाव, विभाजन! मैं वास्तव में, इस दशक की शेष अवधि में बहुत अधिक उथल-पुथल वाले अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य की तस्वीर पेश कर रहा हूं.'

## ब्रीफ खबरें

### मिशुस्तिन पुनः रूस के प्रधानमंत्री नियुक्त

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पूर्व राष्ट्रपति मिखाइल मिशुस्तिन को पुनः देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया है और उनके नाम को मंजूरी के लिए संसद के निचले सदन के पास भेजा है. रूसी कानून के अनुरूप 58 वर्षीय मिशुस्तिन ने मंगलवार को उस वक्त अपने मंत्रिमंडल का इस्तीफा सौंपा जब पुतिन ने राष्ट्रपति के तौर पर अपना पांचवां कार्यकाल शुरू किया था. मिशुस्तिन पिछले चार वर्ष से प्रधानमंत्री पद पर थे.

### भारत कान्स में 'भारत पर्व' की मेजबानी करेगा

**नयी दिल्ली।** भारत 77 वें कान्स फिल्म महोत्सव में पहली बार दुनिया भर के प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिनिधियों के लिए देश में विभिन्न रचनात्मक अवसरों को प्रदर्शित करने के लिए 'भारत पर्व' की मेजबानी करने के लिए तैयार है. सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि प्रतिष्ठित फिल्म समारोह में केंद्र एवं राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ उद्योग जगत के सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल महत्वपूर्ण पहलों की एक श्रृंखला के माध्यम से मार्चे डु फिल्म्स में भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन करेगा.

### पुरस्कार विजेता निर्देशक रसूलोफ को जेल की सजा

**तेहरान।** पुरस्कार विजेता ईरानी निर्देशक मोहम्मद रसूलोफ को कान फिल्म महोत्सव में उनकी प्रस्तावित यात्रा से ठीक पहले आठ साल की जेल और कोड़े मारने की सजा सुनाई गई है। उनके वकील ने बृहस्पतिवार को एसोसिएटेड प्रेस को यह जानकारी दी. रसूलोफ (51) को अपनी फिल्म "देयर इज नो इविल" के लिए जाना जाता है. वह इस्लामिक गणराज्य में वर्षों से बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों के बाद निशाना बनाए जाने वाले नए कलाकार बन गए हैं.

### बीजापुर में मुठभेड़ में पांच नक्सली हुए ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में पांच नक्सलियों को मार गिराया है. पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पीड़िया गांव के जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में पांच नक्सलियों को मार गिराया है. उन्होंने बताया कि गंगालूर थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था. मारे गए पांच नक्सलियों का शव बरामद कर लिया है.

भाजपा पर कांग्रेस का पलटवार, कहा- अय्यर पार्टी का पक्ष नहीं रखते

# पाकिस्तान के परमाणु बम संबंधी अय्यर के पुराने बयान पर विवाद

- **विदेश मंत्री का चीन से डरनेवाला बयान खेड़ा ने साझा किया**
- **कहा-मोदी के निरंतर डगमगाते प्रचार से ध्यान हटाने के प्रयास**

एजेंसी। नयी दिल्ली

पाकिस्तान संबंधी कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के एक पुराने बयान से शुक्रवार को विवाद खड़ा हो गया, जिसके बाद कांग्रेस ने तुरंत उनकी टिप्पणियों से खुद को अलग कर लिया, जबकि भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उस पर पाकिस्तान तथा उसकी धरती से पनपने वाले आतंकवाद के प्रति नरम रुख अपनाने का आरोप लगाया. वहीं अय्यर ने कहा कि वीडियो पुराना है और इस समय इसे इसलिए ढूंढ कर निकाला गया है क्योंकि भाजपा का चुनाव अभियान लड़खड़ा रहा है.

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें अय्यर यह कहते नजर आ रहे हैं कि भारत को पाकिस्तान का सम्मान करना चाहिए क्योंकि वह एक संप्रभु राष्ट्र है और उसके साथ संवाद कायम करना चाहिए क्योंकि उसके पास भी परमाणु बम है. उन्हें वीडियो में यह संकेत देते सुना जा सकता है कि अगर कोई 'सनकी व्यक्ति' वहां सत्ता में आ जाता है और परमाणु बम का इस्तेमाल करता है तो यह अच्छा नहीं होगा और इसका असर यहां भी होगा. इस टिप्पणी पर विवाद शुरू होने पर कांग्रेस ने कहा कि वह कुछ महीने पहले की गई अय्यर की टिप्पणी से पूरी तरह असहमत है. कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने 'एक्स' पर कहा कि अय्यर किसी भी हैसियत से पार्टी का पक्ष नहीं रखते हैं.

पवन खेड़ा ने लिखा, "भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस मणिशंकर अय्यर द्वारा कुछ महीने पहले की गई कुछ टिप्पणियों से अपने आप को अलग करती है और पूरी तरह से उनसे असहमत है. देश समझ रहा है कि भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की दैनिक गलतियों एवं निरंतर डगमगाते प्रचार से ध्यान हटाने के प्रयास में इन पुरानी व अप्रासंगिक टिप्पणियों को पुनर्जीवित किया जा रहा है. अय्यर किसी भी प्रकार से अथवा किसी भी मंच से पार्टी का प्रतिनिधित्व नहीं करते." विदेश मंत्री एस. जयशंकर का एक वीडियो साझा करते हुए उन्होंने कहा, " यदि पुराने वीडियो का उपयोग किया जाए, तो यहां एक ऐसा थोड़ा पुराना वीडियो है जहां विदेश मंत्री ने सार्वजनिक रूप से भारत को चीन से डरने की सलाह दी है."

> 'लोकसभा की आधी से अधिक सीट पर मतदान के बाद चुनाव प्रचार की हवा विपक्ष के पक्ष में है. मैं यह कहने से खुद को रोक नहीं सकता कि सत्ताधारी पार्टी की ओर से बहुत सारी निरर्थक चीजें सामने लायी जा रही हैं, लेकिन इस चुनाव अभियान में हवा अब विपक्ष के पक्ष में है.'



शशि थरूर, वरिष्ठ नेता, कांग्रेस

### भाजपा ने कहा-नया भारत किसी से नहीं डरता

आम चुनाव के बीच विपक्षी पार्टी कांग्रेस को घेरने की कोशिश में भाजपा ने केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर को उतारा. उन्होंने कहा कि अय्यर चाहते हैं कि भारत, पाकिस्तान से डरे और उसे सम्मान दे. चंद्रशेखर ने कहा कि 'नया भारत' किसी से नहीं डरता. केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि अय्यर की टिप्पणियों ने कांग्रेस के इरादों, नीतियों और विचारधारा को उजागर कर दिया है. उन्होंने कहा, "राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पाकिस्तान और उसकी धरती पर पनपने वाले आतंकवाद के आगे नतमस्तक हो गई है." भाजपा नेता ने कांग्रेस के कई नेताओं की हालिया टिप्पणियों का हवाला दिया. महाराष्ट्र में नेता प्रतिपक्ष विजय वडेट्टीवार ने कहा था कि आईपीएस अधिकारी हेमंत करकरे की हत्या पाकिस्तानी आतंकवादी अजमल कसाब ने नहीं बल्कि आरएसएस से जुड़े एक पुलिसकर्मी ने की थी. वहीं पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने पुंछ में हाल ही में हुई आतंकी घटना को चुनावी स्टंट बताते हुए खारिज कर दिया था. इस घटना में वायु सेना के अधिकारी की मौत हो गई थी. उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा था कि मुंबई आतंकवादी हमला आरएसएस की साजिश थी.

## किसी भी मंच पर मोदी से डिबेट को तैयार : राहुल

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जस्टिस लोकुर, शाह और पत्रकार एन राम की ओर से पीएम मोदी के साथ डिबेट के न्यौते को स्वीकार कर लिया है. वहीं, उन्होंने ये भी कहा कि वो पीएम मोदी को जानते हैं, वो उनके साथ डिबेट नहीं करेंगे. लखनऊ में एक कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी ने कहा, मैं 100 प्रतिशत किसी भी मंच पर पीएम से जनता के मुद्दों पर डिबेट करने को तैयार हूं, पर मैं उन्हें जानता हूं, वो 100 प्रतिशत मुझसे डिबेट नहीं करेंगे. राहुल गांधी यहीं नहीं रुके उन्होंने आगे कहा कि अगर पीएम मेरे साथ डिबेट नहीं करना चाहते हैं, तो हमारी पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ डिबेट कर सकते हैं. दरअसल, कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी से एक शख्स ने सवाल करते हुए कहा कि जजों ने मोदी और आपकी डिबेट को लेकर एक चिट्ठी लिखी है. उन लोगों ने आपको पीएम मोदी के साथ डिबेट करने के लिए न्यौता दिया है तो क्या आप इसे स्वीकार करते हैं. इस पर राहुल गांधी ने कहा, मैं 100 पर्सेंट किसी से भी डिबेट करने के लिए तैयार हूं. मगर मैं मोदी को जानता हूं, वह मुझसे डिबेट नहीं करेंगे.

## भारत की कई चीजें अमेरिका से भी बेहतर : एरिक गार्सेटी

**वाशिंगटन।** भारत में अमेरिकी राजनयिक एरिक गार्सेटी ने कुछ तबकों द्वारा भारत में लोकतंत्र के बारे में व्यक्त की गई चिंताओं को खारिज कर दिया है. उन्होंने इस बात को लेकर 'सौ फीसद' विश्वास जताया है कि वाशिंगटन, नयी दिल्ली के साथ अपने संबंधों पर भरोसा कर सकता है. उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध 21वीं सदी के निर्णायक संबंधों में से होगा. शीर्ष अमेरिकी थिंक-टैंक 'काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशन्स' द्वारा बृहस्पतिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में गार्सेटी ने कहा कि 'स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के मामले में भारत अगले दस वर्षों में एक जीवंत लोकतंत्र बनने जा रहा है, जो कि वह आज भी है.' कहा, 'कुछ चीजें खराब हैं और कुछ बेहतर हैं. उनका कानून है कि आपको वोट देने के लिए दो किलोमीटर से ज्यादा दूर नहीं जाना पड़ेगा. दूर दराज पहाड़ों में रहने वाला एक व्यक्ति जो वोट देने नहीं आ सकता, उसके वोट के लिए वोटिंग मशीन उसके पास ले जाई जाती है चाहे दो दिन पैदल ही क्यों न चलना पड़े.'

## चुल्लू भर पानी में डूब मरो मीडिया वालों

संजय कुमार सिंह

चुनाव 45 दिन चलेंगे. प्रधानमंत्री चुनावी सभाओं में हिंदू-मुसलमान करेंगे. (पहले भी करते रहे हैं) चुनाव आयोग पार्टी को नोटिस देगा, पार्टी जवाब देने के लिए समय मांगेगी. प्रधानमंत्री मनमानी करते रहेंगे. इस क्रम में यहां तक कह देंगे कि देश के दो नामी और प्रमुख उद्योगपतियों के पास इतनी नकदी थी कि उसे प्रमुख विपक्षी दल के पास टेम्पो से पहुंचाया गया. विपक्षी दल ने जांच की मांग की पर सन्नाटा है. जांच की मांग और संबंधित खबर छापने में भी हिचक है. लेकिन फर्जी खबर आराम से छप गई. जिस रिपोर्ट के आधार पर खबर छपी वह रिपोर्ट गायब हो गई. खबर के स्क्रीन शॉट व्हाट्सऐप्प पर घूमने लगे. सरकार समर्थक समाचार एजेंसी के रिपोर्टर सवाल पूछने लगे. एक से प्रियंका गांधी ने पूछा सवाल कहां आया? जवाब मिला ऑफिस से. किसने भेजा? जवाब जनता ने दे दिया.

**इंदिरा गांधी तानाशाह थीं, इमरजेंसी लगाने का 'पाप' किया था**

यह हालत है. मीडिया और चुनाव आयोग दोनों की निष्पक्षता संदेह के घेरे में है. फिर भी चुनाव हो रहे हैं. इस बीच केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए जमानत मिल गई है. कांग्रेस छोड़ने वाले एक सांसद का ट्वीट है, चुनाव प्रचार में कूदने से पहले अगर उनमें थोड़ी भी नैतिकता बची है तो सर्वप्रथम मुख्यमंत्री पद से इस्तीफ़ा दें. घोटाले का एक अभियुक्त, जेल की सज़ा काट रहा और ज़मानत पर बाहर निकला व्यक्ति संवैधानिक पद पर रह ही नहीं सकता. ये सज्जन पत्रकार रहे हैं भिन्न दलों में रहे हैं. सांसद भी. इन्हें नहीं पता है कि 140 करोड़ की आबादी में पूर्व तड़ीपार को मंत्री बनाने के लिए चुना गया था. जिसपर जज की हत्या की साजिश का आरोप है. राज्यपाल पर यौन उत्पीड़न का आरोप है, लेकिन नैतिकता का पाठ केजरीवाल के लिए, जबकि आज ही खबर छपवाई गई थी ताकि जमानत के लिहाज से माहौल बदला जा सके.

चुल्लू भर पानी में डूब मरो मीडिया वालों. जीने के लिए नौकरी मजबूरी है तो कुछ ढंग का काम ढूंढ़ो. ऐसे अपमानित होकर नौकरी करोगे तो बच्चों को क्या बनाओगे?

**डिस्क्लेमरः लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं और यह उनका निजी विचार है. यह टिप्पणी उनके फेसबुक वॉल से साभार लिया गया है.**

# 'इंडिया' गठबंधन में शामिल पार्टियां भ्रष्टाचार में डूबी हुई हैं: जेपी नड्डा

- विपक्षी दलों पर वंशवाद की राजनीति को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया

एजेंसी। चंडीगढ़



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रमुख जे.पी. नड्डा ने शुक्रवार को 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधते हुए उसे "भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा" करार दिया और लोगों से कहा कि वे भाजपा को वोट दें ताकि देश प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ता रहे. हरियाणा के पंचकूला में एक रोडशो में नड्डा ने विपक्षी दलों पर वंशवाद की राजनीति को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया. नड्डा ने अंबाला से भाजपा के उम्मीदवार बंतो कटारिया के पक्ष में रोडशो करते हुए कहा,"मोदीजी कहते हैं कि भ्रष्टाचार मिटाओ, वे (विपक्षी दल) कहते हैं कि भ्रष्टाचार बचाओ और उन्हें फलने-फूलने दो."

नड्डा ने कहा, "कांग्रेस घोटालों की पार्टी है या नहीं. लालू (यादव) की पार्टी घोटाला करने वाली पार्टी है या नहीं. ममता (बनर्जी) ने घोटाले किये हैं या नहीं? द्रमुक का स्टालिन परिवार घोटाले में शामिल था या नहीं? के. कविता ने घोटाला किया है या नहीं? तो सारे भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है." उन्होंने विपक्षी दलों पर वंशवाद की राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि उन्हें लोगों की कोई चिंता नहीं है. नड्डा ने कहा, "फारूक अब्दुल्ला चाहते हैं कि उनका बेटा उमर मुख्यमंत्री बने. जब (पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह) बादल साहब वहां (जीवित) थे तो वह अपने बेटे सुखबीर (बादल) के लिए प्रयास करने में व्यस्त थे. चौटाला परिवार ने भी यही कोशिश की." उन्होंने कहा, 'हर जगह आप एक ही चीज देखते हैं. मुलायम (सिंह यादव) के बाद, अखिलेश आए हैं.'

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- हमारे नेताओं के भाषणों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं भाजपाई

# तीसरे चरण के बाद चिंतित हैं प्रधानमंत्री : खरगे

एजेंसी। हैदराबाद



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर शुक्रवार को निशाना साधा और कहा कि मोदी और उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगी अमित शाह लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के बाद से 'चिंतित' हैं और उन्होंने कांग्रेस पार्टी को गालियां देनी शुरू कर दी हैं. खरगे ने यहां संवाददाताओं से भाजपा नेताओं के संदर्भ में कहा कि 'विकास' के नाम पर वोट मांगने के बजाए वे कांग्रेस के नेताओं को गालियां दे रहे हैं और उसके (कांग्रेस) नेताओं के भाषणों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं. उन्होंने भाजपा पर हमला तेज करते हुए कहा, 'अगर कांग्रेस को 'अडानी और अंबानी' से भारी मात्रा में पैसा मिल रहा है तो प्रधानमंत्री मोदी क्या कर रहे हैं?' खरगे ने कहा, 'तीन चरण के मतदान के बाद मोदी और शाह चिंतित हो गए हैं. उन्होंने अपने घोषणापत्र के बारे में बात करना बंद कर दिया और केवल कांग्रेस को गाली दे रहे हैं.' खरगे ने कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को 'एम' अक्षर से शुरू होने वाले शब्दों- मंगलसूत्र, मटन और मुगलों से बहुत प्यार है.

### मतदान प्रतिशत पर खरगे की चिट्ठी पूर्वाग्रहयुक्त विमर्श को आगे बढ़ाने की कोशिशः चुनाव आयोग

**नयी दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को मतदान आंकड़ों पर विपक्षी नेताओं को कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा लिखे गए पत्र पर कड़ी आपत्ति जताई और इसे स्पष्टीकरण मांगने की आड़ में "पक्षपातपूर्ण विमर्श को आगे बढ़ाने" का प्रयास बताया. अनुलग्नकों के साथ पांच पन्नों के जवाब में निर्वाचन आयोग ने मतदान आंकड़ा जारी करने में कुप्रबंधन और देरी के आरोपों को खारिज कर दिया तथा खरगे के आरोपों को "अनुचित", "तथ्यहीन" और "भ्रम फैलाने के पक्षपातपूर्ण और जानबूझकर किए गए प्रयास को प्रतिबिंबित करने वाला" करार दिया. आयोग ने खरगे के उस बयान की निंदा की जिसमें उन्होंने आश्चर्य जताया था कि क्या मतदान प्रतिशत आंकड़ा जारी करने में देरी "अंतिम परिणामों में हेरफेर करने का प्रयास" है. निर्वाचन आयोग ने कहा कि उसे मौजूदा चुनावी प्रक्रिया के बीच में सार्वजनिक रूप से जारी किया गया खरगे का पत्र "बेहद अवांछनीय" लगा और इसे सुचारू, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के संचालन में भ्रम, गलत दिशा और बाधा पैदा करने के लिए तैयार किया गया था.

परेशानी | कंपनी ने शुक्रवार को 75 उड़ानें रद्द कीं, आज 45-50 उड़ानें रद्द होने की आशंका

# एयर इंडिया का परिचालन कल तक सामान्य होने की उम्मीद

एजेंसी। मुंबई/ नयी दिल्ली



एयर इंडिया एक्सप्रेस ने शुक्रवार को चालक दल के सदस्यों की कमी के कारण लगभग 75 उड़ानें रद्द कर दीं. कंपनी को रविवार तक परिचालन सामान्य होने की उम्मीद है. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. एयरलाइन में कथित कुप्रबंधन और कर्मचारियों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार के विरोध में चालक दल के सदस्यों के एक समूह ने हड़ताल की थी. हालांकि उन्होंने मंगलवार रात हड़ताल वापस लेने की घोषणा कर दी थी. इसके साथ, एयरलाइन प्रबंधन ने भी चालक दल के 25 सदस्यों की बर्खास्तगी का पत्र वापस ले लिया. हड़ताल के कारण टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन को मंगलवार रात से ही करीब 250 उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं. एयरलाइन के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि उड़ानें रद्द होने और यात्रियों को क्षतिपूर्ति के कारण लगभग 30 करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान होने का अनुमान है. उन्होंने कहा कि हालात सामान्य न होने से शुक्रवार को भी करीब 75 उड़ानें रद्द की गई हैं. हालांकि यह संख्या बृहस्पतिवार को रद्द की गई उड़ानों की संख्या से कम है. अधिकारी ने कहा कि शनिवार को भी 45-50 उड़ानें रद्द होने की आशंका है. एयरलाइन ने बृहस्पतिवार को दोपहर को कहा कि उसने 85 उड़ानें या कुल दैनिक क्षमता का लगभग 23 प्रतिशत रद्द कर दिया है.

### प्रतिदिन लगभग 380 उड़ानों का होता है संचालन

टाटा समूह की एयरलाइन प्रतिदिन लगभग 380 उड़ानें संचालित करती हैं. हड़ताल के मद्देनजर व्यवधानों को कम करने के प्रयासों के तहत परिचालन में कटौती की गयी. मंगलवार रात से, एयरलाइन ने 260 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी हैं. एयरलाइन औसतन प्रतिदिन 120 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें और 260 घरेलू सेवाएं संचालित करती हैं. एक अन्य अधिकारी ने कहा कि अगले दो दिनों में स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है. चालक दल के जो सदस्य हड़ताल पर थे, वे अब काम पर लौट रहे हैं.

## बेंगलुरू में भारी बारिश से विमान सेवाएं बाधित

**बेंगलुरु।** केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि रात भर हुई भारी बारिश के कारण बेंगलुरु में विमान सेवाएं बाधित हो गईं. उ अंतरराष्ट्रीय यात्री विमानों सहित कई उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया है. बीआईएएल के एक अधिकारी ने एक बयान में कहा, 'रात नौ बज कर 35 मिनट से दस बज कर 29 मिनट के बीच हवाई अड्डे पर विमान उतर नहीं पाए, जिसके कारण कई उड़ानों का मार्ग परिवर्तित करना पड़ा.' बृहस्पतिवार को 13 घरेलू उड़ानें, तीन अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ानें और एक अंतरराष्ट्रीय मालवाहक उड़ान का मार्ग परिवर्तित किया गया.

## केदारनाथ और यमुनोत्री के कपाट खुले, चारधाम यात्रा आरंभ



केदारनाथ और यमुनोत्री के कपाट छह माह बंद रहने के बाद शुक्रवार को अक्षय तृतीया के पर्व पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए और इसी के साथ इस वर्ष की चारधाम यात्रा आरंभ हो गई. दोनों धामों के कपाट सुबह सात बजे खुले और इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे. वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह एक ऐसी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक यात्रा है जिससे लोगों की आस्था और भक्ति को नई स्फूर्ति मिलती है.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)